चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 242, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 16

गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी 2

# कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान

## कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर : मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। हालांकि मोदी ने इस बार यह वितरण मुसलमानों के बीच किये जाने की बात नहीं कही। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी।



- देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस

## प्रधानमंत्री के झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक (उच्चतम स्तर) है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई-नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस नेता ने कहा मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। कहा कि 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती आ रही है। इससे अजा और अनुसूचित जनजाति की आबादी का वास्तविक आंकड़ा सामने आता है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक यह किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं।



- भाजपा बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा

## चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। सिंघवी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया।

सीयूईटी-स्नातक नेट

## खत्म होगा अंकों का सामान्यीकरण

**नई दिल्ली।** संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का सामान्यीकरण समाप्त कर दिया जाएगा। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने कहा कि इस साल अंकों के सामान्यीकरण की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि किसी विषय की दोनों परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। सामान्यीकरण एक छात्र के अंक को इस तरह से संशोधित करने की एक प्रक्रिया है कि वह दूसरे के अंक के साथ तुलनीय हो जाए। यह तब आवश्यक हो जाता है जब एक ही विषय की परीक्षा कई सत्रों में आयोजित की जाती है, प्रत्येक सत्र में अलग-अलग प्रश्नपत्र होते हैं। छात्र परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर अनुचित रूप से प्रभाव डालने वाले अंकों के सामान्यीकरण के बारे में चिंता जता रहे थे। कुमार ने कहा कि पहले, हमें यथासंभव छात्रों को पहली पसंद का केंद्र प्रदान करने के प्रयास में एक ही विषय के लिए दो या तीन दिनों में परीक्षा आयोजित करनी पड़ती थी।

40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा

## गुकेश के मोहरों ने चली खिताबी चाल

टोरंटो, एजेंसी

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए।



- कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने

> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। – प्रधानमंत्री

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक व मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है। गर्भ का एमटीपी के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला



- कहा, ये असाधारण मामला, डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने को कहा

## नईमा खातून एएमयू की पहली महिला कुलपति

**नई दिल्ली।** नईमा खातून को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त किया गया है और वह 100 साल में इस पद को संभालने वाली पहली महिला होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दी है। राष्ट्रपति विवि की विजिटर भी हैं। आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग से मंजूरी मांगी गई थी। वीमन्स कॉलेज की प्राचार्य नईमा खातून को पांच साल की अवधि के लिए कुलपति बनाया गया है।

## सपा ने कन्नौज से तेज प्रताप को मैदान में उतारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लालू यादव के दामाद हैं तेज प्रताप व बलिया से सनातन को उतारा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज और बलिया सीट के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कन्नौज सीट से लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव जबकि बलिया सीट पर सनातन पांडे को चुनाव मैदान में उतारा है।

सपा का गढ़ समझी जाने वाली कन्नौज सीट को लेकर अभी तक चर्चा थी कि यहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्वयं चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप ने 2014 में मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था व सपा को जीत दिलाई थी। इस बार यहां से डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। वहीं, बलिया सीट पर सपा ने एक बार फिर सनातन पांडे पर अपना भरोसा जताया है।

## केजरीवाल की जमानत के लिए पहुंचा विधि छात्र, हाईकोर्ट ने लगाया 75 हजार जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा।



- नाराज कोर्ट ने पूछा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज की कक्षा में जाता है

## हादसे में पत्नी की मौत से दुखी पति ने की आत्महत्या

हरदोई

- तीन महीने पहले ही हुई थी दोनों की शादी

**अमृत विचार:** लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्युटी करने जा रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों ने बताया कि दोनों का विवाह तीन माह पूर्व ही हुआ था।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था। मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं।उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी व कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। जिसे बाद में थाना सुरसा के पुलिसकर्मियों ने हटवाया। वहीं,

मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचें।सड़क पर पत्नी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया।एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उचित कार्यवाही की जा रही है।

## रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह का निधन

**अमृत विचार, बाराबंकी:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद रामनगर (धमेड़ी) स्टेट के राजा रत्नाकर सिंह का सोमवार को निधन हो गया। 61 वर्षीय रत्नाकर सिंह लगभग एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। दिग्विजय सिंह की बड़ी बेटी मृणालिनी से राजा रत्नाकर सिंह का विवाह हुआ था। पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि रामनगर में ही की गयी। इसमें कई राज्यों के जाने-माने नेता और कई राजघरानों के सदस्य पहुंचे। इनमें कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप आदि शामिल थे।

## सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

अमृत विचार नेटवर्क, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद्द होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है और मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया है।

सूरत में नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल थी और आज नाम वापसी का दिन था। यहां पर 11 उम्मीदवारों में नामांकन पत्र भरा था। लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश के प्रस्तावकों ने नामांकन पत्र पर अपने हस्ताक्षर होने से इनकार कर दिया है। उसके बाद डमी उम्मीदवार के नामांकन में भी खामियां पाई गई और दोनों नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए।





## आज का मुकाबला

चेन्नई बनाम लखनऊ

समय : शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |

# हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास



अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

### बहुत खुश हूं इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

# अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी



- भारत के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट शृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

## खेल डायरी

### भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

**मुंबई।** स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5 .0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3 .5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5 .0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5 .0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5 .0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

### सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

**मोनाको।** तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

### भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

### रमित टंडन व एल गोयूना स्क्वाश टूर्नामेंट में हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतर्राष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया था।

# तिलक के अर्धशतक से संभली मुंबई

## राजस्थान रॉयल्स को दिया 180 का लक्ष्य, संदीप ने झटके पांच विकेट, वढेरा अर्धशतक से चूके

जयपुर, एजेंसी

तिलक वर्मा के अर्धशतक और निहाल वढेरा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 179 रन बनाए।

वर्मा ने 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेलने के अलावा वढेरा (49) के साथ पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़कर टीम को खराब शुरुआत से उबरा जो 52 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (06) और इशान किशन (00) के विकेट गंवा दिए।

ट्रेंट बोल्ट के पारी के पहले ओवर में ही बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित गेंद को हवा में लहरा गए और विकेटकीपर संजू सैमसन ने आसान कैच लपका। अगले ओवर में संदीप शर्मा ने इशान को कप्तान सैमसन के हाथों कैच कराके मुंबई को दूसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव (10) ने बोल्ट पर दो चौके मारे लेकिन संदीप की गेंद को मिड ऑन पर रोवमैन पावेल के हाथों में खेल गए। मोहम्मद नबी (23) ने आवेश खान की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाए जिससे टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। युजवेंद्र चहल नबी को अपनी ही गेंद पर लपककर आईपीएल में 200 विकेट के आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने और मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 52 रन किया।

वर्मा ने रविचंद्रन अश्विन पर छक्का और आवेश पर चौका मारा जबकि निहाल वढेरा ने चहल की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। वढेरा ने अश्विन की गेंद पर दो रन के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर आवेश पर दो छक्कों के साथ उनके ओवर में 19 रन बटोरे।

वर्मा ने चहल पर छक्के के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि वढेरा ने भी इसी ओवर में लगातार दो छक्के मारकर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। वढेरा हालांकि अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर संदीप को आसान कैच दे बैठे। कप्तान हार्दिक पंड्या 10 गेंद में 10 रन बनाने के बाद आवेश की गेंद पर पगबाधा हुए। वर्मा ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप की पहली गेंद पर पावेल को कैच थमाया। संदीप ने इसके बाद गेराल्ड कोएट्जी (00) और टिम डेविड (03) को आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए।



रोहित का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते ट्रेंट बोल्ट। ● एजेंसी

### मुंबई 179/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 6 | 5 | 1/0 |
| इशान किशन का सैमसन बो संदीप | 0 | 3 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप | 10 | 8 | 2/0 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 | 45 | 5/3 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 | 17 | 2/1 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 | 24 | 3/4 |
| हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश | 10 | 10 | 1/0 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 3 | 5 | 0/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 2 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल



**बर्लिन।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

# चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी





- पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

# भाग्यशाली थे कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी



- इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।

### कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।



## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

# अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।



# युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब



**म्यूनिख।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

# मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी



- 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी
- 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिजोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### घर से निकला किशोर हो गया लापता

**रूरा।** हसनापुर का रहने वाला एक 17 वर्षीय किशोर अपने घर से कही लापता हो गया। हसनापुर को रहने वाली सपना ने बताया की उसका 17 वर्षीय पुत्र विशाल शनिवार दोपहर घर से कहीं चला गया है। काफी खोजबीन के बाद कोई पता न चल सका है। जिसकी शिकायत थाने में दी है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश की जा रही है।

### बाजार गई बालिका की गुमशुदगी दर्ज

**कानपर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के एक किसान ने बेटी लापता हो जाने की गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई है। तिस्ती चैकी क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय बेटी 19 अप्रैल को घर से बाजार गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं आई पहले रिश्तेदारों के यहां पता किया गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। युवती के पिता ने अनहोनी होने की आशंका को लेकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामला दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# बदला मौसम का मिजाज, लू के थपेड़े चलने से बाजारों में पसरा सन्नाटा

## स्कूल से लौटते समय बेहाल नजर आए बच्चे, गर्मी ने ली बुजुर्ग महिला की जान

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज हर दिन बदल रहा है। सोमवार को निकली चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल नजर आए। तेज धूप के कारण इन दिनों दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। इस समय आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी से आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सोमवार को तेज गर्म हवाएँ चलने से सडकों पर आवाजाही कम रही और बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। दोपहर के समय स्कूल की छुट्टी होने स्कूली बच्चे धूप से बचाव करते नजर आये।



पुलिस चौकी में लगे फ्रीजर से पानी पीकर प्यास बुझाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

यकायक गर्मी बढने से वृद्ध, युवा, बच्चें परेशान नजर आये। एसी कूलर पंखे खरीदने के लिए लोग इलैक्ट्रिक दुकानों में पहुँच रहे हैं। उधर तेज धूप व लपट ने भी लोगों को खासा परेशान करना शुरू कर दिया है।

लोगों का कहना है कि अप्रैल महीने में ही जून की गर्मी का एहसास होने लगा है। राजपुर पीएचसी के चिकित्सका प्रभारी डॉ अरुणेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि गर्मी के मौसम में खानपान में सावधानी बरतना बेहद जरुरी है। बासी भोजन से परहेज करें। शीतल पेय और वर्फ से बनी ठंडी चीजों से सेवन से बचाव करें।

### भीषण गर्मी में तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

- शिवली कोतवाली के बगुलाही गांव की सूरजमुखी देवी (75) रविवार को चौबेपुर एक रिश्तेदारी में गई थी। सुबह करीब नौ बजे चैबेपुर से शिवली टेंपो से पहुंची। और झोला लेकर बस अड्डे की तरफ चली। बाजार गेट के समीप एकाएक लड़खड़ा गई। समीप के ठिलिया दुकानदारों ने उन्हें छाया में बिठाकर पानी मुंह में डाला। तब तक उनकी मौत हो गई। लड़के ध्रुव ने कहा कि पता नहीं था। कि इस तरह अम्मा की मौत हो जाएगी। पति शंकर भी बुजुर्ग है। इधर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। कस्बा इंचार्ज अरविंद तिवारी ने बताया कि महिला के मरने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। परिजन भी आ गए थे। सामान्य मौत पर परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### हीट वेव के बाबत दी गई जानकारी

**कानुपर देहात।** गर्मी के मौसम में बहनें वाली हीट वेव (लू) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव हेतु एडीएम केशव नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें गर्मी से बचने के उपाय बताये गए एडीएम ने बताया कि रेडियों, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। साथ ही पर्याप्त एवं नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेंशा रखें। स्वयं को हाइड्रेड रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल पानी, लस्सी, माड़ (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ, आम का पन्ना आदि पेय पदार्थ का इस्तेमाल करें। हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। यदि कोई वृद्ध पुरुष-महिला गर्मी से बेचैनी या तनाव महसूस कर रहे है तो उन्हे ठंडक देने का प्रयास करें। शिशुओं को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ एवं पानी पिलाएं। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियां न करें। दोपहर में खाना पकाने से बचें, शराब, चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने से बचें।

# अच्छे परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा अमरौधा के श्रीबृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने बताया कि हाई स्कूल की परिषदीय परीक्षा में शामिल हुए छात्र गुलशन गौतम ने 94.12, कृष्ण यादव ने 85.5, विभा पाल ने 85.33, शांतनु ने 83 और पारुल प्रजापति ने 81 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। छात्रों को मुंह मीठा करा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक विनीत कुमार बाजपेई, पुष्पेंद्र कुमार पांडेय, नंदलाल, गंभीर सिंह, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, रामबाबू गौतम, शारिक अली एवं दीप्ति पुरवार ने छात्र-छात्राओं को माला पहनकर सम्मानित किया।

### स्कूल का नाम रोशन किया

- डेरापुर तहसील क्षेत्र के श्री कृष्ण आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज डेरापुर कानपुर देहात जहां इंटरमीडिएट में नसीम अहमद 94, विशाल शर्मा 92, पुष्पेंद्र 91, शाहिबे आलम 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में अवंतिका सिंह 88, साधना यादव 87 .33, तान्या सक्सेना 87 फीसदी अंक लाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। श्रीकृष्णा आदर्श इंटर कॉलेज उदनापुर के प्रबंधक उर्वेश यादव व स्कूल के मास्टर ने बच्चों के घर-घर जाकर माला पहनकर व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इसी तरह रसूलाबाद में भी शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर रहे आदर्श आरएएस इंटर कॉलेज के बच्चों ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में धूम मचा दी है। कॉलेज के मेधावी बच्चों का प्रधानाचार्य आरपी सविता ने माला पहनाकर उत्साहवर्धन किया।

# जर्जर हो गई खोजा रामपुर-सरैनी पुल की सड़क

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** बीहड़ पटटी के खोजा रामपुर से सरैनी पुल जाने वाली सड़क खस्ताहाल होने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बीहड़ क्षेत्र के 20 गांव के लोग इस सड़क से जालौन जनपद के यात्रा करते हैं। डामरीकृत सड़क पांच बर्षो से खस्ताहाल है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अफसरों व जनप्रतिनिधियों से कई बार सड़क मरम्मत की गुहार लगाई। उसके बावजूद जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

बीहड़ पटटी के दमनपुर गांव से खोजा रामपुर गांव जाने वाली पांच किलोमीटर लंबी सड़क 20 बर्ष पहले पीडब्ल्यूडी ने बनाई थी। सड़क की मरम्मत न होने से 5 बर्ष पहले सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई। पिछले बर्ष सरकार ने बीहड़ पटटी के लोगों को जालौन जनपद जाने के लिए खोजा रामपुर गांव के पास यमुना नदी में सरैनी पुल का संचालन शुरू कर दिया। हालांकि खोजा रामपुर गांव से सरैनी पुल जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं कराई। ऐसे में सीमावर्ती जनपद जालौन जाने वाले राहगीरों को मुसीबत उठानी पड रही है। खस्ताहाल सड़क की वजह से अनवा, बेहमई, गौरीरतन बांगर, अनवा, बकसौंधी, बिजहरा समेत लगभग 20 गांव के लोगों को औरैया और भोगनीपुर के रास्ते 20 किलोमीटर दूरी अधिक तय कर सफर करना पड रहा है।



खोजा रामपुर से सरैनी पुल जाने वाली सड़क की ये है हालत। अमृत विचार

- अफसरों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद सड़क की नहीं हुई मरम्मत

बकसौंधी के अश्वनी दीक्षित, आशीष कुमार, दमनपुर के सोबरन सिंह, कुवंर सिंह,सनवेद सिंह, दिग्विजय सिंह ने बताया कि खोजा रामपुर से सरैनी पुल तक सड़क पूरी तरह जर्जर है। बोल्डर उखड़ने से जगह जगह गडढे हो गये हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन फिसलकर गिरने से आये दिन दुर्घटनाए हो रही है। पीडब्ल्यूडी के जेई विजय भारत सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए शासन को पत्राचार किया गया है। जिसमें बजट की मांग की गई है। आचार संहिता खत्म होने के बाद बजट मिलने पर सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

# सड़क हादसों में बच्चे समेत चार लोग घायल

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में एक बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। दो घायलों की हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर ने हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

औरैया के दिबियापुर निवासी अवधेश कुमार 38 रविवार रात सड़क हादसे में घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए सीएचसी ले गई । वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। जबकि हरदोई के बिलग्राम निवासी रामलड़ैते अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया । इसी प्रकार ज्योड़ी पहाडीपुर निवासी प्रदीप 26 बड़े भाई संदीप की पत्नी व बेटा आरुष 3 के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान बाइक से गिरने के कारण घायल हो गए। परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

- **रनियां।** थाना क्षेत्र के विसायकपुर चैराहे के पास नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटर साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के नौबस्ता निवासी राघवेंद्र सिंह एक दवा कंपनी में बतौर में एमआर कार्यरत हैं। सोमवार को वो मोटर साईकिल कानपुर से अकबरपुर गए हुए थे वहां से दोपहर समय अपने घर वापस कानपुर लौट रहे थे। लौटते समय विसयकपुर के पास मार्ग दुर्घटना में वो घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए कानपुर ले गए। एसओ रनियां महेंद्र पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



मतदान को लेकर एसडीएम व सीओ ने लगाई चैपाल। अमृत विचार

### चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**संदलपुर।** डेरापुर तहसील क्षेत्र के चिलौली गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे उपजिलाधिकारी डेरापुर भूमिका यादव तथा क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय ने ग्रामीणों की उपस्थित में पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। वहीं में आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में चौपाल लगाकर स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय ने कहा कि अराजक व शरारती तत्वों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। जिस दौरान थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह मय पुलिस बल के मौजूद रहे।




अपनी-अपनी पेंटिग के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा

**संदलपुर।** डेरापुर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत इन्जुआ रामपुर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर महाराणा प्रताप युवा मंडल ने पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमे साहिल, चांदनी, साक्षी मिश्रा, दीक्षा, मानसी, स्वाति सिंह, राज गौतम, फैजान, मयंक, कुंदन आदि ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए 1970 में 150 देशों ने सबसे पहले इस दिवस को मनाया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी पर फैलने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए जागरूक करना है। इस मौके पर लोगों से प्रदूषण कम करने के लिए अपील की गई। राज्य यूथ पुरस्कार विजेता महिला मंडल अध्यक्षा अनामिका तिवारी ने इस अवसर पर पृथ्वी पर मिलने वाले उपहार जल मृदा वायु वन आदि बचाने की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत सहायक जगदीश सिंह गरिमा सिंह साक्षी आदि उपस्थित रहीं।

### मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कानुपर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदान दिवस पर अवकाश घोषित किये जाने के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह न सोमवार को सभागार में बैठक आयोजित कर बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान दिवस 13 मई सोमवार को निर्धारित किया गया है। तथा जालौन गरौठा लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले विधान सभा क्षेत्र भोगनीपुर का मतदान दिवस 20 सोमवार को निर्धारित किया गया है। इस दिन किसी भी तरह के व्यवसायिक, औद्योगिक प्रतिष्ठान नही खुलेंगे। इस दिन जनपद में अवकाश रहेगा।

# पत्नी को चाकू मारने में सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पत्नी की चाकुओं से गोद कर हत्या का प्रयास करने वाले पति को एडीजे 12 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाई।

वादी राकेश कुमार झा ने बताया कि उनकी बहन सरिता सिंह ने स्वरूप नगर, घंटाघर निवासी कैलाश उर्फ पप्पू सिंह से प्रेम विवाह किया था। पति से अनबन होने के कारण सरिता पिछले तीन साल से दो बेटियों के साथ अलग बर्रा दो में रह रही थी। सरिता स्वरूप नगर स्थित एक बुटीक में काम करती थी। बुटीक के पास ही देवर नरेंद्र सिंह का ऑफिस था, नरेंद्र रोज सरिता को घर छोड़ता था। तीन दिसंबर 2017 शाम करीब छह बजे नरेंद्र सरिता को लेकर घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान घर के बाहर बैठे पति कैलाश ने सरिता पर चाकू से प्रहार कर दिया। सात बार उस पर हमला किया था। चार दिसंबर को राकेश ने आरोपी के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि कोर्ट ने कैलाश को सात साल की सजा व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

- एडीजे 12 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 25 हजार अर्थदंड

# जमीन के विवाद में वृद्ध दंपति को पीटा एफआईआर दर्ज

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के पूरनपुरवा गांव निवासी वृद्ध दंपति को पड़ोसियों ने जमीनी विवाद को लेकर मारा पीटा, मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की।

पूरनपुरवा गांव निवासी शिवराम कठेरिया ने दर्ज करायी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पड़ोसी गिरजा शंकर, उमाशंकर, विवेक व एक अज्ञात व्यक्ति उनके मकान के सहन मे जबरन शौचालय बनवा रहा था।

विरोध करने पर उसे तथा पत्नी नन्ही व बेटा अजीत को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# बिना सूचना पशु अस्पताल का गेट बंद

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** कस्बे में रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जा रहे है। रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के चलते सोमवार को रेलवे क्रॉसिंग के पास बने पशु चिकित्सालय के सामने से रेलवे द्वारा रास्ता पूर्णतया सील कर दिया गया जिससे अस्पताल में पशु पालकों को जाने में रोक लग गई है।

कस्बे में आरओबी का निर्माण जून 2020 में बनना शुरू हुआ था और दिसंबर 2021 में कार्य पूर्ण भी होना था। लेकिन रेलवे की क्रॉसिंग बीच में पड़ने की वजह से काम में देरी हो गई बनाए जा रहे ओवर ब्रिज निर्माण के चलते करीब आठ माह बीत चुके है।लेकिन अभी तक निर्माण पूर्ण न होने के चलते रेलवे द्वारा क्रॉसिंग पर लोहे के बड़े बड़े लोहे के गार्डर लांचिंग रख के रास्ता बंद कर दिया गया है।रेलवे द्वारा कस्बे में बने पशु चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने रास्ते में गार्डर रख कर रास्ता सील कर दिया है।



रेलवे द्वारा बंद किया गया रास्ता। अमृत विचार

इस संबंध में पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ आईए सिद्दीकी ने बताया की अधिकारियो को सूचना दिए बगैर राजकीय पशु अस्पताल का मेन गेट पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। जिससे आसपास गांवों के पशु पालकों को बहुत बड़ी समस्या होगी। काफी दूर-दूर से लोग यहां अपने पशुओं का इलाज कराने आते हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय से करीब 59 ग्राम पंचायतो के लगभग डेढ़ सौ गांव के किसानों को इस समस्या का सामना करना पड़ेगा।

## चुनावी चक-चक

### गांवो में हो रही चुनाव की चर्चा, लोगों ने कहा ट्रैफिक एक बड़ी समस्या

# सांसद ऐसा हो जो करे क्षेत्र का चौमुखी विकास

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर नगर से लेकर गाँवों तक लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इधर प्रत्याशी भी मतदाताओं की नब्ज टटोलने में लगे हैं। सभी दल के प्रत्याशी मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ बनाने में जुटे हैं। अमृत विचार ने सोमवार को राजपुर के बैलाही बाजार में मतदाताओं का मन टटोला तो उन्होने बताया कि उनकी एक ही आस है। क्षेत्र का चौमुखी विकास हो

ग्रामीणों का कहना है कि बीहड़ पट्टी के लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलें। बच्चों को बेहतर शिक्षा युवाओं को रोजगार मिले और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो। राजपुर के शाहरुख खान बोले कि राजपुर- भोगनीपुर सड़क मार्ग पर लगातार हादसे बढ रहे हैं। कस्बे में ट्रैफिक सिपाहियों को तैनात किया जाए जिससे लोग ट्रैफिक नियमों के अनुसार यात्रा करे और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे। पटेल नगर के मोहम्मद वसी ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या आधार कार्ड बनने और उनमें संसोधन कराने की है। नए नियमों के तहत लोगों को आधार कार्ड और आयुष्यमान कार्ड बनवाने के लिए ब्लॉक पीएचसी और डाकघरों के चक्कर लगाने पडते है। नगर पंचायत के अधिकारी ब्लॉक और अस्पताल जाने की सलाह देते हैं। तो वही अस्पताल के अफसर नगर के चक्कर कटवाते है। दस्तावेजों में सुधार बड़ा मुद्दा है। इससे आमजन को सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



राजपुर के बैलाही बाजार में चुनावी चर्चा करते मतदाता। अमृत विचार

वही कन्हैया नगर के विशाल का कहना है। कि इटावा लोकसभा की सबसे बड़ी विधानसभा सिकन्दरा में अगर उद्योग स्थापित किए जाये तो युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेगें। आबादी का एक बड़ा हिस्सा दिल्ली, गुजरात, नोयडा, हरियाणा, जयपुर, गाजियाबाद में प्राइवेट नौकरियां और मजदूरी के लिए परिवार को अकेला छोडकर बाहर रहते हैं ऐसे लोगों को जिले स्तर पर रोजगार मिले तो बेहतर होगा।

लोहिया नगर के अमित का कहना है। कि इस बार ऐसा जनप्रतिनिधि चुनेगे जो क्षेत्र का विकास कराये और लोगों को रोजदार दिलाए।

# शादी का झांसा देकर 10 साल तक बनाए संबंध

**रूरा।** थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवक ने मुंबई में साथ ने काम करने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर दस साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। साथ ही घर बनवाने के नाम पर तीन लाख रुपये भी लेकर गांव भाग गया। मामले की शिकायत करने महिला मुंबई से थाना रूरा आई।

सठिया नगर मुंबई की रहने वाली युवती शकीला सेख ने थाना क्षेत्र के मल्लहनपुरवा के रहने वाले मनोज निषाद युवती के साथ मुंबई में लगभग नौ दस साल से रह रहा था और शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। एक माह पूर्व महिला से घर बनवा कर शादी करने के नाम पर तीन लाख रुपए लेकर अपने गांव गया। जब महिला का युवक ने फोन उठाना बंद कर दिया तो पीड़ित महिला सोमवार को थाने पहुंची।

# वाहनों का प्रदूषण कम करने पर शोध करेगा कानपुर आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी वाहनों के प्रदूषण को कम करने पर शोध करेगा। इसके लिए संस्थान का नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स के साथ सोमवार को समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत शोधार्थियो की नई पीढ़ी को भी विकसित करने का कार्य किया जाएगा।

एमओयू में नैट्रैक्स के निदेशक डॉ. मनीष जयसवाल और आईआईटी कानपुर के अनुसंधान और विकास के डीन प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत ऑटोमोटिव अनुसंधान के क्षेत्र, विशेष रूप से वाहन उत्सर्जन के क्षेत्र में बदलाव पर शोध किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उत्सर्जन मानदंडों पर काम करना भी है।

- नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स के साथ हुआ समझौता

विशेष रूप से नवीनतम ईयू मानकों और भविष्य में उद्योग में उपयोग किए जाने वाले नए समाधान बनाने के लिए ज्ञान साझाकरण की दिशा में काम किया जाएगा। आईआईटी कानपुर के आरएंडडी डीन प्रो. तरुण गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ और अधिक टिकाऊ परिवहन समाधानों के लिए वाहन उत्सर्जन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिस पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। इससे भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और ऑटोमोटिव इंजीनियरों और शोधकर्ताओं की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए सशक्त बनाने में भी मदद मिलेगी। नैट्रैक्स के निदेशक डॉ. मनीष जयसवाल ने कहा कि यह सहयोग ऐसी प्रौद्योगिकियों और प्लेटफार्मों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा जो किसी भी ऑटोमोटिव वाहन के डिजाइन और रियल टाइम टेस्ट विश्लेषण में उद्योग की सहायता कर सकते हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# नेशनल हाईवे के पास प्राइवेट बस की टक्कर से दुकानदार की मौत

## घर से दुकान जाने को निकला था बाइकसवार, कोडारपुर मोड़ के पास हुआ हादसा

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** रोज की तरह घर से दुकान जाने के लिए निकला एक बाइकसवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। प्राइवेट बस की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



विमलेश।

थाना क्षेत्र के हासिमपुर भेदपुर मजरे रामपुर गांव निवासी विमलेश पुत्र राजेंद्र लोधी आंबापुर कस्बे में जनरल स्टोर की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार की सुबह वह दुकान खोलने के लिए अपने घर से निकल ही रहा था। जैसे ही उसरैना नेशनल हाइवे के पास पहुंचा तो कोडारपुर मोड़ के पास पीछे से आ रही प्राइवेट बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि हादसा कर भागी बस की तलाश की जा रही है।

● **हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार**




### अन्य सड़क हादसों में दस लोग घायल

**बिंदकी।** क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में दस लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के बिंदकी खजुहा मार्ग में रामपाल बिटाना देवी महाविद्यालय के पास सोमवार सुबह अनियंत्रित कार खंदक में जा घुसी। हादसे में कार सवार तारा पत्नी दिनेश, रितिका ओमर पत्नी रितेंद्र कुमार, रितेंद्र पुत्र रमेश मंजू देवी और पत्नी अमित चंद्र पुत्र राम दयाल, दिनेश चंद्र निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा बिंदकी और चालक रामकरण निवासी छिपहटी बिंदकी घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया कि कार सवार लोग झांसी से एक मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी तरह बिंदकी खजुहा मार्ग में ही राजकीय पॉलिटेक्निक के पास सुबह स्कूटर व बाइक में हुई टक्कर से रिटायर्ड अमीन राम विशाल शुक्ला निवासी मोहल्ला नजाही बाजार बिंदकी, विजय शंकर अवस्थी, आशीष निवासी घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताया गया कि रिटायर्ड अमीन राम विशाल शुक्ला बाइक द्वारा थाना चांदपुर के दपसौरा गांव किसी काम से जा रहे थे।

## राइस मिल में चावल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, बरामदगी

**फतेहपुर।** लखनऊ रोड स्थित राइस मिल में 13 अप्रैल की रात हुई 450 कुंतल चावल चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी की है। मामले में पुलिस ने उनके पास से 30 क्विंटल चावल की 50 बोरियां बरामद करते हुए बिक्री के रूपये व चार वाहन बरामद किए हैं।

कटरा अब्दुल गनी निवासी बद्री बाबू गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उनकी चौफेरवा में लक्ष्मी राइस मिल से 13 अप्रैल की रात चोरों ने गोदाम में रखी 450 क्विंटल चावल की बोरियां पार कर दिया। सोमवार को पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी हुसेनगंज थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी अभिषेक पटेल और जय प्रकाश को भिटौरा रोड से गिरफ्तार किया गया है। 30 क्विंटल चावल की 50 बोरियां, बिक्री के 32 सौ रुपये और चोरी में प्रयुक्त चार लोडर बरामद किए।

# चुनाव प्रशिक्षण में 18 कार्मिक अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। पहले ही दिन दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 18 कार्मिक गैर हाजिर रहे। जिनके खिलाफ वेतन अवरुद्ध की कार्यवाही की गई है। निर्धारित समय में प्रशिक्षण न प्राप्त करने वाले कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

प्रथम पाली सुबह 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसका प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। सीडीओ ने कहा कि निर्वाचन के प्रपत्रो को बिंदुवार कैसे भरा जाएगा आदि को ध्यानपूर्वक सीख ले। शंका नहीं रहनी चाहिए।




प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

### सही जवाब पर ही होगा प्रशिक्षण पूरा

सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आए कार्मिकों से कहा कि इलेक्शन-2024 क्यूआर कोड को स्कैन कर निर्देश पुस्तिका डाउनलोड कर लें। मूल्यांकन पेपर के सही सवालों का सही सही जवाब देंगे तभी प्रशिक्षण पूर्ण माना जाएगा।

### गैरहाजिर कार्मिकों का वेतन रोका

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली में 880 द्वितीय पाली में 880 कुल 1760 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 07 एवं द्वितीय पाली में 11 अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन बाधित कर दिया गया है। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल तक चलेगा। यदि इस अवधि में अनुपस्थित कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं करते हैं तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम : प्रदेश की टॉपटेन सूची में दोआबा के 22 मेधावी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते शनिवार को जारी हुए यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में शहर के स्कूलों से टॉपर कम जबकि ग्रामीणांचलों के स्कूलों से टापर अधिक निकले। प्रदेश स्तरीय टापटेन सूची में इंटर में 15 तो हाईस्कूल में सात छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। जिसमें अधिकांश मेधावी ग्रामीणांचलों के ही रहे।

प्रदेश की इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में 15 छात्र-छात्राएं हैं। जिसमें 05 छात्र छात्राएं ग्रामीणांचलों में स्थित स्कूलों से हैं। वहीं हाईस्कूल की प्रदेश टॉप टेन सूची में भी 07 छात्राएं शामिल हैं। जिसमें सभी देहात से हैं। हाईस्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम से देहात के स्कूल चमक गए हैं।

इंटरमीडिएट से लेकर हाईस्कूल में सबसे अधिक टापर देने वाला ग्रामीण क्षेत्र का एसएस इंटर कालेज मुस्तफापुर हुसेनगंज रहा। इसके अलावा टॉप टेन में अमौली, खागा, जहानाबाद, धाता के ही स्कूलों से हैं। इससे देहात के स्कूलों और देहात से आने आने वाले छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं।



सफलता पर खुशियां मनाते छात्र व स्टाफ। अमृत विचार



मेधावियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को पहनाई माला

**फतेहपुर।** शहर के सांई सिटी इंटर कॉलेज सांई विहार जयराम नगर का हाई स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत व इंटर का परिणाम 99 फीसदी रहा। हाई स्कूल में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं सरस्वती यादव, राशिका पाल, सेजल मौर्य, वैष्णवी सिंह, अभिनव सिंह पटेल व इंटर में प्रियांशु मिश्रा, ऋषभ कुमार, वैष्णवी सिंह, अंशिका विश्वकर्मा, अंजली पटेल को रोली-टीका व फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने कहा कि मेहनत का फल अवश्य मिलता है। कठिन परिश्रम करने वाले अवश्य अपनी मंजिल को प्राप्त करते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### घर जाकर शिक्षकों ने किया सम्मान

**जाफरगंज।** विकास खंड खजुहा के क़सियापुर निवासी विष्णु दत्त त्रिपाठी एवं माला त्रिपाठी का पुत्र अंश त्रिपाठी गांव में ही सर्वोदय इंटर कॉलेज क़सियापुर में इंटर का छात्र था। मेधावी ने कड़ी मेहनत कर 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य एसबी वर्मा, सहायक अध्यापक आरके सिंह परिहार मेधावी के घर पहुंच कर मुंह मीठा कराया और माला पहना कर उत्साहवर्धन किया।

### पहले ही सत्र में शत-प्रतिशत परिणाम

**असोथर-फतेहपुर।** नगर के असोथर पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल का सत्र पहला रहा। बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम आने पर स्कूल में जश्न मनाया गया। सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा हाईस्कूल परीक्षा में श्रेष्ठतम अंक हासिल करने वाले बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मेधावियों में प्रबल 89 प्रतिशत, गुडिया 87 प्रतिशत, रज्जन 84 प्रतिशत, दिब्या 84 प्रतिशत, खुशी 83 प्रतिशत, पंकज 81 प्रतिशत, प्रशांत 80 फीसदी अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधक आदित्य अग्निहोत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों व शिक्षकों की मेहनत के कारण बच्चों के खूबसूरत भविष्य की रूपरेखा तैयार हुई है। हम सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनीत द्विवेदी, शिक्षक पुष्पराज मौर्य, विकल्प सिंह, रजत तिवारी, नम्रता सिंह, अर्चना तिवारी, काजल सिंह, आस्था, राधा सिंह सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### उत्तीर्ण छात्रों ने विद्यालय में मनाया ज़श्न

**असोथर।** लोकभारती इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज ग्राउंड में सोमवार को जश्न मनाया। मेधावी छात्र छात्राओं को प्रबंधक अर्चना त्रिपाठी एवं वरिष्ठ शिक्षक जनार्दन त्रिपाठी ने फूलमाला पहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### 46 साल की उम्र में तरन्नुम प्रथम श्रेणी में हाईस्कूल

**फतेहपुर।** मन में दृढ़ इच्छा और लगन हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शहर की एक 46 साल की महिला ने। इन्होंने इस उम्र में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन लाकर न सिर्फ अपनी इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया बल्कि बेटे द्वारा दिए जा रहे अनपढ़ होने का ताने को भी विराम लगा दिया। शहर के सैयदबाड़ा इलाके में रहने वाली तरन्नुम परवीन उम्र के इस पड़ाव में हाईस्कूल परीक्षा देने का दृढ़ संकल्प लिया। राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज मलवां से प्राइवेट स्तर पर हाई स्कूल करने का इरादा बनाया। बकौल तरन्नुम, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उम्र के इस पड़ाव में परीक्षा भी देना पड़ेगा लेकिन मेरा मानना है कि जो होता है, अच्छा ही होता है। बेशक, मेरा बेटा मुझे बात बात पर अनपढ़ होने का ताना मारता था। तभी से मन में सोच लिया कि पढ़ाई किसी भी उम्र में की जा सकती है। तरन्नुम का मानना है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए।



तरन्नुम परवीन।

## सार-संक्षेप

### पुलिस जांच में हत्या की जगह हादसा साबित

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के कंसाही गांव में डेढ़ माह पूर्व युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने के दर्ज मुकदमे की विवेचना में पुलिस ने पाया कि युवक के हाथों गोली चलने के कारण मौत हुई थी। उसकी किसी ने हत्या नहीं की थी। परिजनों ने फर्जी हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक के घर से पुलिस ने छानबीन के दौरान तमंचा भी बरामद किया था। जिसका मुकदमा भी थाने में दर्ज है। पुलिस की सक्रियता के कारण दर्ज कराए गए मुकदमें में निर्दोष जेल जाने से बच गए। पुलिस लाइन मामले का खुलासा करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि मृतक इंद्र कुमार उर्फ शीलू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम कंसाही थाना बकेवर के चाचा महेंद्र सविता पुत्र स्व. राम प्यारे सविता ने पांच मार्च 2024 को बकेवर थाने पर सूचना दिया कि उनके भतीजे की मकान की छत पर बने कमरे में अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना शुरू करते हुए हत्यारों की तलाश करने लगी। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की। प्रथम दृष्टया जब पुलिस शव को कब्जे में ले रही थी तो फारेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया था। जिसमें कई अहम सुराग टीम के हाथ लगे थे। किसी भी तरह से यह बात साफ नहीं हो रही थी कि किसी व्यक्ति ने युवक की गोली मारकर हत्या की है। पड़ोसियों से भी जब पुलिस टीम ने जानकारी चाही तो सभी ने यह बताया कि न तो गोली चलने की आवाज सुनाई दी और न ही चीखने-चिल्लाने की। इतना ही नहीं न तो कोई यहां से भागा है और न ही भागने की आवाज सुनाई दी है। जिससे पुलिस को शक हुआ और पूरे घर की जब गहनता से तलाशी ली गई तो पुलिस के हाथ तमंचा भी लग गया। जिससे यह बात स्पष्ट हो गई कि मृतक अपने पास तमंचा रखता था। पुलिस ने बरामद तमंचे के आधार पर मुकदमा भी दर्ज किया। घटना के संबंध में पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर ने बताया कि मृतक की मृत्यु का कारण शॉक, रक्तस्त्राव व फायर आर्म्स इंजरी है। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक मात्र एंटी मार्टम फायर आर्म्स इंजरी वाउंड का उल्लेख किया है जो अपर अब्डोमन में स्थित है। मृतक के गोली सटाकर लगने की बात बताई गई। मृतक गोली लगने के बाद 60 से 70 मिनट जिंदा रहा और बात भी की लेकिन उसने यह नहीं बताया कि गोली किसने मारी है। जिससे पुलिस को संदेह हुआ और छानबीन में स्थिति साफ हो गई। जिसमें प्रकाश में आया कि मृतक के स्वयं से गोली चलने के कारण उसकी मौत हुई है। एसपी ने कहा कि पुलिस की सक्रियता के चलते निर्दोष व्यक्ति जेल जाने से बच गए हैं। इस मामले में आगे पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

### सोलर पंप के नाम पर हो रही धोखाधड़ी से सतर्क रहें

**फतेहपुर।** पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प के लिए आवेदन करने वाले किसानों के लिए यह जागरुकता भरी खबर है। इनदिनों सोलर पम्प में अधिक सब्सिडी दिलाने के नाम पर साइबर क्राइम करने वाले ठगी कर रहे हैं। जिनसे बचना जरुरी है अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि अपर कृषि निदेशक नोडल अधिकारी पीएम कुसुम लखनऊ के कार्यालय के द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जिन किसानों ने सोलर पम्प के लिए आवेदन किया है उनके मोबाइल नम्बर पर 7290912735, 7037767569, 9719775461, 9170935887, 6397850849 आदि नम्बरों से फोन किया जा रहा है। या फिर कृषि विभाग के संदेश के समतुल्य संदेश भेजा जा रहा कि आपको अधिकतम सब्सिडी की सुविधा दी जा रही है। आपसे किसान अंश कम लिया जा रहा है। इसलिए अपने अंश की धनराशि इण्डियन बैंक के खाता संख्या 7748563270, एसबीआई बैंक के खाता संख्या 42762571204, एनएसडीएल बैंक के खाता संख्या 501023740735, 501024431987 एवं अन्य बैंको के खातो में जमा करने का संदेश भेजा जा रहा है। बताया कि सभी किसानों को अवगत कराया जा रहा है कि सोलर पम्प के लिए किसानों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाईन व्यवस्था है जो पूरी तरह से पारदर्शी है। टोकन कन्फर्म करने के बाद कृषि विभाग के पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बरों पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है।

## मरणोपरांत संसार में कोई किसी का नहीं

**थरियांव।** हसवा ब्लाक के मलाव गांव में भव्य श्री मद भागवत कथा का आयोजन रविवार को कलश यात्रा निकालकर किया गया था। सोमवार को कथा का प्रथम दिन रहा। फतेहपुर से पहुंचे आचार्य पं. कमल किशोर शुक्ल ने कथा के पहले दिन बताया कि मृत्योपरांत जीव का संसार से नाता टूट जाता है। उसका न तो कोई अपना होता है और न ही वह किसी का होता है।

ब्यास पंडित कमल किशोर शुक्ल ने पहले दिन भागवत गीता के पहले अध्याय अर्जुन विषाद योग से किया। आचार्य ने बताया की इस अध्याय में कुरुक्षेत्र के मैदान में उपस्थित बंधुओ और संबंधियों को सामने देखकर अर्जुन के मन में उठे विषाद और मनःस्थित का वर्णन किया गया है।

# अढ़ावल मोरंग घाट संचालक को नोटिस, पट्टा निरस्त करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अढ़ावल मोरंग खदान का रविवार को रात जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने औचक निरीक्षण किया। जहां स्वीकृत क्षेत्र से बाहर 1341 घन मीटर बालू खनन अवैध तरीके से पाया गया। साथ ही कैमरे भी संचालित नहीं पाए गए। वहीं भारी संख्या में बिना परमिट के वाहन भी पकड़े गए। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि पट्टा संचालक को नोटिस जारी करते हुए पट्टा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाए।

यह निरीक्षण उक्त बालू-मोरंग खनन पट्टा क्षेत्र का 21 अप्रैल की मध्य रात्रि से 22 अप्रैल की सुबह तक निर्धारित खनन पट्टा कोर्डिनेट्स के तहत किया गया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर राजस्व टीम के साथ एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी, जाफरगंज, खान अधिकारी, खान निरीक्षक, थानाध्यक्ष ललौली तथा परिवहन विभाग ने पीटीओ उपस्थित रहे। औचक निरीक्षण में पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर 1341 घमी का अवैध खनन कर परिवहन किया जाना पाया गया। वहीं सीमा स्तम्भ अनुरक्षि त नहीं पाए गए। पीटी जेड कैमरा संचालित नहीं पाया गया। इसके अलावा खनन क्षेत्र के रास्ते में उपखनिज लदे वाहनों की जांच भी की गई, जिसमें कुल 18 वाहन बिना परिवहन प्रपत्र के परिवहन करते हुए पाए गए। दो वाहन के चालकों द्वारा बताया गया कि बालू मोरंग की लोडिंग अढ़ावल कम्पोजिट-1 से की गई है। शेष 14 वाहन के चालक वाहनों को छोड़कर फरार हो गए। सभी 16 वाहनों को थानाध्यक्ष ललौली की अभिरक्षा में दे दिये गए। नियमों के उलंघन करने पर नोटिस निर्गत कर खनन पट्टा निरस्तीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही एवं सम्बन्धित वाहन स्वामियों का विवरण परिवहन विभाग से प्राप्त कर नोटिस देने के निर्देश दिए गए।



मोरंग खदान का रात में निरीक्षण करतीं डीएम सी. इंदुमती व अन्य अधिकारी।

### क्या है पूरा मामला

अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम अढावल स्थित मोरंग खण्ड-संख्या अढावल कम्पोजिट-1 रकबा 30 हेक्टेयर का पांच वर्षीय खनन पट्टा 06 फरवरी 2021 से 05 फरवरी 2026 तक आलोक मिश्रा पुत्र स्व. प्रकाश मिश्रा निवासी कृष्णा नगर कालोनी पहाडिया सारनाथ तहसील सदर वाराणसी के पक्ष में स्वीकृत व निष्पादित है। जिसका निरीक्षण डीएम द्वारा किया गया।

### सभी खदान संचालकों को चेतावनी

डीएम ने जिले के सभी खनन पट्टाधारकों को कड़ी चेतावनी दिया है कि किसी भी दशा में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर बालू मोरंग का अवैध खनन, परिवहन नहीं करें। ट्रान्सपोर्ट यूनियन के माध्यम से उपखनिजों का अवैध परिवहन करने वाले वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी बालू-मोरंग खण्ड से बिना परिवहन प्रपत्र उपखनिजों का परिवहन, ओवरलोडिंग नहीं करें, अन्यथा की स्थिति में खनिज नियमावली के नियमों के तहत कार्यवाही के साथ-साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

विश्व पृथ्वी दिवस | महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# गूंजी आवाज : सृष्टि को बचाने के लिए धरा को बचाना ही होगा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को सृष्टि को बचाने के लिए धरा को बचाने की आवाज गूंजी। सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण कर जल की एक-एक बूंद बचाने एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करते हुए ईको फ्रेन्डली वातावरण बनाने का संकल्प प्रातः कालीन बेला में लिया गया।

विद्यालय के बच्चों द्वारा धरती बचाओ जीवन बचाओ, विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अन्न, जल, वायु व जीवन प्रदान करने वाली जगत कल्याणी मां वसुंधरा आज प्रदूषण के दंश को झेल रही है। हमें सृष्टि को बचाने के लिए धरा को बचाना ही होगा। हमारी पृथ्वी एक मात्र ऐसा ग्रह है जो मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों का भरण-पोषण कर सकती है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ते हुए वैश्विक तापमान गर्मी, सूखा व बाढ़ का कारण हैं। इसका एकमात्र उपाय यह है कि हमें अपने वातावरण को स्वस्थ रखने के लिए प्रयत्नशील रहना होगा।

● **कई स्थानों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम, दिया गया संरक्षण का संदेश**



ईको फ्रेन्डली वातावरण बनाने को बच्चों ने लिया संकल्प। अमृत विचार

### कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया दिवस

भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस का आयेजन पूर्व खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रपाल की अध्यक्षता में प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय बक्शपुर राधानगर में किया गया। वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषणु, ध्वनि प्रदूषण, पोलिथीन उन्मूलन, वनीकरण कराने पेड पौधों को लगाने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं दैनिक जीवन में वर्षा जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति, मृदा संरक्षण अपनाने आदि विषयो पर चर्चा की गयी। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका राधिका मिश्रा, शाहिल गौतम, कुलदीप कुमार, रचना देवी, राजनरायण श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे।

### डायट में किया गया पौधरोपण

विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डायट प्राचार्य आरती गुप्ता के निर्देशन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियां एवं समाधान, रहा। डायट प्राचार्य ने पौधरोपण करते कार्यक्रम का का शुभारम्भ किया। डीएलएड बैच 2022 एवं 2023 के प्रशिक्षुओं ने पोस्टर प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता और लघु नाटिका का मंचन किया गया। डाली सिंह ने सभी प्रवक्ताओं एवं प्रशिक्षुओं को हरित शपथ दिलाई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः उमरा फात्मा, हर्षिता यादव एवं शिखा वर्मा रहीं। आशुभाषण प्रतियोगिता में प्रथम आयुष त्रिपाठी, द्वितीय उत्कर्ष पाण्डेय व धीरेन्द्र कुमार एवं तृतीय स्थान पर पलक शुक्ला रहे। लघु नाटिका के मंचन उमरा फात्मा, शिखा वर्मा, कंचन वर्मा, शिम्पी पटेल, एकता पटेल और पूजा दिवाकर ने किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सवर्णों के सहारे भाजपा की हैट्रिक रोकने की कवायद में सपा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 6 लाख सवर्ण मतदाताओं पर डोरे डालने का बुना जा रहा ताना-बाना
- भाजपा, बसपा के बड़े ब्राह्मण व क्षत्रिय नेताओं के संपर्क में है सपा
- हुसेनगंज, सदर विधानसभा एवं सदर नगर पालिका की जीत भी नजर में
- पिछड़े मतदाताओं की एकजुटता विधानसभा व निकाय चुनाव में दिखा चुकी है अपना दम

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने दो बार की सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को हैट्रिक लगाने के लिए फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। तो बसपा ने डॉक्टर मनीष सचान को मैदान में उतार कर प्रचार शुरू कर दिया है। वहीं सपा-कांग्रेस के हुए गठबंधन के बाद भाजपा प्रत्याशी की जीत रोकने के लिए समाजवादी पार्टी बड़ा मंथन कर रही है। नतीजतन प्रत्याशी की घोषणा में देरी है।

पीडीए के सहारे चुनावी नैया पार लगाने की वकालत करने वाली समाजवादी पार्टी फतेहपुर लोकसभा में बड़ा दांव खेलना चाह रही है और यहां के करीब 6 लाख सवर्ण मतदाताओं को रिझाने की जुगत में है। पार्टी के अंदर खाने जो खेल चल रहा है उसमें किसी मजबूत ब्राह्मण या क्षत्रिय चेहरे को चुनाव मैदान में उतारकर मुस्लिम, यादव एवं पिछड़े मतदाताओं को अपने पाले में लाकर साध्वी की जीत में ब्रेक लगाने का ताना-बाना बुनने में लगी है। सफलता कितनी मिलती है यह तो समय बताएगा, लेकिन सपा के रणनीतिकार यहां बड़ा खेल करने को लेकर मजबूत किलाबंदी करने में लगे हुए हैं। कशमकश के बीच यहां हर उस किले की मोर्चेबंदी को मजबूत कर भाजपा के विजय रथ को रोकने का मंसूबा समाजवादी पार्टी पाले है।



### दो विधानसभा हैं सपा की झोली में

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में हुसेनगंज एवं सदर विधानसभा सीट के साथ-साथ सदर नगर पालिका परिषद की सीट सपा जीती हुई है। इनमें पिछड़े मतदाताओं की एकजुटता के परिणाम से आशंकित भी है लेकिन फतेहपुर लोकसभा के अलावा आस-पास के जनपदों में भी एक संदेश छोड़ने की बड़ी कवायद करने में समाजवादी पार्टी लगी है कि सपा केवल पीडीए ही नहीं बल्कि सवर्णों की भी हितुआ है। जीत को लेकर सपा कोई भी दांव लगा सकती है।

### सवर्ण कार्ड हो सकता मुफीद

राजनीतिक गलियारों से जो हवा चली है वह मंद-मंद यहां तक ये खबर लेकर पहुंच रही है कि समाजवादी पार्टी मजबूत क्षत्रिय चेहरे पर दांव लगाकर यहां से करीब 6 लाख सवर्णों के अलावा मुस्लिम, यादव एवं पिछड़े मतदाताओं के सहारे भाजपा प्रत्याशी की जीत के रथ को रोकने की मंशा रखती है। मंथन में यह भी चल रहा है कि जिले के ही कुर्मी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारकर पिछड़े मतदाताओं को एकजुट कर मुस्लिम, यादव के मजबूत समीकरण यानी पीडीए के जरिए सपा अपनी चुनावी नैया पार लगाए। समाजवादी पार्टी सवर्ण मतदाताओं को रिझाना भी चाह रही है।

### बाहरी को गले लगाते हैं मतदाता

करीब 29 लाख से अधिक आबादी वाला जिला राजनीतिक दृष्टिकोण से चारागाह जैसा ही रहा है। यहां कांग्रेस, बसपा, सपा, भाजपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने जिले के लोगों से अधिक बाहरियों पर दांव लगाया और यहां के मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया। एक बार फिर 18वीं लोकसभा का होने वाला चुनाव दिलचस्प होने की उम्मीद है। जिले के 19 लाख 31 हजार 895 मतदाता अपने नए संसद का चुनाव करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने दो बार की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से टिकट देकर विपक्षी दलों के सामने बड़ी चुनौती दी है। केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए जीत को लेकर आश्वस्त भाजपा को घेरने के लिए विपक्षियों की गणित भी शुरू है। सपा कांग्रेस के हुए गठबंधन के बाद समाजवादी पार्टी के खाते में गई यहां की सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। भाजपा प्रत्याशी के सामने मजबूत प्रत्याशी उतारने की गणित नेतृत्व लगा रहा है। सपा में प्रत्याशियों की घोषणा की उठा-पटक के बीच यहां कभी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व जिले की मिट्टी से ताल्लुक रखने वाले नरेश उत्तम पटेल तो कभी पल्लवी पटेल तो कभी दो बार के सांसद रहे डॉक्टर अशोक पटेल का नाम हवा में तैरता है। नरेश उत्तम के नाम को करीब करीब फाइनल माना जा रहा था लेकिन इसी बीच सपा नेतृत्व के हुए मंथन के बाद सवर्ण मतदाताओं को रिझाने के लिए मजबूत सवर्ण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने का मंथन शुरू है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी। इस बीच समाजवादी पार्टी ने भाजपा, बसपा के जिले से ताल्लुक रखने वाले मजबूत एवं चर्चित क्षत्रिय व ब्राह्मण नेताओं से संपर्क साधा है। एक ओर सवर्ण मतदाताओं को रिझाने तो दूसरी ओर जिलेवाद की राजनीति को तेज हवा देने की तैयारी है।

# मवेशी लदा कंटेनर छोड़ भागे तस्कर, 35 गोवंश बरामद

संवाददाता फतेहपुर

- ट्रक नंबर के आधार पर पुलिस ने की एफआईआर दर्ज
- सदर कोतवाली ने लखनऊ बाईपास के पास से पकड़ा

**अमृत विचार।** पुलिस की लापरवाही से गोवंश लदा ट्रक छोड़कर तस्कर भागने में कामयाब हो गए। आरोप है कि हाईवे के तीन थानों की पुलिस सूचना के बाद भी ट्रक पकड़ने में नाकाम रही। लखनऊ बाईपास के पास खड़े ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

शहर के रहने वाले राहुल अग्निहोत्री बजरंग दल के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि कंटेनर की कानपुर महाराजपुर थाने के पास लोकेशन मिली। वह कंटेनर का पीछा कर पहुंचे। गोवंश की पुष्टि होने पर औंग पुलिस को खबर दी। पुलिस ने कोई प्रयास नहीं किया। कल्यानपुर पुलिस को सूचना दी। कल्यानपुर पुलिस टोल प्लाजा पर कंटेनर रोकवा सकती थी। आरोप है कि पुलिस के देर में पहुंचने की वजह से कंटेनर टोल प्लाजा से निकल गया। कल्यानपुर पुलिस पीछा करती रही। मलवां पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके बाद कोतवाली पुलिस को खबर दी गई। इस दौरान बड़े ही आसानी से लखनऊ बाईपास के पास तस्कर कंटेनर छोड़कर भाग निकले। कंटेनर में एक तस्कर केबिन के ऊपर बैठा था। करीब चार लोग ट्रक के अंदर थे। ट्रक मालिक सहारनपुर का बताया जा रहा है। संयुक्त कार्रवाई में ट्रक छोड़कर आरोपी भागे हैं। ट्रक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### पति-पत्नी को समझाकर कराई सुलह

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह, उप निरीक्षक कीर्ति गुप्ता व उप निरीक्षक मंजीता यादव व काउंसलिंग सदस्य सुरेश चन्द्र जायसवाल, सुनीता गुप्ता द्वारा काउंसलिंग कराते हुए एक मामले में समझौता कराया गया। इस मौके पर महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा, ममता शर्मा व महिला आरक्षी रिंकी मौजूद रहीं।

### दुर्घटना में शिक्षक घायल

**औंग।** थाना क्षेत्र के खरौली गांव निवासी नरेंद कुमार गौतम पुत्र सुरेश गौतम करचलपुर स्थित एक कालेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार को रोज की तरह कालेज गए थे। जहां से छुट्टी के बाद वह वापस लौट रहे थे कि तभी एक लोडर की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया लोडर चालक नाबालिग है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दबंग ने की टेलर मास्टर की हत्या

## दुकान से लौटते समय लाठी से पीटा, अस्पताल में थमीं सांसें

संवाददाता फतेहपुर



मृतक के घर में जुटी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश को लेकर टेलर मास्टर की दंबग युवक ने रविवार की रात बीच रास्ते पर लाठी डंडे से मार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने नजदीकी अस्पताल में उसको भर्ती कराया। वहां से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पिता ने थाना पुलिस को तहरीर दिया है।



संजय।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव में कपड़ा सिलने की दुकान खोले कल्यानीपुर गांव के रहने वाले युवक संजय सोनकर की हत्या के मामले में पिता छेदीलाल सोनकर निवासी कल्यानीपुर ने थाना पुलिस को सोमवार की सुबह तहरीर दी। तहरीर में कहा है कि उसका बेटा संजय सोनकर सरैला गांव में दुकान खोलकर कपड़ा सिलने का काम करता था। रविवार की शाम को बेटा दुकान बन्द कर दवा लेने असनी जा रहा था। तभी दुकान के आगे पेड़ के पीछे पहले से घात लगाकर बैठा सरैला गांव के रहने वाले अशोक सोनकर ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी से बेटे के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार कर उसको गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया। उसको नजदीकी अस्पताल हुसेनगंज लेकर गए, जहां से डॉक्टर ने उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में रात में इलाज के दौरान बेटे ने दम तोड़ दिया। पिता ने बताया कि जिस समय आरोपी युवक बेटे को मार रहा था। उस समय आसपास के लोगों ने देखा है। इस मामले में एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपी युवक फरार चल रहा है। जांच में कुछ गांव के लोगों ने प्रेम प्रसंग की बात भी बताई है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

- प्रेम प्रसंग भी पुलिस की जांच का एक हिस्सा

# मैनुअल नहीं ऑनलाइन होगा बिजली बिलों का संशोधन

संवाददाता, फतेहपुर

- संशोधन कराने को करना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
- विभागीय वेबसाइट पर होगी बिल की शिकायत

**अमृत विचार।** बिजली बिल संशोधन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। बिलों के संशोधन अब मैनुअल तरीके से नहीं बल्कि ऑनलाइन किया जाएगा। उपभोक्ताओं को बिल से सम्बंधित शिकायतें विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज करानी होंगी। जिस पर गठित समिति द्वारा बिलों में संशोधन करते हुए रिपोर्ट अपलोड करेगी।

बताया कि महीने भर में सही किए जाने वाले बिलों की डिटेल भी रखनी होगी, जिसकी जांच शीर्ष अफसरों द्वारा की जाएगी। नई प्रणाली के अनुसार अलग-अलग स्तर के बिलों में आने वाली गड़बड़ी को संशोधित किए जाने के लिए एक्सईएन व एसडीओ लेबल की समिति का गठन किया जाएगा।

जिसमें बकायदे तीन सदस्यीय जांच समिति बनेगी। यही समिति ऑनलाइन आने वाले बिल संशोधन से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण करेगी। जिसकी रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही अपलोड करनी होगी।

**इस प्रकार रहेगी बिलों की कैटेगरी:** बिल संशोधन की आने वाली शिकायतों को सम्बंधित डिवीजनों के एक्सईएन द्वारा निपटाया जाएगा।

यह एलएमवी-1 व 2 तथा नौ किलो वॉट से अधिक भार क्षमता सहित अन्य सभी श्रेणी व भार के बिलों को संशोधित करेंगे। इसके लिए जांच समिति के सदस्य अधीक्षण अभियंता व सहायक लेखाधिकारी होंगे। जबकि शिकायत सम्बंधित उपखंड कार्यालय के एसडीओ द्वारा एलएमवी-1 व 2 के नौ किलो वॉट तक के बिलों का संशोधन किया जाएगा।

### त्रुटि पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई

जांच समिति को बिलिंग प्रणाली पर संशोधित बिलों के मामलों को अपलोड करना होगा। जिसकी जांच की जाएगी। सम्बंधित द्वारा यदि संशोधन में त्रुटि पाई गई तो बिल संशोधन का पुनरीक्षण जांच समिति द्वारा किया जाएगा। बिल संशोधन में त्रुटि पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### घायल हिरन के इलाज में देरी से मौत

**हथगाम।** हथगाम थाना क्षेत्र के हरीरामपुर कैथौला के मजरे रामपुर मून में कुत्तों द्वारा घायल एक हिरन की समय पर इलाज नहीं मिलने से मौत हो गई। ग्रामीण वन विभाग के कर्मचारियों को फोन करते रहे लेकिन समय पर कोई नहीं पहुंचा। ग्रामीण किसी तरह से कुत्तों से बचाकर घायल हिरन को गांव लेकर आए लेकिन चार घंटे तक वन विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं आया जिससे हिरन को नहीं बचाया जा सका। हरीरामपुर के ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार राजू ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे एक हिरन गढ़ही तालाब में किनारे पानी पी रहा था। तभी कुत्तों ने हिरन का पीछा करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि जान बचाने के लिए हिरन तालाब में घुस गया जिसमें जलकुंभी थी जहां वह फंस गया। ग्रामीणों को पता चला तो हिरन को बचाने के लिए करीब दो दर्जन कुत्तों को किसी तरह से हटाया और घायल हिरन को गांव के अंदर ले आए। इस बीच मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरारन ग्रामीणों ने वन विभाग को भी फोन के माध्यम से जानकारी दी लेकिन समय पर कोई नहीं पहुंचा। स्थानीय डॉक्टर से इलाज कराया गया लेकिन उचित इलाज के अभाव में हिरन ने दम तोड़ दिया।

### रोडवेज मुसाफिरों के लिए पानी का इंतजाम नाकाफी

**फतेहपुर।** रोडवेज के अफसरों की हीलाहवाली के कारण यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत होने के बावजूद यहां पर यात्रियों के लिए न तो पर्याप्त हवा का इंतजाम है न ही पीने के पानी की ठीक व्यवस्था। जिससे यात्रियों को गर्मी में हलकान होना पड़ रहा है। ऐसा भी नहीं कि यहां के यात्रियों व कर्मचारियों द्वारा इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई लेकिन इसके बावजूद भी इस ओर अफसरों का ध्यान न जाने से परेशानियां कम नहीं हो पा रही। रोडवेज बसस्टाप पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए बनाए गए दो यात्री शेड में कहने को तो क्रमशः चार व तीन पंखे लगाए गए हैं। लेकिन इनमें से एक शेड में दो पंखे खराब होने से महज दो पंखों के सहारे ही यात्रियों को गर्मी में समय काटना पड़ रहा है। वहीं दूसरे शेड में न तो बैठने के लिए कुर्सियां ही दिखाई देती है न ही यहां के पंखे सही हालत में है। वहीं रोडवेज बसस्टाप पर यात्रियों को पीने के पानी की व्यवस्था के लिए एक वाटर प्वाइंट बनवाया गया है। जबकि एक हैंडपंप लगा हुआ है लेकिन देखरेख के अभाव में वाटर प्वाइंट में लगे कुल 11 नलों के सापेक्ष चार नल ही पानी उगल पा रहे हैं। जबकि अन्य नल यात्रियों को मुंह चिढ़ाते दिखाई दे रहे हैं, वहीं लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंप को दुरुस्त नहीं कराया जा सका। बता दें कि एक शेड में समय बिताने वाले चालकों व परिचालकों की माने तो यहां पर पिछले वर्ष भी तीनों पंखे खराब हालत में थे। जिन्हें बनवाए जाने के लिए कई बार मांग की गई लेकिन सुनवाई न होने के कारण अंततः आपस में चंदा कर पंखों को दुरुस्त करवाया गया था। तब कहीं जाकर गर्मी से राहत मिल सकी थी। वहीं सूत्रों का कहना है कि बसस्टाप स्थित एमएसटी कार्यालय का भी पंखा खराब होने के कारण कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मारपीट के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बिन्दकी।** कोतवाली क्षेत्र के बरेठर बुजुर्ग गांव में पानी की निकासी को लेकर रामबरन और उसके पुत्र बलवीर ने मारपीट कर दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची झगड़े को शांत कराया वहीं मारपीट व झगड़ा करने के आरोपी पिता पुत्र को सोमवार को खजुहा चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक भारत सिंह ने पुलिस बल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में भेजा है।

# बेटे ने मां की जमीन का बैनामा साले को कराया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** झांसा देकर मां से छोटे बेटे ने हाईवे स्थित भूमि का अपने साले को बैनामा करा दिया। मां ने कोर्ट के जरिए बेटे समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

थरियांव थाने के सनगांव निवासी स्व. रामदास मौर्या की पत्नी रमदेइया के दो बेटे रामभवन व राजेंद्र हैं। महिला बड़े पुत्र रामभवन के साथ रहती है। आरोप है कि उसे छोटा पुत्र राजेंद्र 25 जुलाई 2023 को इलाज कराने जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था। जिला अस्पताल की जगह उसे सब रजिस्ट्रार कार्यालय ले गया। जहां खागा कोतवाली के रसूलपुर निवासी सगे साले जितेंद्र कुमार के नाम पर उसकी सारी भूमि का बैनामा करा लिया। बेटा राजेंद्र, जितेंद्र के साथ संपत्ति हड़पने की साजिश में कोराई निवासी नीरज कुमार भी शामिल है। महिला ने जमीन का बैनामा खारिज कराने की भी मांग की है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाएंगे आदर्श बूथ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में मॉडल बूथ बनाए जाएंगे। जिसमें बुनियादी सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। यदि आप मॉडल बूथ वाले क्षेत्र के मतदाता होंगे तो लोकसभा चुनाव में तपिश के बावजूद बूथ में वोट डालना आपके लिए सुकून भरा होगा।

निर्वाचन आयोग मॉडल बूथों के जरिए लोगों को वोटिंग आनंदित कराना चाहता है। बुनियादी सुविधाओं से लैस मॉडल बूथों में वोट डालना बेहतर अनुभव साबित होगा। इन मॉडल बूथों में बैठने के लिए टेन्ट और कुर्सियों की व्यवस्था होगी तो वहीं अन्य बुनियादी सुविधाएं भी मिलेंगी। बूथ पर वोट डालना मतदाताओं को भारी न लगे, इसके लिए सभी सुविधाओं से लैस मॉडल बूथ बनाए गए हैं। सुविधाओं के नाम पर यहां छायादार स्थान, कुर्सियां, पेयजल, रैम्प, शौचालय, चहारदीवारी, बिजली, विकलांगों के लिए व्हील चेयर आदि व्यवस्थाएं रहेंगी। हालांकि पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि व्यवस्थाएं तो प्रत्येक बूथ में रहेंगी लेकिन मॉडल बूथों में टेन्ट, कुर्सियॉ और स्टॉल जैसी अनेक सुविधाएं इन्हें दूसरे बूथों से अलग करेंगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आधी आबादी को वोटिंग के लिए प्रेरित करने हेतु पिंक बूथ भी बनाए जाएंगे।

### भूलकर न करें धूम्रपान, लगेगा जुर्माना

लोकसभा चुनाव के दौरान यदि किसी ने भी बूथ परिसर में धूम्रपान किया तो उसे 200 रूपये का जुर्माना देना होगा। इसलिए बूथ में किसी भी दशा में धूम्रपान से परहेज करें। आयोग का सख्त निर्देश हैं कि बूथ धूम्रपान निषेध क्षेत्र रहे और कानून का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाए।

### आदर्श बूथों की सुविधाएं

- विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी, हवादार पंखे रहेंगे
- पेयजल की बेहतर व्यवस्था होगी
- छाया के लिए टेन्ट सीलिंग लगाई जाएंगी
- बैठने को कुर्सियों की व्यवस्था होगी
- प्रांगण बड़ा और तुलनात्मक रूप से बेहतर होगा
- विकलांगों के लिए व्हील चेयर और रैम्प मौजूद होगा
- शौचालय और मूत्रालय की सुविधा मौजूद होगी

**किसान चिंतित** — आसमान पर छा रहे बादल, अभी भी 40 फीसदी गेहूं की कटाई का काम शेष

# मौसम का मिजाज देख तेजी से मड़ाई में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



मौसम की बेरुखी देख फसल सहेजने में जुटे किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तेज धूप व गर्मी के बीच बादलों का डेरा किसानों की धड़कनों को तेज कर रहा है। इससे खेतों में तैयार खड़ी फसल को किसान जल्द से जल्द समेटने में लगे हैं। रविवार देर शाम अचानक मौसम बिगड़ गया, जिससे आसमान में घने बादल छा गए। बादलों को देखते किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े।

इस समय गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। कहीं गेहूं की कटाई हो रही है तो कहीं गेहूं की थ्रेसर से कतराई कराई जा रही है। अभी भी जिले में करीब 40 प्रतिशत गेहूं की कटाई शेष है। जो किसान गेहूं की कतराई करा चुके हैं वह भूसा और अनाज घर पहुंचाने में लगे हैं। मौसम लगातार करवट बदल रहा है। इसको देखते किसान चिंतित है और रात दिन खेतों से गेहूं को समेटा जा रहा है। किसानों को चिंता सता रही है कि यदि बारिश हो जाती है तो तैयार फसल भीग जाएगी और बड़ा नुकसान हो जाएगा। इसको लेकर किसानों की इस समय नींद उड़ी हुई। किसान रात दिन गेहूं को समेटने को लगे हैं। किसान बताते हैं कि लगातार बादल आने से धड़कने बढ़ रही हैं। रविवार के बाद सोमवार को भी बादल और धूप के बीच जिस तरह से लुकाछिपी का खेल चला, उसको देखते और चिंता बढ़ गई है। इसलिए अब जितनी जल्दी हो सकती है प्रयास में लगे हैं कि किसी तरह उपज को सहेज कर घर पहुंचा दिया जाए। अन्यथा की स्थिति में नुकसान ही उठाना पड़ सकता है।

### अच्छी पैदावार से खुश हैं किसान

जिले में गेहूं की कटाई-मड़ाई जोरों पर चल रही है। जिन किसानों ने अगैती गेहूं किया था वह पांच क्विंटल बीघा का निकल रहा है। आलू वाले खेतों में किया गया गेहूं भी चार से साढ़े तीन क्विंटल बीघा के आसपास निकल रहा है। गेहूं की पैदावार अच्छी होने से किसान भी खुश नजर आ रहे हैं।

### धूप कर रही लोगों को बेहाल

तेज धूप और गर्म हवाओं से सराबोर गर्मी का मौसम लोगों को परेशान कर रहा है। दिनभर शिद्दत की धूप और रात में उमस लोगों की नींद हराम कर रही है। मौसम की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लोगों ने इस बार मई जून की गर्मी के दीदार अप्रैल में ही कर लिए हैं। दिन में धूल से भरी गर्म हवाएं लोगों के कदमों को रोक रही हैं। अप्रैल में शिद्दत की गर्मी महसूस करने वाले लोग आने वाले दिनों में मौसम की तल्खी से खबरदार हैं। सोमवार को दिनभर सफर के दौरान लोग कड़ी धूप में से आजिज दिखे। जिससे दिन के वक्त सड़कों पर सन्नाटा रहा। जरुरी काम को अंजाम देने वाले लोग ही सड़कों पर दिखाई दिए। दोपहर से शाम चार बजे आसमान में बादलों की आमद दिखी।

### तापमान में 4 डिग्री की आई गिरावट

सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। दो दिन पूर्व अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन बादल छाने से तापमान में गिरावट दर्ज हुई तो लोगों को कुछ राहत मिल सकी।

### स्कूली बच्चों के लिए गर्मी बनी आफत

स्कूली बच्चों के लिए ये मौसम आफत बन चुका है। सुबह तो जैसे-तैसे बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं। वहीं दोपहर के वक्त जब बच्चों की छुट्टी हो रही है तो भारी-भरकम बैग लादे बच्चों के लिए चलना मुश्किल हो रहा है। धूप की तेजी उनके चेहरों को लाल कर रही है। स्कूल प्रबंधन को इस मौसम में बच्चों के स्कूल का समय बदलने के साथ छुट्टी के वक्त कुछ इंतजाम करने चाहिए। जिससे उन्हें कुछ राहत मिल सके।

# ऑनलाइन ठगी में गए 90 हजार कराए वापस

**फतेहपुर।** छह दिन पूर्व ऑनलाइन ठगी के पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ठगी में गई रकम को पीड़ित के खाते में वापस कराई है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर टेसाही गांव निवासी निरंजन ने 16 अप्रैल को डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर उसके साथ 90 हजार रुपए की आनलाइन ठगी होने की जानकारी दी थी। जिसके बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदक से ट्रांसफर हुए रूपयों का विवरण प्राप्त करते हुये तत्काल एसबीआई क्रेडिट कार्ड नोडल से वार्ता कर समन्वय स्थापित कियया। इसके बाद ठगे गए 90 हजार रूपये खाते में वापस कराया।


अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम SABIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SABIR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SADIK ALI VILL- GULRA MAU RIAWAN MAHMUDABAD, SITAPUR**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री रूचि श्रीवास्तव के आचरण, चाल-चलन, कृत्यों, गलत मंशा एवं झगड़ालू प्रवृत्ति से आहत होने के कारण उसे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मैं अपनी उक्त पुत्री से कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं रखना चाहता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है। **ओमकारनाथ श्रीवास्तव पुत्र शिव प्रसाद श्रीवास्तव निवासी ग्राम व थाना निगोहां, तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शब्बीर से बदलकर शब्बीर अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शब्बीर अहमद पुत्र बिस्मिल्लाह ग्राम धरैची, पोस्ट शिकारगढ़, थाना कोल्हुई, जिला महराजगंज।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पुटु से बदलकर पुटु कुम्हार रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **पुटु कुम्हार पुत्र परिखन कुम्हार ग्राम बंगरी टोला, बरवा रतनपुर, थाना खड्डा, जिला कुशीनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति नाम भूलवश Ziyaul Haque दर्ज हो गया है जबकि उनका सही नाम Ziyaul Haq है। अब उन्हें इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **रुकसाना खातून पत्नी जियाउल हक ग्राम पडरौन मड़ूरही, पोस्ट दुदही, थाना विशुनपुरा, जिला कुशीनगर 274302**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आशा खातून से बदलकर सुखली खातून रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **सुखली खातून पत्नी फौजी हुसैन ग्राम परसौनी बुजुर्ग, पोस्ट तमकुहीराज, जनपद कुशीनगर 274407**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल व इंटरमिडियट के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिवश अनिल तिवारी दर्ज है जबकि मेरे पिता का नाम अनिल कुमार तिवारी है जो सही है भविष्य में भी पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय- **अमर तिवारी पुत्र अनिल कुमार तिवारी निवासी- ग्रा. अकरौरा, तहसील - पयागपुर, बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEE AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **-मो0 नदीम अहमद, निवासी- ग्राम-भिटौरा, पो0-भिटौरा, थाना- रैनाही तहसील- सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0--9198658643**

# खेत में लगी आग, 10 बीघा गेहूं की फसल राख

## फर्रुखाबाद मार्ग स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे हुआ हादसा, पूरी जमा पूंजी लगा कर तैयार की थी फसल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। फसल पकी होने से देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। पल भर में 10 बीघा फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

ग्राम सराय दायमगंज निवासी शकुंतला देवी पत्नी भिखरीलाल ने बताया कि नगर की आवास विकास कालोनी निवासी सलमा बेगम पत्नी बन्ने, खुर्शीदा बेगम पत्नी अतीक अहमद, अतीक अहमद पुत्र नबी आलम तथा बन्ने पुत्र अब्दुल वहीद का सम्मिलित दस बीघा खेत फर्रुखाबाद रोड स्थित रसीद कोल्ड स्टोरेज के पीछे है। उस खेत को शकुंतला देवी ने पिछले तीन वर्षों से बटाई पर ले रखा है। उसी से उनका परिवार चल रहा था। बताया कि अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर गेहूं की फसल तैयार की थी। सोमवार को खेत में आग लग गई और 10 बीघा फसल जलने लगी। जानकारी होते ही पीड़ित परिवार सहित अन्य किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। खुद भी पानी व मिट्टी से बुझाने का प्रयास करने लगे। फायर ब्रिगेड आने से पहले ही फसल राख हो गई। स्थानीय किसानों का कहना है कि खेत के पास लगे पेड़ की छाया में आए दिन कुछ लोग जुआ खेलने के लिए आते और बीड़ी भी पीते हैं। हो सकता है कि किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी और उसी से आग लगी हो।



गेहूं की फसल में लगी आग। अमृत विचार

- पीड़ित किसान परिवार का रो-रोकर हुआ बुरा हाल
- आग लगने के कारणों का नहीं लग सका पता



फसल जली देख रोती वृद्धा।



शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद जलती हुई कार। अमृत विचार

## शॉर्ट सर्किट से कार में लगी आग, बाल-बाल बचे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शंकरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम भोजपुर के पास एक कार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। समय रहते कार सवार उतर गए, जिससे वह बच गए। घटना की जानकारी होते ही पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर मुश्किल से काबू पाया, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित सराय गूजरमल निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र श्याम बिहारी ने बताया कि सोमवार को वह अपने परिवार की चार महिलाओं व चालक के साथ कार से विशुनगढ़ थाना क्षेत्र की चौकी शंकरपुर के ग्राम भोजपुरी अमिढिया में तेल चढ़ाने गए थे। वहां से घर जाते समय भोजपुर के ही पास शॉर्ट सर्किट से कार में आग लग गई। समय रहते वह सभी उतर गए। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को देकर बुला लिया। दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जलकर पूरी तरह कबाड़ हो चुकी थी। धर्मेंद्र ने बताया कि 24 तारीख को (आज) घर में एक बारात आनी है जिसके चलते तेल चढ़ाने के लिए गए थे।

## पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवती का शव

**सौरिख,कन्नौज।** गांव के बाहर पेड़ पर संदिग्ध हालात में युवती का शव फंदे से लटका मिला। युवती की 24 अप्रैल को बरात आनी थी। घटना से खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

सकरावा थाना क्षेत्र के सकरावा के मोहल्ला किला निवासी रामौतार कठेरिया की 20 वर्षीय पुत्री शिवानी की बुधवार को शादी होनी थी। इसको लेकर घर में तैयारियां चल रहीं थीं। घर में रिश्तेदार भी जुट चुके थे। सोमवार की सुबह शिवानी घर से शौच के लिए गांव के बाहर गई थी। काफी देर तक न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान गांव के बाहर एक पेड़ पर दुपट्टे से उसका शव पेड़ से लटका मिला। यह देख परिजन स्तब्ध रह गए। घर में ढोलकों के सुर बंद हो गए और रोने-चीखने की आवाजें सुनाई पड़ने लगीं। सूचना मिलते ही सकरावा पुलिस ने शव को पंचनामा प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। उधर, घटना को लेकर कारण का पता नहीं चल सका है और न ही घर वाले कुछ बोलने को तैयार हैं।

# 40 डिग्री सेल्सियस पर पारा, चलीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर के समय धूप तेज होने से सड़कों पर रहा सन्नाटा
- मौसम विभाग ने जताई आंधी-बारिश की संभावना

**अमृत विचार।** पश्चिमी हवाओं के विक्षोभ के बाद जैसे ही सूरज ने आंखें तरेरी तो लोग बिलबिला उठे। दोपहर के समय पारा 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया तो 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर दिया।

सोमवार को दोपहर में जहां पारा उछला तो लू ने भी अपना रौद्र रूप दिखाया। लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग चेहरे को ढक कर निकले। दोपहर के समय बाजार जाने वाली युवतियां भी चेहरे पर दुपट्टा बांध कर निकलीं। अधिकांश सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार पहले पूर्वी हवाएं चल रहीं थीं। इसके बाद हवा ने दिशा बदली तो उत्तर-पश्चिमी हो गई। इसके प्रभाव से वातावरण में विक्षोभ उत्पन्न हो गया। सूरज की किरणें जब पृथ्वी पर सीधी पड़ी तो उसके प्रभाव से हवा भी गर्म हो गई, जिसने लू का रूप ले लिया। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि हवा की दिशा जब तक पश्चिमी रहेगी तब तक गर्मी में इजाफा होगा। अभी तापमान और अधिक बढ़ने के आसार हैं।

इस सप्ताह आसमान भी साफ रहेगा, लेकिन हवा की गति अधिक होने से आंधी-पानी की संभावना बढ़ गई है।

## मेरिट सूची में हाईस्कूल के इन छात्रों ने भी पक्का किया स्थान

| नाम | प्रदेश की रैंक | कुल अंक | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| काजल पाल | सातवीं | 579 | मालती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तिर्वा |
| प्रखर शाक्य | सातवीं | 579 | मां सरस्वती हायर सेकेंड्री स्कूल सौरिख |
| उत्कर्ष पाठक | सातवीं | 579 | टैगोर पब्लिक स्कूल छिबरामऊ |
| कशिश | सातवीं | 579 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अभय यादव | आठवीं | 578 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अजय यादव | आठवीं | 578 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| आरुष | आठवीं | 578 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| रितिक राजपूत | आठवीं | 578 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| शाहिद अफरीदी | आठवीं | 578 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| आशीष राजपूत | नौवीं | 577 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| सिद्धार्थ | नौवीं | 577 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अंजली राजपूत | नौवीं | 577 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| दिव्या गुप्ता | नौवीं | 577 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अभिनव | दसवीं | 576 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अभिषेक | दसवीं | 576 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अंकित कुमार | दसवीं | 576 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| गार्गी शर्मा | दसवीं | 576 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| प्रज्ञा | दसवीं | 576 | एएसएस हायर सेकेंड्री स्कूल नगला पछू |
| यशराज | दसवीं | 576 | पीएनएसएन इंटर कॉलेज सौरिख |
| श्रद्धा | दसवीं | 576 | जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम |
| नरायन पांडेय | दसवीं | 576 | टैगोर पब्लिक स्कूल छिबरामऊ |
| योगेश | दसवीं | 576 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |
| दीपांशी | दसवीं | 576 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |

# लुटेरे ने कुबूला जुर्म, जेल में बिताई अवधि की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पांच साल पहले चालक को धक्का देकर लूटी थी कार

**अमृत विचार।** पांच साल पहले चालक को धक्का देकर कार लूटने के मामले में आरोपी ने कोर्ट में अपना जुर्म कुबूल कर लिया, जिस पर विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने उसे जेल में बिताई गई अवधि डेढ़ साल की सजा सुनाते हुए पांच हजार रुपये अर्थदंड के आदेश दिए हैं।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि 17 दिसंबर 2019 को इंदरगढ़ थाने में जनपद बुलंदशहर के कस्बा खुर्जा के ज्ञान लोक कॉलोनी निवासी हिमांशु भटनागर पुत्र जयपाल भटनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भाई आकाश भटनागर के नाम एक कार है, जिसकी लखनऊ के लिए बुकिंग की गई थी। बुकिंग पर चालक मोनू पुत्र रोहताश निवासी खुर्जा को भेज दिया था, यह कार अमित नाम के युवक ने बुक की थी। 17 दिसंबर 2019 को चालक मोनू कार को बुकिंग पर लेकर चला गया। कन्नौज में जीटी रोड पर जसोदा के पास एक ढाबे पर रात 10 बजे सभी रुके। इसके बाद अमित ने कार चलाने के लिए ले ली। दोनों तिर्वा रोड पर चले और बढ़नपुर वीरहार के पास चालक मोनू को धक्का देकर भाग गए। विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक विजयकांत मिश्रा ने अभियुक्त अवनीश उर्फ आशू पुनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को आशू ने कोर्ट में जुर्म स्वीकार कर लिया।

## भाजयुमो नगर अध्यक्ष से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला अशोक नगर जीटी रोड निवासी भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 20 अप्रैल की रात लगभग 10.45 बजे वह शादी समारोह में शामिल होने नगर के जीटी रोड स्थित गेस्ट हाउस गये थे।

जहां पहले से मौजूद रामगंज निवासी अमन वर्मा, तिर्वा रोड निवासी आंचल गुप्ता व ध्रुव गुप्ता आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उसे लात, घूसों और डंडों से पीट कर घायल कर दिया।

तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान उसकी सोने की चैन कहीं गुम हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पुलिया चोक होने से मोहल्ले में जलभराव

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रोड बाईपास से तिराहा पर बनी पुलिया चोक हो जाने से जलनिकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर समस्या के निस्तारण की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खण्ड)-एक कन्नौज को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग की है।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य पीडी विश्वकर्मा, सभासद निर्मल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सविता आदि ने अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित को रामगंज में जलभराव की समस्या के निस्तारण की मांग की थी। इस पर अधिशासी अधिकारी ने पालिका के निर्माण पटल सहायक जिलेदार सिंह व सफाई प्रभारी राजन राजपूत को भेजकर सफाई कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिया अंदर से चोक होने से सफाई नहीं हो सकी। इसके बाद ईओ ने चोक पुलिया का स्थलीय निरीक्षण । उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है। इसमें पुलिया का अतिशीघ्र पुनर्निर्माण कराए जाने की मांग की गई है। जवाब मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरपी सिंह, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा, राजन राजपूत, दीनानाथ, पूरन सिंह, वीर सिंह, संजीव सेंगर सहित नागरिक मौजूद रहे।



चोक पुलिया का निरीक्षण करते ईओ अनिल पंडित व मौजूद नागरिक।

# स्वयंसेवक पद के लिए दिया साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में साक्षरता शिविर के लिए होगी भर्ती
- प्राधिकरण की सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण ली जानकारी

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वयंसेवक पद के लिए अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिए। उनसे कानून व अन्य सामाजिक विषयों पर सवाल पूछे गए। चयन सूची बाद में जारी की जाएगी। वहीं, प्राधिकरण की सचिव ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया और बुजुर्गों का हालचाल लिया।

सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पराविधिक स्वयंसेवकों के लिए अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिला जज चंद्रोदय कुमार के निर्देश पर चयन समिति में शामिल अपर जिला जज प्रथम लोकेश वरुण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल व विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट अजय कुमार श्रीवास्तव ने अभ्यर्थियों से सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची बाद में जारी की जाएगी। एडीजे लवली जायसवाल ने पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रबंधक अंकित शुक्ल को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। स्टाफ नर्स ललिता ने बताया कि प्रति माह बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल से फिजीशियन डॉ. एम. शाक्य आते हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी बुजुर्ग का कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो वह विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान पराविधिक स्वयंसेवक नितिन सक्सेना, जगदीश चंद्र व लिपिक बसंतराम उपस्थित रहे।



साक्षात्कार लेते एडीजे लोकेश वरुण, लवली जायसवाल व अजय श्रीवास्तव।

## मवेशी को बचाने के प्रयास में ऑटो पलटा

**गुरसहायगंज।** तेज गति से आ रहा ऑटो मवेशी बचाने के प्रयास में हाईवे पर पलट गया। इससे आटो में सवार चार यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया।

सोमवार की सुबह लगभग 07 बजे छिबरामऊ से सवारियां भरकर गुरसहायगंज की ओर आ रहा ऑटो कोतवाली के निकट जानवर बचाने के प्रयास में पलट गया। उसमें सवार ग्राम बहबलपुर निवासी अशोक (58), किशनी के भवानीगढ़ निवासी शिवम (26), छिबरामऊ के झपरी निवासी रामनरेश (55) व समधन के ग्राम लालपुर निवासी कुंवर चन्द्र (36) घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से घायल अशोक को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

# कंटेनर की टक्कर से युवती की मौत, मां-बेटा घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- नगर के पूर्व बाईपास पर हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** नगर के पूर्वी बाईपास पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत हो गई। उसकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। मां को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



उपासना।

सोमवार की शाम लगभग चार बजे नगर के पूर्वी बाईपास तिराहे पर कंटेनर चालक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। घटना में मुंसीपुर फफूंद जनपद औरैया निवासी 19 वर्षीय उपासना पुत्री रमेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी मां पिंकी देवी तथा भाई आकाश गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। मृतका के शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दी। हालत गंभीर होने पर मां को डॉ. भीमराव अंबेडकर राम जी राजकीय महाविद्यालय तिर्वा के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि तीनों लोग सौ शैय्या चौकी क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी नानी के यहां गए थे। घर लौटते समय हादसा हो गया। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। मामले की तहरीर दी गई है।

## कन्नौज की मेरिट सूची में 12वीं के इन छात्रों ने बनाया स्थान

| नाम | प्रदेश की रैंक | कुल अंक | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| सुयश यादव | सातवीं | 479 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| अदिति श्रीवास्तव | सातवीं | 479 | माया देवी इंटर कॉलेज कन्नौज |
| आकांक्षा तिवारी | सातवीं | 479 | मुन्नी देवी इंटर कॉलेज छिबरामऊ |
| अंशू पाल | सातवीं | 479 | जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम |
| संतजी | आठवीं | 478 | हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ |
| गरिमा सिंह | आठवीं | 478 | एमएस देवी इंटर कॉलेज डिगसरा |
| अभिनव कुशवाहा | आठवीं | 478 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| नितिन श्रीवास्तव | आठवीं | 47 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| जयति गुप्ता | आठवीं | 478 | क्रांतिकारी शिक्षा सदन इंटर कॉलेज इंदरगढ़ |
| लक्ष्मी | आठवीं | 478 | जागृति पब्लिक स्कूल तालग्राम |
| आकर्ष राजपूत | नौवीं | 477 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| आंकक्षा शुक्ला | नौवीं | 477 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |
| सिदरा आजम | दसवीं | 476 | महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज तिर्वा |
| सुशील कुमार | दसवीं | 476 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| प्रिया राजपूत | दसवीं | 476 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा |
| प्रांशी शर्मा | दसवीं | 476 | माया देवी इंटर कॉलेज कन्नौज |
| सुनाली | दसवीं | 476 | श्रीराधेश्याम इंटश्र कॉलेज तालग्राम |
| शिवओम | दसवीं | 476 | महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज तिर्वा |

शाबास बच्चे

हाईस्कूल में 107 तो इंटरमीडिएट में 46 छात्राओं ने दी थी परीक्षा, 91 .30 प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम, दी बधाई

# मुस्लिम मोहम्मदिया कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड में शहर के मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम लहराया। विद्यालय स्तर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अबुल कलाम ने बताया कि विद्यालय में हाईस्कूल में 107 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुईं तो इंटरमीडिएट में 46 छात्राओं में 14 प्रथम श्रेणी में और 25 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं हैं। हाईस्कूल में इस्मा जौहरी ने 90.16 प्रतिशत, अबुल कैश ने 84.33 प्रतिशत, मैनाज ने 80.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में अर्शीन ने 70.40 प्रतिशत, इकरा बानो ने 69.20 प्रतिशत तथा इल्मा ने 60.60 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।



प्रधानाचार्य अबुल कलाम के साथ मेधावी छात्राएं। अमृत विचार

**बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं का किया सम्मान**

:सौरिख, कन्नौज। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से सम्मानित किया गया। आशा देवी इंटर कॉलेज, सौरिख का परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की छात्रा दीक्षा पाल व छात्र वैभव कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से 561 अंक (93.5%) पाकर तहसील व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी दुबे ने 542 अंक (90.3%)पाकर द्वितीय एवं निश्चल पाल ने 539 अंक (89.8)पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर में सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। अवनी गुप्ता ने 464 अंक(93%) पाकर ब्लॉक व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरिया बानो ने 449 अंक (89.8%) पाकर द्वितीय एवं तनु त्रिपाठी ने 445 अंक(89%) पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निदेशक दिनेश गुप्ता, प्रबंधक अभय गुप्ता, प्रधानाचार्य सरोज गुप्ता व आदित्य चौहान ने बच्चों को माला पहना एवं मिठाई खिलाकर प्रशस्त्र पत्र प्रदान किये। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## आरएस इंटर कॉलेज के छात्रों ने बढ़ाया मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम कसावा स्थित आरएस इंटर कॉलेज के छात्रों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय में मेधावी बच्चों को बुलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकुमार यादव व शिक्षक विवेक यादव ने बताया कि इंटरमीडिएट में छात्रा करिश्मा पुत्री रामजीत ने 93 .4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्र अर्जुन पुत्र उदयवीर ने 93 .4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हाईस्कूल में छात्रा आयुषी द्विवेदी पुत्री आशीष द्विवेदी ने 91 .3 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो सत्यम पुत्र मंशाराम ने 90 .5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी मेधावियों को पुरस्कृत किया है। विद्यालय के शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





मेधावी छात्रा करिश्मा, अर्जुन।

# बसपा से इमरान तो गरीब आदमी पार्टी से श्रीकृष्ण ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नामांकन के चौथे दिन बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर व गरीब आदमी पार्टी से डॉ.श्रीकृष्ण मिश्रा ने पर्चा दाखिल किया। दोनों प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग ऑफीसर को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद रही और प्रत्याशी व प्रस्तावक समेत कुल पांच लोगों को ही अंदर जाने दिया गया।

सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इमरान बिन जफर अपने समर्थकों के साथ तिर्वा रोड पर जुलूस लेकर पहुंचे। कलेक्ट्रेट मोड़ पर पुलिस प्रशासन ने जुलूस रोक लिया और अंदर तीन गाड़ियों समेत 15 लोगों को प्रवेश करने की अनुमति दी। सीओ सिटी कमलेश कुमार की अगुवाई में प्रत्याशी, बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम समेत कई कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी समेत पांच लोगों को जाने दिया गया। रिटर्निंग ऑफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने नामांकन पत्र लिया। जांच के बाद रिसीविंग दी गई। इससे पहले गरीब आदमी पार्टी से डॉ.श्रीकृष्ण मिश्रा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस तरह लोकसभा क्षेत्र में सोमवार तक केवल दो नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं।




आरओ शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते बसपा प्रत्याशी इमरान।



नामांकन पत्र दाखिल करते गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी डॉ. श्रीकृष्ण

### इमरान कानपुर तो श्रीकृष्ण मध्य प्रदेश के

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए पहले नामांकन करने वाले दोनों प्रत्याशी बाहरी हैं। बसपा के इमरान बिन जफर कानपुर के जाजमऊ स्थित डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले हैं और चमड़ा व्यवसाय से जुड़े हैं। खाड़ी देशों में उनका घोड़े की काठी का व्यापार है। वहीं, गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रो. श्रीकृष्ण मिश्रा मध्य प्रदेश के खरगोन जिला स्थित महेश्वर तीर्थ के रहने वाले हैं। वह काफी शिक्षित हैं और डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर हैं।

- चौथे दिन दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन, कलेक्ट्रेट में चाक-चौबंद रही सुरक्षा

### इमरान पर दो लाख रुपये का कर्ज, पत्नी अमीर

**कन्नौज।** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इमरान बिन जफर करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, लेकिन फिर भी दो लाख रुपये का बैंक कर्ज है। अमीरी में उनकी पत्नी सुमैया इमरान भी कम नहीं हैं। उनके पास 22 लाख रुपये का 350 ग्राम सोना है, जबकि इमरान के पास कोई जेवरात नहीं है। सोमवार को नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए हलफनामे में बसपा प्रत्याशी ने दर्शाया है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,99,740 आयकर रिटर्न भरा है, जबकि पत्नी ने 4,35,200 का आईटीआर दाखिल किया है। उन पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उनके बैंक खाते में पांच लाख रुपये जमा हैं, जबकि पत्नी के खाते में तीन लाख रुपये हैं। दोनों के हाथ में 50-50 हजार रुपये की नकदी है। उन पर दो लाख रुपये का कार लोन भी है। पत्नी के पास कोई वाहन नहीं है, जबकि इमरान के पास एक 1.25 लाख रुपये कीमत की जावा बाइक, 12 लाख रुपये की 2010 मॉडल वॉक्सवैगन कार, 14 लाख रुपये कीमत की 2022 मॉडल वॉक्सवैगन टाइगून कार व 3 .50 लाख रुपये की कीमत की 2018 मॉडल वॉक्सवैगन एमियो कार है। इसके अलावा एक लाख रुपये कीमत की एनपी बोर एक पिस्टल तथा एक डबल बैरल बंदूक भी है। इमरान के पास कोई कृषि योग्य भूमि नहीं है, जबकि जेके कॉलोनी कानपुर में एक 200 वर्ग मीटर का एक प्लॉट है, जिसकी कीमत वर्तमान में 50 लाख रुपये है। वह क्राइस्ट चर्च कॉलेज कानपुर से स्नातक हैं और व्यवसाय कर रहे हैं।



इमरान बिन जफर।

## गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी के पास करोड़ों की संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी कोई गरीब आदमी नहीं, बल्कि उच्च शिक्षित और करोड़ों की संपत्ति के स्वामी हैं। इतना ही नहीं, उनकी पत्नी और बेटी भी लखपति हैं। निर्वाचन आयोग को दिए शपथ पत्र में दिए विवरण से यह खुलासा हुआ है।

मध्यप्रदेश के खरगोन जिला स्थित गांव मर्दनिया मंडलेश्वर महेश्वर तीर्थ निवासी डॉ. श्रीकृष्ण मिश्रा ने जौनपुर के वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय से एमएड और पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की है और वह प्रोफेसर हैं। हालांकि उनके हाथ में महज 45 हजार रुपये की नकदी है, जबकि पत्नी मुदिता मिश्रा के पास केवल 25 हजार रुपये हैं। बैंक खाते में 2.80 लाख रुपये तो पत्नी के खाते में 70 हजार रुपये जमा हैं। उनके पास 6.96 लाख रुपये कीमत की एक कार है, जबकि बेटी तान्या मिश्रा के पास 1.06 लाख रुपये की एक्टिवा स्कूटी है। डॉ. श्रीकृष्ण मिश्रा के पास 40 ग्राम सोना है, जिसकी वर्तमान में कीमत 2.80 लाख रुपये है तो पत्नी के पास 300 ग्राम सोना है, जिसका बाजार मूल्य 22 लाख रुपये है। बेटी के पास भी 25 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत करीब 1.75 लाख रुपये है। उनके पास 32 लाख रुपये कीमत का एक प्लाट तथा 29 लाख रुपये का एक मकान भी है। उन पर कोई आपराधिक मामला नहीं है और न ही उनके पास कोई हथियार है।



डॉ. श्रीकृष्ण मिश्रा।

# कयासों पर विराम, सपा ने तेजप्रताप पर खेला दांव

## अखिलेश यादव ने सोमवार को की प्रत्याशी के नाम की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आखिरकार सपा से प्रत्याशी की घोषणा करके अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी कयासों पर विराम लगा दिया। नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन उन्होंने भतीजे व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद को कन्नौज से पीडीए उम्मीदवार घोषित किया है।

बताते चलें कि करीब दो साल से अखिलेश कन्नौज से स्वयं ही चुनाव लड़ने का संकेत देते आ रहे थे। हाल ही में भी जिले में हुई बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक में भी स्पष्ट तो नहीं कहा लेकिन बार-बार संकेत दिए कि वे कन्नौज छोड़कर कहां जाएंगे। 18 अप्रैल को भी पार्टीजनों के साथ बंद कमरे में बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि 'साइकिल चुनाव निशान है और मैं कन्नौज में हूं'। इससे कार्यकर्ताओं को विश्वास था कि अब तो नामांकन का समय भी शुरू हो चुका है तो 'अध्यक्ष जी' ही चुनाव मैदान में होंगे। इसका कारण भी बनता था कि अखिलेश ने राजनीति का ककहरा वर्ष 2000 में कन्नौज की धरती से ही पढ़ा था और फिर लगातार तीन बार सांसद भी रहे। इसी आधार पर पार्टी के कार्यकर्ता व अन्य जिम्मेदार प्रचार प्रसार में भी जुटे थे। अब अचानक तेजप्रताप यादव के नाम की घोषणा से कहीं न कहीं पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को झटका भी लगा है। हालांकि पार्टी अध्यक्ष का निर्णय शिरोधार्य करके प्रचार की नई रणनीति पर विमर्श शुरू हो गया है।



तेजप्रताप।

- बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं तेजप्रताप

### मुलायम के बड़े भाई के पोते हैं तेजप्रताप

**कन्नौज।** लोकसभा कन्नौज से साइकिल लेकर उतरने जा रहे तेजप्रताप यादव पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के बड़े भाई रतन सिंह के पोते हैं। इनके पिता रणवीर सिंह यादव थे जिनका अल्पायु में निधन हो गया था। वे मैनपुरी सीट से सांसद रह चुके हैं। मां मृदुला यादव सैफई ब्लॉक की प्रमुख हैं। इनकी शादी वर्ष 2015 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई थी। अब वे कभी चाचा अखिलेश व चाची डिंपल की कर्मभूमि रही कन्नौज की धरती से ताल ठोंकेंगे।

## किशोरी से गैंगरेप में आरोपियों, पीड़िता की डीएनए जांच

**कन्नौज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गैंग रेप के मामले में पुलिस तीनों आरोपियों व पीड़िता को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल लिया गया।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 29 मार्च को तीन युवकों ने किशोरी को बंधक बना कर दुष्कर्म किया था। घटना में आरोपी अंशू यादव पुत्र शिव सिंह यादव, अमन यादव पुत्र सिपाही लाल यादव, रवि यादव पुत्ररामा नंद यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को तिर्वा पुलिस तीनों आरोपियों व पीड़िता को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। यहां डीएनए जांच के लिये सभी का सैंपल लिया गया। पुलिस का कहना है कि डीएनए जांच से स्पष्ट हो जायेगा कि गैंग रेप हुआ या नहीं। फिलहाल रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

# घर-घर जाकर डीएम बोले, वोट देकर निभाएं जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने मोहल्ला हाजीगंज वार्ड संख्या-25 व 14 में कार्यक्रम आयोजित किया। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये। ईदगाह से सुल्तानपीर से हाजीगंज होते ईदगाह तक मतदाताओं से वोट की अपील की।

लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये सबकी भागीदारी आवश्यक है। 13 मई को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कहा कि बूथों पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम है। बिना किसी भय, दबाव के मताधिकार का प्रयोग करें। बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान तिथि के पहले सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराएं। उन्होने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

गुरसहायगंज प्रतिनिधि के अनुसार, सोमवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित के नेतृत्व में वार्ड 09 हर्ष नगर में पालिका टीम ने नागरिकों को आमंत्रण पत्र वितरित किए। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी, कानूनगो कौशलेन्द्र दुबे, लेखपाल कौशल पांडेय ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। आयोजन जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी ने नागरिकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने सहित गीला एवं सूखा कूडा अलग अलग प्रदान करने की अपील की। इस दौरान सभासद निर्मल श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर सिंह, अशोक शर्मा, राजन बाबू, अशोक आदि मौजूद रहे।



हाजीगंज में मतदाताओं को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत शुक्ल।

- मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत लोगों को वितरित किए आमंत्रण पत्र




मतदाताओ को मिलने वाली वोटर गाइड।

### मतदाता पर्ची के साथ घरों तक पहुंचेगी वोटर गाइड

**तिर्वा, कन्नौज।** मतदाता पर्ची के साथ एक परिवार मे एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। इसमें वोट कैसे डालें और बूथों पर क्या सुविधाएं मिलेंगी व अन्य निर्वाचन संबंधी जानकारी भी रहेगी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की पर्ची पहुंचाएंगे। इस बार मतदाता पर्ची के साथ एक परिवार को एक मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) भी पहुंचेगी। इस गाइड में मतदान कैसे करें, मतदान के लिए पहचान अभिलेखके अलावा ईवीएम और वीवी पैट के उपयोग की भी जानकारी होगी। मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान क्या करें और क्या न करें इसकी भी जानकारी गाइड में मिलेगी। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अशोक कुमार ने दी।

## नामांकन में अधिक समर्थक न करें प्रवेश, परखी ड्यूटी



तिर्वा रोड ओवरब्रिज के निकट लगी पुलिस को निर्देश देते सीओ सदर कमलेश कुमार।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नामांकन के दौरान प्रस्तावक के अलावा अन्य लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश न करें इसको लेकर सीओ सदर ने ड्यूटी परखी। मौके पर लगे पुलिस जवानों को निर्देश दिये कि अवैध तरीके से प्रवेश करने वालों पर कार्रवाई करें।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर सोमवार को क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत हो रहे नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में लगी सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी एवं बैरियर ड्यूटी को चेक किया। इस दौरान उन्होंने कलक्ट्रेट में ड्यूटी पर लगे पुलिस जवानों को कड़े लहजे में निर्देश दिये कि प्रत्याशी के साथ उनके प्रस्तावक को ही प्रवेश दिया जाये। प्रत्याशी के साथ अबैध रुप से प्रवेश पाने वाले लोगों को गेट पर ही रोक दिया जाये। कलक्ट्रेट के बाद उन्होंने तिर्वा की ओर से ओवर ब्रिज के निकट लगे बैरियर का निरीक्षण किया।

# चुनाव में गड़बड़ी करने वालों की सूची तैयार करें अधिकारी : एसपी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर रिकार्ड तैयार करने के लिये खुले पुलिस के चुनाव कार्यालय का एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान कई खास निर्देश दिये।

सोमवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस के चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान देखा कि कौन-कौन सा डाटा फीड किया गया, चुनाव में अति संवेदनसील मतदान केंद्र कौन हैं ? आपराधिक इतिहास कितनों का है। चुनाव में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। इन पर पुलिस ने क्या कार्रवाई की? कार्यालय के प्रभारी को निर्देश दिये गये कि वह चुनाव संबंधी रिकार्ड अपने कम्प्याटर में भीड रखें। अति संवेदनसील मतदान केंद्र कौन-कैन हैं, इन पर पहुंचने का रास्ता कैसा है, यह भी रिकार्ड में रखा जाये। कितना पुलिस बल लगाया जायेगा और कितने मतदान केंद्र है यह भी अंकित रखा जाये। सभी थाना कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दिये जायें कि वह अपने क्षेत्र के अपराधिक लोगों पर पहले से ही शिकंजा कसें।



पुलिस के चुनाव कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

- पुलिस के चुनाव कार्यालय का निरीक्षण कर मातहतों को दिए दिशा-निर्देश

## एक्सप्रेसवे पर बिखरीं अनार की पेटियां

**सौरिख, कन्नौज।** तेज रफ्तार डीसीएम चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे इस पर लदीं अनार की पेटियां एक्सप्रेस वे गिरकर बिखर गईं। गश्त कर रही यूपीडा की सुरक्षा टीम ने सेफ्टी कोन लगाकर पेटियों को इकठ्ठा कराकर डीसीएम में रखवाया। राजस्थान के बाड़मेर जिले के हटिया चोटन निवासी चालक गोभाराम पुत्र अभयराम डीसीएम में अनार लादकर गुजरात से जनकपुर नेपाल जा रहा था। थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 151 पर सुबह 7 बजे के करीब चालक ने अचानक ब्रेक लगाए जिससे डीसीएम में लदी पेटियां एक्सप्रेस वे पर गिर गईं। गश्त कर रहे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सेफ्टी कोन लगाकर यातायात को व्यवस्थित कर पेटियों को इकठ्ठा कराकर डीसीएम में लोड कराया।

## सार-संक्षेप



शहर के मोहल्ला होली में कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### मूर्ति स्थापना के दूसरे दिन धार्मिक आयोजनों की धूम

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला होली में रविवार को वेदी पूजन का आयोजन हुआ। मंगलवार को जल यात्रा के साथ शहर की परिक्रमा के बाद प्राण प्रतिष्ठा कर मूर्तियों को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को मंदिर से कलश यात्रा व मूर्ति लेकर भक्त मां फूलमती मंदिर तक यात्रा निकली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ध्वज लिए यात्रा के आगे चल रहे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्त भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं कुछ भक्त शंख व घडियाल बजाते हुए चल रहे थे। धार्मिक आयोजन मानीमऊ आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कौशल महाराज की मंडली की ओर से कराया जा रहा है। सोमवार को आचार्य ब्रजधीर दुबे, प्रकाश, रुद्र तिवारी, श्रेष्ठ की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान यजामन रमेश पांडेय, महेंद्र बाजपेई, आनंद मिश्रा, मनीष पांडेय, अमित वर्मा, राम चंद्र वर्मा, छोटू वर्मा, आशू पांडेय, ओम जी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के उमर्दा कस्वा निवासी विद्यावती (60) पत्नी रामकिशन शाक्य कस्बे के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया का काम करती थी। शनिवार को बड़ी बेटी रामप्यारी पत्नी चोखेलाल निवासी पाता जनपद औरैया के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में गई थीं। रविवार को अपने नाती विवेक के साथ बाइक से घर लौट रहीं थीं। बेला थाना क्षेत्र के छैंरी पुलिया के पास ब्रेकर पर उछलकर दूर जा गिरीं जिससे सिर में गंभीर चोट लग जाने से बेहोश हो गईं। मौके पर मौजूद ग्रामीण एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने सोमवार अंतिम संस्कार कर दिया।

### ऑपरेशन मुस्कान: 30 मिनट में गुमशुदा बच्ची खोजी

**कन्नौज।** कचहरी रोड सरायमीरा से लापता हुए आठ वर्षीय बच्ची को कोतवाली पुलिस ने तीस मिनट में खोज कर परिजनों के सुपुर्द की है। इस पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस की सराहना की है। कचहरी रोड सरायमीरा निवासी पायल शर्मा पत्नी मनीष शर्मा ने कोतवाली सदर पुलिस को सूचना दी गई कि सोमवार को 04 .30 बजे उसकी 08 वर्षीय पुत्री शनाया नाराज होकर घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो पा रही थी। इस संबंध में सदर कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह व सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने आपरेशन मुस्कान टीम के साथ बच्ची की खोज शुरू कर सूचना के तीस मिनट में बरामद कर लिया। गुमशुदा बच्ची को खोज कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, एक की मौत

**छिबरामऊ।** सौरिख थाना क्षेत्र के खड़िनी चौकी के आदमपुर निवासी सोनू कुमार पुत्र सर्वेश यादव की बहन की बारात 23 अप्रैल मंगलवार को आनी है जबकि भाई सुमित कुमार की बारात 25 अप्रैल गुरुवार को जानी थी। सोनू मैनपुरी निवासी अपने फूफा राघवेंद्र पुत्र रघुवीर सिंह के साथ बाइक से छिबरामऊ शादी के लिए चढ़ावा खरीदने आया था जबकि परिवार के बाकी लोग कार से आए थे। देर रात चढ़ावा खरीदकर परिवार के लोग कार से निकल गए जबकि सोनू फूफा राघवेंद्र के साथ बाइक से गांव जा रहा था। बाइक सोनू चला रहा था। छिबरामऊ सौरिख रोड पर खोजीपुर के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल फूफा राघवेंद्र को रेफर कर दिया।

**हर घर जल योजना** — ठेकेदारों ने पूरे जिले का कर दिया बुरा हाल, नल तो लगाया पर नहीं लगाई टोंटी

# गलियां खोद डालीं और नहीं की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पीएम की हर घर नल से जल योजना के तहत काम कर रहे ठेकेदार गांव की गिलयां उखाड़ कर उखाड़ खुद का काम बना रहे हैं। पाइप लाइन फिटिंग के नाम पर मनमानी की जा रही है। तोड़ी गई गलियों व सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही है। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है।

प्रधानमंत्री की महात्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना जिले में रफ्तार पकड़े हैं। प्रयास किया जा रहा है कि कम समय में सभी लोगों को नल से जल मिलने लगे। योजना के तहत ठेकेदार के कर्मचारी गांव-गांव गलियों की खुदाई कर रहे हैं। गलियों को खोद कर डाल दिया गया है। हर घर के सामने एक पाइप लाइन भी लगा दी गई है। जिस स्थान पर पाइप लगाया गया है उस स्थान को खोद कर डाल दिया गया है। बीते पांच माह से चल रहे पाइप लाइन डालने के कार्य में कर्मचारी मशीनों व अन्य उपकरणों का प्रयोग कर खुदाई कर रहे हैं। गलियों को खोद कर तो डाला जा रहा है पर जिन स्थानों पर खुदाई की गई है। उसे पहले जैसा नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों से जानकारी लेने पर कहते हैं कि गलियों की मरम्मत करने का काम दूसरे ठेकेदार को दिया गया है। यह काम पूरा होने के बाद संबंधित ठेकेदार गांव में पहुंच कर गलियों की खुदाई वाले स्थान की मरम्मत करेंगे। गांव के लोगों का कहना है कि बरसात का मौसम आने पर टूटी गलियों में पानी भरगा और लोग इसी स्थान पर गिर कर चोटिल होंगे। यही नहीं कर्मचारी घरों के बाहर नल तो लगा रहे पर इन में टोटी नहीं लगा रहे हैं। इससे पानी की आपूर्ति होने पर पूरे दिन पानी गांव की नालियों में बहता रहेगा। स्थानीय ठेकेदार विवेक पटेल का कहना है कि जिन गांव में हर घर नल से जल योजना के तहत काम हो रहा है। कर्मचारी गलियों की खुदाई कर रहे हैं। उन स्थानों की मरम्मत कराई जायेगी। गांव के लोग किसी तरह परेशान न हों।



हर घर नल योजना के तहत खोदी गई गांव की गली। अमृत विचार

## गांव के बाहर पुल के निकट मिला अज्ञात अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** श्यमुआपुर गांव के सामने पुल के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां जांच में मृत्यु की पुष्टि की गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ठठिया थाना क्षेत्रके गांव श्यमुआपुर गांव के सामने पुल के निकट सोमवार की सुबह 5:30 बजे कुछ लोग टहलने निकले तो पाया कि एक 50 वर्षीय अधेड़ बेहोशी की हालत में पड़ा है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इस के बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले में जिला अस्पताल के डाक्टर ने शव को मोर्चरी में रखवा कर संबंधित की जानकारी मेमो भेज कर कोतवाली पुलिस को दी। इसके बाद ठठिया थाना पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास करती रही लेकिन किसी ने उस की पहचान नहीं की। पोस्टमार्टम न होने से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।



- ठठिया क्षेत्र के गांव श्यमुआपुर के निकट का मामला

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से चार खंभे टूटे

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज के गांव उम्मरपुर से ठंडी कुइयां जाने वाले मार्ग पर गांव समैचीपुर के निकट रविवार रात लगभग 12 बजे किसी अनियंत्रित बाहन की टक्कर से सड़क किनारे लगे बिजली के चार खंभे टूट गए। इससे गांव कनासी, गांव बमरुलिया, गांव नगला तेजा, गांव नगला गुलरिया आदि के नलकूपों की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। टूटे हुए खंभे सड़क पर गिरने से उम्मरपुर ठंडी कुइयां मार्ग पर बाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। सोमवार सुबह लोगों ने विद्युत कर्मियों को मामले की सूचना दी।

### बसपा नेता शरद श्रीवास्तव भाजपा में शामिल

**फर्रुखाबाद।** बसपा को एक और बड़ा झटका लोक सभा चुनाव से पहले लगा है। बसपा के बरिष्ट नेता शरद श्री वास्तव सैकड़ो समर्थकों के साथ लखनऊ बीजेपी कार्यालय पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए है ।उनके साथ अनुराग जाटव, राम नरेश गौतम ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

# पत्नी की गोली मारकर हत्या

## आरोपी पति गिरफ्तार, मायके में थी पत्नी, तमंचे और बंदूक से चलाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



मौके पर खड़े लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में मायके आई पत्नी को शराब के नशे में पति ने गोलियों से भून कर मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को दबोच कर शव को कब्जे में ले लिया।



ममता।

थाना मेरापुर के ग्राम नगला मगार निवासी 40 वर्षीय ममता अपने गांव की आशा थी। बीते 15 अप्रैल को वह अपनी पुत्री 13 वर्षीय नीरज के साथ मायके मोहम्मदाबाद के ग्राम रामदत्त नगर आई थी। बीती रात ममता के पिता महेश सिंह, मां राजेश कुमारी आदि परिजन खेत में गेहूं काटने चले गए। मायके में ममता और उसकी पुत्री नीरज एक चारपाई पर सो रहे थे। करीब 12 बजे ममता का पति सुखबीर उसके घर के आया। ममता की पुत्री नीरज ने बताया कि पिता ने आते ही डंडे से मां ममता पर हमला कर तमंचे और देसी बंदूक से गोली मार दी। जिससे ममता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और जांच की। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को पुलिस ने उसके घर नगला मगार से दबोच लिया। मृतका की पुत्री नीरज ने बताया कि उसके पिता शराब पीने के आदी थे।

वह उसकी बड़ी बहन रुचि का विवाह मैनपुरी के एक अधेड़ से कर रहे थे। ममता इसका विरोध कर रही थी। इसी बात से आए दिन पिता सुखवीर झगड़ा करते थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### छह माह पहले भी किया था हमला

**फर्रुखाबाद।** ममता को 6 माह पहले भी कुल्हाड़ी मार कर उसका पति घायल कर चुका है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बीती रात उसने ममता को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। एएसपी ने बताया कि पत्नी के हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर ममता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## बिजली के तार टूटने से 230 गांव में रहा अंधेरा

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज गांव सिरमौरा बांगर के पास 33 केवी बिजली लाइन टूटने से नौ घंटे बिजली गुल रही। रात भर ग्रामीण अंधेरे में रहे। नवाबगंज स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र रविवार रात करीब 12.20 बजे बंद हो गया। इसके चलते 230 गाँवों की बिजली बंद हो गई ।ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा अवर अभियंता अनिल गौतम, एसडीओ मनीष वर्मा तथा नोडल अधिकारी अवध प्रताप को सूचना दी गई। इसके बाद रात में ही विद्युत विभाग की टीम सक्रिय हुई। फाल्ट ढूंढने का प्रयास शुरू हुआ। लाइन की पेट्रोलिंग भोर सुबह तक चलती रही। पता चला कि सिरमौरा बांगर के पास हाईटेंशन लाइन टूटने की चलते विद्युत सप्लाई ठप हुई है। लाइनमैन प्रदीप कुमार अनिरुद्ध सिंह, वीर सिंह, अनिल दीक्षित, राजीव कुमार, हुकुम सिंह व् विकास कुमार आदि ने कड़ी मेहनत के बाद तार जोड़े।

## सार-संक्षेप




किट दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

### छात्राओं को किट वितरित की

**फर्रुखाबाद।** मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में रविवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान छात्रों को पर्यावरण से संबंधित किट बांटी गई ईको क्लब प्रभारी पारुल जैन, पूनम शुक्ला और दर्शना शुक्ला के नेतृत्व में स्लोगन, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने पेड़ों का कटान कम करने पर जोर दिया। प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने छात्राओं को प्रमाण पत्र बांटे ।इस अवसर पर राधा दीक्षित, विजयलक्ष्मी, अर्चना देवी, मोनिका राठौर, आयुषी पाठक, वैष्णवी दुबे, तान्या वर्मा, गीतांजलि सैनी, खुशी शर्मा, अप्सरा अवस्थी, अलीशा दयाल, सानिया गुप्ता और इशिका गुप्ता आदि मौजूद रहे।



हवन में आहुतियां देते यजमान। अमृत विचार

### हवन में आहुतियां देकर की मंगल कामनाएं

**फर्रुखाबाद।** राम जानकी महालक्ष्मी अन्नपूर्णा माता, खाटूश्याम मंदिर में यज्ञ हवन हुआ। नवरात्र में 51 शक्तिपीठों के मंगल कलश एवं दुर्गा शक्ति की आराधना पर्व का विसर्जन मंगल कामना के साथ हुआ। सभी देवी देवताओं का भव्य व दिव्य दर्शन एवं प्रसाद, भंडारा का आयोजन किया। जिसमें नगर के सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और कार्यक्रम का आध्यात्मिक लाभ उठाया। यज्ञ हवन मे विजय प्रकाश त्रिपाठी,गणेश मिश्रा,अनिल त्रिपाठी,मनीष मिश्रा,प्रमोद मिश्रा ने भाग लिया ।इस मौके पर मयंक गुप्ता,रचित अग्रवाल,विजय खन्ना,दीपू गुप्ता,संजीव मिश्रा,रवि अवस्थी,मुन्ना पांडेय,अंकित अग्रवाल,जीतू शुक्ला आदि ने व्यवस्था देखी ।मंगलमय उत्सव देर रात्रि तक चलता रहा ।अनिल त्रिपाठी संरक्षक ने बताया कि इस उपासना का उद्देश्य सभी के लिए मंगलमय कामना करना है।



सेंट्रल जेल चौराहे पर लगा जाम। अमृत विचार

### सेंट्रल जेल चौराहे पर जाम लगने से रेंगते रहे वाहन

**फर्रुखाबाद।** इटावा-बरेली हाईवे पर सड़क निर्माण का काम चल रहा है। सेंट्रल जेल चौराहा के नजदीक गड्ढा खोदा गया है। जिस कारण सोमवार को चौराहे पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। चारो तरफ वाहनों की कतार लगी रही ।पुलिस ने वाहनों को धीरे धीरे निकलवाया ।जाम में फंसे लोग गर्मी से बेहाल होते रहे।

### बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर।

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधरनपुर में राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह एवं वार्ड बॉय बृजेश कुमार ने सभी उपस्थित 48 छात्रों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर उनमें से कुल 20 बच्चों को विभिन्न रोगों ( सर्दी, जुकाम, बुखार, कान में मवाद, दर्द, सिर दर्द, दांत कैविटी इत्यादि) से ग्रसित पाया गया। सभी रोगी छात्र-छात्राओं को मौके पर ही संबंधित रोगों की होमियोपैथिक दवा वितरित की गई। साथ ही सभी छात्रों और शिक्षकों के समक्ष अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हे इन संचारी रोगों के लक्षण, कारण, उपचार और इनसे बचने के सरल उपायों पर विस्तृत चर्चा कर उन्हे गर्मियों में दुकानों का खुला भोजन करने से बचने की सलाह दी। बताया कि हमेशा घर का बना ताजा और पौष्टिक खाना ही खाएं। नियमित व्यायाम करें, जल्दी सोएं ,जल्दी उठें और गर्मी, धूप में जाने से पहले समुचित मात्रा में पानी पीकर ही घर से बाहर निकलें। संचारी रोगों से बचाव के तौर पर चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को हाथ साफ करने के सही तरीके का सजीव प्रदर्शन किया। अंत में चिकित्साधिकारी डॉक्टर सिंह ने आगामी 13 मई को जनपद में होने वाले आम चुनाव के दृष्टिगत, सभी बच्चों को, उनके सभी परिजनों द्वारा मतदान के दिन मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।

# महावीर जयंती पर निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



शोभायात्रा में डांडिया करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जैन समाज ने महावीर स्वामी की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई । सधवाड़ा मोहल्ला में श्री महावीर स्वामी जी का पूजन अर्चन वंदन एवं जैन समाज की महिलाओं ने पालना उत्सव डांडिया के भाव नृत्य के साथ उत्सव मनाया। झंडा ध्वज पताका के साथ नगर के मुख्य मार्ग प्राचीन मंदिर सधवाड़ा, सुतरटटी, धुमना बाजार होती हुई जैन समाज की बगिया में पहुंची। वहां पर भजन कीर्तन एवं महाप्रसाद प्राप्त किया। शाम को यह यात्रा सत्य अहिंसा परमो धर्माः महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर जैन समाज की बगिया बढ़पुर से रोडवेज बस अड्डा से लाल शराय, घुमना बाजार, नेहरू रोड, चौक, लोहाई रोड, नाला मछरटटा, साहिबगंज चौराहा होते हुए प्राचीन सधवाड़ा मंदिर में पहुंची। वहां पर महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। महावीर स्वामी की नगर शोभायात्रा में नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने जगह-जगह स्वागत किया एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया। नगर में जैन समाज की महिलाओं ने डांडिया नृत्य पर सभी व्यक्तियों का मन मोह लिया ।जगह-जगह पर भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ में पुलिस विभाग के जवानों द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ यात्रा का समापन हुआ। जैन समाज के द्वारा महावीर के सिद्धांतों की वर्तमान समय में आवश्यकता है। इस यात्रा के द्वारा समाज परिवर्तन एवं स्वर्णिम भारत के निर्माण में अहम भूमिका का संदेश दिया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव आज करेंगे बैठक

**फर्रुखाबाद।** इंडिया गठबंधन की बैठक मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय तीन बजे प्रतिभाग करेंगे। सोमवार को इस बैठक को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने फतेहगढ़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक कर पदाधिकरियों को दिशा निर्देश दिए। प्रदेश महासचिव व जनपद के लोकसभा प्रभारी प्रकाश प्रधान ने कहा की इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों व प्रत्याशी को बुलाया गया है। बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताये जाने पर चर्चा की जाएगी।

# बिजली पोल से कार टकरा कर जल उठी

संवाददाता शमसाबाद, फर्रुखाबाद

- अन्ना मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई कार

**अमृत विचार।** शादी समारोह में दावत खाकर लौट रहे कार चालक के द्वारा अन्ना मवेशी को बचाने के चक्कर में कार बिजली के पोल से टकराकर आग का गोला बन गई। सवार लोगों ने कूदकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चिलसरा प्रहलादपुर मार्ग पर बीती रात्रि सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से कार टकरा गई। पोल कई जगह से टूट गया तथा बिजली के तार कार के ऊपर गिर गए। घटना के बाद कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड्डे में लटक गई। कार चालक व कार सवार लोगों ने जैसे-तैसे कूदकर अपनी जान तो बचा ली। कादरी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला न्यू आदर्श कॉलोनी मसेनी चौराहा निवासी कार चालक राजेश कुमार अपने दोस्त शिवम के साथ थाना क्षेत्र के गांव सरपार में शादी में दावत खाने गए थे। वापस आते समय के शमसाबाद फर्रुखाबाद रोड सहरिया गांव के पास बिजली के पोल से कार टकरा गई। इसमें बिजली का पोल टूट गया और बिजली के तार से कार में आग लग गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल की।

# बारातियों और जनातियों के बीच चले लाठी-डंडे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ब्यूटी पार्लर के रुपये को लेकर हुआ विवाद
- दोनों पक्षों को थाने ले आई पुलिस, नहीं हो पाए फेरे




ईंट-पत्थर लगने से क्षतिग्रस्त वाहन।

**अमृत विचार।** कम्पिल थाना क्षेत्र में आई बारात में ब्यूटीपार्लर के रुपये न देने पर बरातियों और जनातियों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। पथराव होने से कई गाड़ियां क्षति ग्रस्त हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। जनपद एटा थाना बागवाला के गांव नरौरी निवासी रूपलाल के पुत्र विकास का विवाह थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी जगदीश की पुत्री मोहिनी के साथ तय हुआ था। रविवार देर रात बारात युवती के गांव आयी। द्वारचार कार्यक्रम के बाद जयमाला की तैयारी होने लगी। आरोप है कि वर पक्ष ने ब्यूटीपार्लर के रुपये देने से इनकार कर दिया। इससे वधू पक्ष के लोग भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और जमकर लाठी-डंडे, ईंट पत्थर चले। वधू पक्ष ने बारात में आयी गाड़ियां तोड़ दी।

वर पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना 112 नम्बर पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में मारपीट होती रही। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक बराती व जनाती थाने में बैठे हुए हैं। दुल्हन सजी हुई फेरों के इंतजार में बैठी है।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। 4 गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ की सब यूनिट शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में आकर्षक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले का कैडेटस में से पहला स्थान कैडेट एकता शर्मा -दूसरा स्थान कैडेट रितु ने प्राप्त किया । इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए कहा गया कि धरती को बचाने के लिए पर्यावरण का शुद्ध एवं सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है । इसी आवश्यकता को देखते हुए पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है । आयोजन अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा आदि उपस्थित रहे।




संस्था के पदाधिकारियों ने बनाई रंगोली। अमृत विचार

### पृथ्वी दिवस को अलंकरण दिवस के रूप में मनाया

**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती ने विश्व पृथ्वी दिवस को 'भू अलंकरण दिवस' के रूप में मनाया गया। नगर के प्राचीन कालीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर में विधा प्रमुख हेमलता श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव आदि ने रंगोली बनाकर धरती माता का शृंगार किया। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि संस्था हर वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस को भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाती है। पृथ्वी मानव जीवन में अन्य जल आदि को उपलब्ध कराती है। हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए की हम लोग इसका संरक्षण कर सकें। भू अलंकरण दिवस पर रंगोली में एक सांकेतिक भाषा के रूप में शंख,चक्र, गदा, तथा पदम् को उकेरा गया है। अध्यक्ष डाक्टर नवनीत गुप्ता ने कहा कि हम सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाए और वृक्षों का संरक्षण करें। कोषाध्यक्ष अर्पण शाक्य ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। साधना श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी बहुत बढ़ रही है ऐसे में सभी लोग अपने घरों की छत पर पक्षियों के पानी रखे।

## खड़े ट्रक में स्कूटी घुसी, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में खड़े ट्रक में स्कूटी घुसने से दो लोग घायल हो गए। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव बघऊ निवासी रामकृपाल के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद अग्निहोत्री और यदुनन्दनलाल के पुत्र प्रदीप दोनों लोग गांव शुकरुल्लापुर में दवा लेने जा रहे थे। जैसे ही गांव शुकरूल्लापुर के पास पहुंचे। वहां पर रोड के किनारे खड़े ट्रक में स्कूटी सवार प्रमोद अग्निहोत्री ने टक्कर मार दी। इसमें प्रमोद अग्निहोत्री और प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने गंभीर हालत को देखते हुए प्रमोद अग्निहोत्री को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया और घायल प्रदीप का जिला अस्पताल लोहिया में इलाज जारी है।



उपचार करते डॉक्टर।

राजनीति | भाजपा पर बरसे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव

# भाजपा झूठे, बेईमान और भ्रष्ट लोगों की पार्टी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



कार्यक्रम को संबोधित करते शिवपाल यादव। अमृत विचार

- बोले, प्रथम चरण के मतदान में भाजपा को अपनी हार दिख रही

**अमृत विचार।** पार्टी प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने आये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव भाजपा पर जम कर बरसे।

कहा प्रथम चरण में हुए मतदान में भाजपा को अपनी हार दिखाई पड़ने लगी है। इस वजह से भाजपा बौखला गई है। शिवपाल ने फर्रुखाबाद बाईपास स्थित गेस्ट हाउस में फीता काट कर सपा प्रत्याशी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। करीब 3 घंटे देरी से आने के कारण कार्यक्रम में काफी अपरा-तफरी का माहौल रहा। शिवपाल यादव ने मेज पर खड़े होकर भाजपा सरकार पर जोरदार हमले किये। उन्होंने भाजपा को झूठा ,बेईमान, भ्रष्ट एवं धोखेबाज पार्टी बताया। इस दौरान कार्यकर्ता पैर छूकर फोटो खिंचवाने, सेल्फी लेने एवं स्वागत करने में सक्रिय रहे। जिसके कारण सपा नेता यादव के भाषण में काफी खलल पड़ा। इस पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा जोश के दौरान होश बनाए रखें। कोई गलती न करना और न ही भाजपा से डरना। उन्होंने चुनाव के दौरान रोड शो की मांग पर कहा कि वह डॉक्टर के जीत जाने पर नगर में रोड शो करेंगे। उन्होंने डॉ नवल किशोर को इंगित करते हुए कहा कि डॉक्टर हर बीमारी का इलाज करते हैं और भाजपा का भी इलाज कर देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि आप लोगों ने बहुत से चुनाव देखे होंगे। लेकिन यह चुनाव देश की तकदीर बदलेगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से एक-एक वोट डलवाने की अपील करते हुए कहा कि प्रचार के दौरान लोगों को बताना है कि संविधान की रक्षा कौन करेगा और कौन संविधान को खत्म करने जा रहा है। कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह उर्फ मन्नू बाबू पूर्व विधायक अजीत कठेरिया पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी आदि नेता मंच पर मौजूद रहे।

## ट्रेन से लाया गया प्रतिबंधित मांस दबोचा गया आरोपी

**कंपिल फर्रुखाबाद।** प्रतिबंधित मांस की तस्करी कर रहे आरोपित को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी रियाज खां सोमवार सुबह जनपद कासगंज के भरगैन से प्रतिबंधित मांस ट्रेन से कटिया ला रहा था। उसी समय किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज दारोगा शिव बहादुर सिंह ने आरोपित युवक को प्रतिबंधित मांस सहित कंपिल रोड स्टेशन से दबोच लिया। युवक के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस आरोपित युवक व मांस को थाने ले आयी। थाने पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुखदेव ने मांस के नमूने लिए। पुलिस आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# सपा और बसपा पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद




सम्मेलन को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवभारत सभा भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से कश्यप निषाद महासम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि देश में 80 प्रतिशत पिछड़े वर्ग की आबादी है, जिसमें कश्यप और निषाद समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी है। भाजपा हर वर्ग के उत्थान के लिए एवं खासकर पिछड़े वर्ग के सम्मान व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारों में पिछड़ों के नाम पर सिर्फ वोट हासिल किया गया, लेकिन सत्ता प्राप्त करने के बाद पिछड़े समाज को दरकिनार करके वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति की गई। केंद्र की मोदी सरकार ने समाज के सबसे पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने का कार्य किया। योगी सरकार ने सशक्त उत्तर प्रदेश बनाने के साथ-साथ समरसता के आधार पर प्रदेश का चौमुखी विकास किया। केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का कार्य किया। 2024 के चुनाव में पूरे समाज को एकजुटता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बीजेपी सरकार को बनाने का कार्य करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने सम्बोधित किया। सम्मेलन का संचालन भाजपा जिला मंत्री अभिषेक बाथम ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, वरिष्ठ नेता डॉ. रजनी सरीन, कश्यप निषाद कमेटी के अध्यक्ष नारद सिंह कश्यप, अर्जुन सिंह कश्यप, राजपति बाथम, कल्याण सिंह बाथम, राम सिंह कश्यप, अनिल कश्यप, शरद श्रीवास्तव, रामनरेश गौतम व मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# तापमान 39 पर, गर्मी के तीखे तेवर से लोग हो रहे परेशान

## दिन में भी सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, दोपहर में बाहर निकलना हुआ मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** गर्मी अब तीखे तेवर दिखाने लगी है। सोमवार को तापमान 38 डिग्री रहा लेकिन 42 डिग्री जैसी गर्मी महसूस की गई। सुबह से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। दोपहर को तो घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर को तो गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

गर्मी के कारण लोगों को अपने अंगोछे और कैप निकालनी पड़ गई। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर लोग अंगौछे से चेहरा ढककर जाते हुए दिखाई दिए। इन दिनों दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक गर्मी के तीखे तेवर झेलने पड़ रहे हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आनेवाले दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी क्योकि अप्रैल में गर्मी के जो तेवर है उसके चलते आने वाले कुछ दिनों में पारा बढ़कर 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। तेज धूप और गर्मी से लोग खासे परेशान रहे। आने वाले दिनों में यह परेशानी और बढ़ने वाली है। उधर जिला प्रशासन की ओर से हीट वेव से बचाव के लिए बार कोड जारी किया गया है। इस बार कोड के माध्यम से हीट वेव की स्थिति में क्या करें क्या ना करें एवं उपचार की जानकारी मिल सकेगी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जनअभियान चलाकर भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है। अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तुरंत मिलेगी।



गर्मी के कारण सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार



### बिजली दिखाती रही नखरे

**इटावा।** इन दिनों बिजली के ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण का काम चल रहा तथा जर्जर तार और पोल भी बदले जा रहे हैं इसके चलते कई फीडरों की बिजली एक घंटे से लेकर तीन घंटे तक बंद रही। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर फाल्ट के कारण बिजली का आना जाना लगा रहा। गर्मी के इस दौर में बिजली गुल हो जाने से लोगों को काफी कठिनाई हुई। बिना बिजली के कूलर और एसी नहीं चल सकते तो लोगों को इनवर्टर में पंखे में ही रहना पड़ा। पुरविया टोला, सिविल लाइन, चौगुर्जी, नौरगांबाद, पक्का तालाब आदि क्षेत्रों में दिन में बिजली जाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव पाताझारी निवासी महेंद्र सिंह 40 पुत्र ज्योति प्रसाद अपनी बाइक से किसी काम से फिरोजाबाद जा रहा था, तभी रास्ते में किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना बकेवर के पास हुई जहां बाइक से जा रहे प्रदीप कुमार पुत्र मलखान सिंह निवासी मानपुरा जालौन को अज्ञात वाहन ने टक्कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विचार पुरा के पास हुई जहां सर्विस रोड पर पैदल जा रही धनवंतरी पत्नी सालिग राम को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



यात्रा में भक्तों के साथ शामिल महंत भैरवानंद गिरी सागर महाराज। अमृत विचार

# कालभैरव की पालकी यात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहर में तृतीय काल भैरव शमशान यात्रा का आयोजन 'एक कदम संस्कृति की और' के नाम से किया गया। सुमेर सिंह किला स्थित हनुमान गढ़ी से शुरू हुयी भव्य यात्रा बैंड बाजों के साथ मोक्षधाम पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और दीपों से मोक्ष धाम जगमगा उठा। यात्रा में शामिल युवा भक्ति गीतों पर खूब थिरके। हनुमान गढ़ी के महंत वीराचारी साधक भैरवानंद गिरी सागर ने बताया कि श्री कालभैरव यात्रा का आयोजन करने का उद्देश्य सनातन धर्म की प्राचीन पद्धति के अनुसार उज्जैन, बनारस, काशी में काल भैरव भगवान अपने भक्तों का जायजा लेने भ्रमण पर निकलते हैं। वैसे ही इटावा में सुमेर सिंह किला पर महाविद्या काली गुफा में काल भैरव भगवान का स्थान हैं। भगवान काल भैरव अपने भक्तों का जायजा लेने के लिए निकले थे। काल भैरव भगवान की यात्रा काली गुफा से भूतनाथ मंदिर होती हुई मोक्षधाम के लिये निकाली गई।

● **हवन-पूजन के बाद दीपों से जगमग हुआ मोक्षधाम**

यात्रा में भगवान महाकाल की झांकी शामिल थी भक्तों ने आरती पूजन व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा से पूर्व दोपहर में हनुमानगढ़ी पर ब्रह्मलीन स्वामी आनंदेश्वर गिरी लाल बाबा की पुण्यतिथि पर पूजन अर्चन के बाद भव्य भंडारा भी आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर रात मोक्षधाम पर यात्रा संपन्न होने के बाद हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और भक्तों के द्वारा दीपदान भी किया गया दीपदान से मोक्षधाम जगमगा उठा।

यात्रा में हरेश्वरानंद गिरि मोनी बाबा, सन्यासी बाबा रामशरण गिरि, सोनू शर्मा, शिवाय, राहुल सोनी, दीपक सैनी, धीरज सेन, ज्ञान सिंह तोमर, शिशुपाल सिंह भदौरिया, मयंक दुबे, संजय वर्मा, जागृत शुक्ला, संजू यादव, राजीव यादव, अनुपम वर्मा, जैकी आदि रहे।

# विरोधियों को फंसाने के लिए खुद मारी थी गोली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** छह दिन पहले थाना बसरेहर क्षेत्र के गांव नगला चेनसुख में नवरात्र जवारे को लेकर भजन कीर्तन के दौरान हर्ष फायरिंग करने से युवक के घायल होने का शोर मचा था। पुलिस ने जांच की तो मामला उल्टा निकला, घायल ने विरोधियों को फंसाने के लिए खुद गोली मारी थी जो तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ सैफई शैलेंद्र प्रताप गौतम ने बताया कि 16 अप्रैल की रात नवरात्र ज्वारे के भजन कीर्तन के दौरान फायर होने से इसी थाना क्षेत्र के गांव नगला हराय का पवन कुमार घायल हुआ था,। सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज कराकर घर आ गया, शुरुआत में हर्ष फायरिंग की बात कही गई, बाद में पवन ने नामजदों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने मामले की गहनता से जांच करते हुए फॉरेंसिक टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों को देखा तो पता चला कि फायर से निकली बारूद उसकी बांह पर लगी थी जिससे स्पष्ट हुआ गोली दूर से नहीं नजदीक से मारी गई है। तथ्य सामने आने पर पता चला कि पवन ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिए खुद ही गोली मारी थी। रविवार की रात यह घटना में प्रयुक्त तमंचा कारतूस छिपाने जा रहा था, सटीक सूचना पर भदामई नहर पुल गांव भदवा सावरान रोड पर इसे असलहों सहित पकड़ लिया गया, इसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने तथा अन्य संगीन मामलों के आठ अभियोग पहले से दर्ज हैं।

## जसवंतनगर में 25 को गरजेंगे मुख्यमंत्री योगी

**कानपुर।** चौथे चरण में 13 मई को होने वाले चुनाव के लिये 24 अप्रैल से बड़े नेताओं की जनसभाएं शुरू हो जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौथे चरण के लिये 25 अप्रैल को इटावा की जसवंत नगर विधानसभा में बड़ी जनसभा कर श्री गणेश करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कानपुर देहात में बड़ी जनसभा करेंगे। सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने चुनाव संचालन समिति की बैठक कर कहा कि चौथे चरण के चुनाव में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली पांच लोकसभा में सम्मेलन आयोजित होंगे। कानपुर नगर, अकबरपुर, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज संसदीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभाएं प्रस्तावित हैं। 25 अप्रैल को योगी इटावा की जसवंत नगर विधानसभा में बड़ी जनसभा करेंगे।

# 'चार सौ पार नहीं, साफ होगी भाजपा'

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल ने भाजपा पर पलट वार करते हुए कहा है कि वर्तमान में जितने भ्रष्टाचारी हैं। वे सब के सब प्रदेश सरकार में घुस कर साफ और स्वच्छ दिखने का काम कर रहे हैं। जुमलेबाजों की जुमलेबाजी में फंस कर जनता धोखा खा चुकी है।

इस बार चार सौ पार भाजपा सरकार नारे को सपा नेता अंशुल यादव ने नया जुमला करार देते हुए कहा है कि इस बार जनता भाजपा को पूरा साफ करने जा रही है। उन्होंने मोहल्ला सिंधी कालोनी में सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव, विधायक प्रदीप यादव, राघवेंद्र गौतम, चेयरमैन अजय यादव गुल्लू, पंडित करुणा शंकर दुबे, कांग्रेस के पीसीसी सदस्य सुखराम सिंधी, भरथना के ब्लाक प्रमुख विनोद गौतम, पूर्व प्रमुख हरिओम यादव, सपा नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी, राजकुमार भारती, मो वकील लारा आदि रहे।



भरथना में संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव। अमृत विचार

### मोदी सरकार झूठे वादे करने में माहिर : मुकुट सिंह

**इटावा।** एक मई को इंडिया गठबंधन के मैनपुरी एवं इटावा के प्रत्याशियों के समर्थन में यासीनग़र खड़कोली में आम सभा होगी। भाजपा नीति सरकार संविधान और लोकतंत्र विरोधी है। कारपोरेट सांप्रदायिक गठजोड़ की यह सरकार किसान मजदूर जनविरोधी है। संविधान को बचाने के लिए मोदी सरकार को हराना होगा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य मुकुट सिंह ने आम सभा के सबंध में यासीनगर में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। कहा कि भाजपा सरकार झूठे वादे करने में माहिर है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में किए गये वादों से मुकर गई है। कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलकर मनुवादी व्यवस्था लाकर धर्मनिरपेक्षता, आरक्षण आदि को समाप्त करना चाह रही है। इसीलिए 400 के पार का नारा दे रही है।




सभा को संबोधित करते मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

### सैफई-जसवंतनगर में इस बार होगा निष्पक्ष चुनाव : जयवीर

**जसवंतनगर, इटावा।** मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री ठा .जयवीर सिंह ने जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के नगला विशुन, नगला तौर, कोकावली, नगला उदय सिंह, नगला केशोराय, जैनपुर नागर, रजमऊ, कोठी कैस्त, लुधपुरा, भगवानपुरा, धनुआ में जनसंपर्क किया। सरकार के लोक हितकारी कार्यों की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि अभी तक सपा मैनपुरी में बेईमानी फर्जी वोटिंग करके जीत हासिल करती आई है। अब उनके सामने मैनपुरी के रण में जयवीर सिंह सामने हैं। यहां किसी भी माई के लाल की हैसियत नहीं की फर्जी मतदान कर सके। मैनपुरी से इस बार भाजपा प्रत्याशी ने अपनी जीत का मजबूत दावा पेश किया है। उन्होंने यह भी कहा कि सैफई क्षेत्र में पहले के चुनाव में बूथ कैपचरिंग जैसी घटनाएं सामने आई हैं लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। पूरी तरह से निष्पक्ष चुनाव होगा।

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों को वेतन न मिलने पर जताई चिंता

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति श्रीनारायण द्विवेदी, संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान ने जिले के विभिन्न सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मार्च माह का वेतन भुगतान न हो पाने के कारण चिंता एवं निराशा व्यक्त की। शिक्षक नेताओं ने जनपदीय शिक्षकों व कर्मचारियों के तत्काल वेतन भुगतान कराने के लिए जिला प्रशासन से इस सम्बन्ध में संज्ञान लेने की पत्र भेजकर मांग की है। इसके साथ ही सभी माध्यमिक विद्यालयों का समयांतर्गत वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अगले माह से माह समाप्ति के बाद प्रथम दिनांक अथवा विलंबतम प्रथम सप्ताह में ही सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को वेतन भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### आग लगने से गेहूं की फसल राख

**चकरनगर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम विधीपुरा में सोमवार की सुबह अचानक आग लगने से एक किसान की दो बीघा पकी खड़ी गेहूं की फसल जल गई। भाजपा नेता एवं उनके साथियों ने पेड़ की टहनियों को तोड़कर आग को बुझाया। विधीपुरा निवासी किसान रामजीवन सविता के खेतों में अचानक आग लग जाने से फसल जलने लगी। लखना से अपने गांव जा रहे भाजपा नेता अंशू चौहान, उनके साथी बेटू श्रीवास्तव रेशू चौहान, मनी चौहान, रानू चौहान, डबलू चौहान, मनीष पाड़े, अंगद दुबे, विवेक कुशवाह, जगदीश माथुर ने रुककर सड़क के किनारे खड़े आम के पेड़ की टहनियों को तोड़कर आग पर काबू पा लिया। जिससे दूसरे खेतों तक आग नहीं पहुंचा सकी।

### बिना परमिट चल रहीं दो बसें सीज

**ताखा, इटावा।** एआरटीओ ने ऊसराहार में सवारियां लेकर दौड़ रहीं बसों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया और बिना परमिट के दौड़ रहीं दो बसों को सीज कर दिया। 21 वाहनों के चालन काटकर 2 लाख 60 हजार रुपये अर्थदंड वसूला गया। किशनी बिधूना मार्ग पर परमिट को नवीनीकृत कराए बिना ही चलाए जाने की सूचना पर एआरटीओ ब्रजेश कुमार ने ऊसराहार में चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने मार्ग पर सवारियां लेकर अनाधिकृत रूप से दौड़ रहीं दो बसों को पकड़ लिया। दोनों बसों के चालक मार्ग पर चलने का परमिट नही दिखा सके। जिसके बाद दोनों बसों को उन्होंने ऊसराहार थाने ले जाकर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से प्राइवेट वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। काफी देर तक मार्गों पर वाहनों का आवागमन भी कार्यवाही की डर से थमा रहा। एआरटीओ चेकिंग समाप्त कर चले गए तब वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

### सौ फीसद रहा गुरुकुल शिक्षा सदन का परीक्षाफल

**महेवा, इटावा।** ब्लाक क्षेत्र महेवा के मुख्यालय कस्बा महेवा में संचालित गुरुकुल शिक्षा सदन इंटर कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में खुशबू ने व इंटरमीडिएट में करुणा गौतम एवं अक्षरा सिंह ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। प्रबंधक पवन कुमार पांडेय ने बताया कि कक्षा दस में खुशबू ने 92 प्रतिशत, प्राची ने 91प्रतिशत, तनुष्का ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में करुणा गौतम एवं अक्षरा सिंह ने संयुक्त रूप से 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पुष्पा ने 90 प्रतिशत व पूनम पांडे 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### महिला बंदियों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

**इटावा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा केंद्रीय कारागार की महिला बैरिक में बंद महिला बंदियों का सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में महिला बंदियों को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें उसके लक्षण व बचाव के बारे में बताया गया। इस मौके पर स्वंय सेवक के द्वारा मिहला बंदियों को साबुन व शैम्पू का वितरण किया गया। इस मौके पर श्वेता श्रीवास्तव के द्वारा यूटीआरसी कैम्पेन के अंतर्गत बंदियों की रिहाई के संबंध में वर्णित प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर अधीक्षक डा रामधनी सिंह, डिप्टी जेलर अशुल मौर्या, लिपिक जैवेंद्र कुमार, स्वंय सेवक सुभाष चंद्र, सूर्य कांत व रचना शर्मा भी मौजूद रही।

# बच्चों को दें स्किल डेवलप करने वाली शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई एक्टिव लर्निंग वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य आज के बदलते परिवेश में बच्चों को एक्टिविटी बेस्ड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से विधार्थियो के कौशल एवं समग्र विकास को किस तरह से बढ़ावा देना है। रिसोर्स पर्सन मनीषा पाठक प्रिंसिपल लखनऊ पब्लिक स्कूल एवं मनीषा सिंह प्रिंसिपल अंबिका स्कूल ऑफ एजुकेशन, बाराबंकी ने 60 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को एक्टिव बेस्ड लर्निंग के गुण सिखाए। प्रधानाचार्य डॉ. आनंद ने कहा कि इस वर्कशाप के जरिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग टीचिंग को बहुत अच्छे से सीखें। रिसोर्स पर्सन मनीषा पाठक एवं मनीषा सिंह ने नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों की स्किल्स को और कैसे डेवलप किया जा सके, इसको लेकर कई प्रकार की टीचिंग बेस्ड जानकारियां दी। वर्कशॉप को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में आकांक्षा राजावत, डॉक्टर हेरोल्ड, भावना भारद्वाज, प्रतीक्षा सिंह, एन जुबैरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन विवेक तिवारी ने किया।




कार्यशाला में संबोधित करतीं रिसोर्स पर्सन। अमृत विचार

● **संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल में एक्टिव लर्निंग वर्कशाप**

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**उदी, इटावा।** जीएसटी स्कूल उदी में प्रगति पत्र वितरण एवं मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिजली विभाग के अवर अभियंता अमर, अवधेश निवेतरी तथा सीएचएस अधीक्षक डा विनोद शर्मा ने सभी कक्षाओं के बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चित्र सहित पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में प्रियंका, दिनेश, अनुष्का गोपका नमन, आयुष, इसान्त, देवांश, प्रश्ना, मानवी आदि शामिल हैं। स्कूल प्रबंधक अनिल तिवारी, रिंकू तिवारी समाजसेवी, अमित तिवारी, मूल चन्द्र राठौर, मनोज शर्मा, गिरिराज ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

विश्व पृथ्वी दिवस | डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कॉलेज में बच्चों ने पहनी पेड़ों की शक्ल की पोशाक

# बच्चों ने वृक्षों का रूप धर दिया पृथ्वी बचाओ का संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कालेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों की फेंसी ड्रेस प्रतियागिता हुई। सभी ने वृक्षों को प्रदर्शित करते हुए पोशाक पहनकर पृथ्वी बचाओ मानवता बचाओ के नारे लगाये। विद्यालय के प्रबंधक रामनरेश यादव ने पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर विद्यार्थीयों को बहुत ही विस्तार से बताया।

प्रधानाचार्य मनोज एमएस ने बताया कि सभी को पृथ्वी में उपस्थित सभी जीव जन्तुओं, पेड़ पोधों आदि का सम्मान करना चाहिए, इसी में सब का कल्याण है। उपप्रधानाचार्या सोनिया चौहान ने कहा कि सभी को जीव जन्तु व पैड़ पौधे के विषय में सोचना चाहिए।

कार्यक्रम में अवनी दुबे, अंश यादव, अंशी, तन्वी व काव्या आदि ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। संचालन दीपाली सेंगर व रागीनी वर्मा ने किया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र चौधरी, जयवीर सिंह चौहान, अशोक मिश्रा, बृजेन्द्र कुमार, विपिन यादव, गणेश दत्त अवस्थी, रविन्द्र सिंह, रानी शाक्य, शबा खान, अंशुल दुबे, अरून आदि रहे।



पृथ्वी दिवस पर वृक्षों का रूप सजाये बच्चे। अमृत विचार



पान कुंवर स्कूल में पौधारोपण करते एआरटीओ ब्रजेश कुमार एवं डॉ. कैलाश।

### पृथ्वी को बचाना है तो प्लास्टिक को हटाना होगा

**इटावा।** पृथ्वी को बचाना है तो पॉलीथीन को हटाना है। यह आह्वान विश्व पृथ्वी दिवस पर नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरटीओ बृजेश कुमार ने कहा कि हमें पर्यावरण के साथ तालमेल बैठा कर जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग होने से हमारा गृह प्रदूषण की चपेट में है। जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ मुकेश यादव ने कहा कि पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े जूट से बने थैलों का इस्तेमाल करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ कैलाश चंद्र यादव ने कहा स्वच्छ प्रदूषण और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शपथ लें तो प्लास्टिक कचरे को काम किया जा सकता है।

# पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने के लिए बनें जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** क्रिएटिव किंगडम स्कूल के बच्चों ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारीयों के साथ में मिलकर अर्थ डे उत्साह और संकल्प के साथ मनाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार को पौधा संरक्षण के लिए दिया।

जिला समंवयक स्पेशल एजुकेशन अधिकारी अर्चना सिन्हा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। बताया कि विभिन प्रकार की एक्टिविटीज के माध्यम से हम बच्चों को जागरूक कर सकते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. श्रेता तिवारी ने बच्चों से कहा कि प्लास्टिक की चीजों का प्रयोग न करके मिट्टी कागज आदि से बनी चीजों का प्रयोग करना चाहिए। हम पृथ्वी से जुड़ी पर्यावरण की चुनौतियां जैसे कि क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि के बारे में जागरूक होकर इनका निदान कर सकते हैं। इस दिन को मनाने का मकसद यही है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरुक हों। विभाग के सभी गणमान्य लव सौरभ, ज्ञानेन्द्र सिंह कुलदीप सिंह, कुलदीप यादव सभी ने अर्थ डे मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य साक्षी सिंह मेघा, वन्दनीय गुप्ता, खुशबू, प्रीति केसरवानी, आदि का विशेष योगदान रहा।



क्रिएटिव किंगडम स्कूल में बच्चों के साथ बीएसए डॉ. राजेश कुमार। अमृत विचार

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

# धधकती आग से जंगल हो रहे खाक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

**वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।**

**मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।**

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफ़ूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्रायः ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

## व्यंग्य

# बच्चों के हक में हो शिक्षा

**हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।**

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिग्भ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

# मतदान - महायज्ञ



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

**राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?**

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्यासियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर धोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण 'को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

## सोशल फोरम

# मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

**राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है । मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।**

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे !

**-फेसबुक वॉल से**

# प्रेम, परिवार और पितृसत्ता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगें। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है ? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है ? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

# औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षों ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोंधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढियां सुखी जीवन जी सकते हैं।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

# एचटी लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल हुई राख

## 15 बीघा फसल का हुआ नुकसान, किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जताया आक्रोश

संवाददाता कंचौसी,औरैया


खेतों में लगी आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के झूलते तारों ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। तेज हवा के चलते हाईटेंशन लाइन के तारों के आपस में टकराते ही शार्ट सर्किट से लगी आग ने गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में कई खेत आग के आगोश में आ गए। एक घंटे तक आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर तकरीबन 15 बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया।

औरैया तहसील क्षेत्र के कंचौसी गांव में कंचौसी ककोर रोड पर पेट्रोल पंप के किनारे से निकली बिजली लाइन के झूलते तार आपस में टकरा गए। स्पार्किंग से निकली चिगारी गेहूं की फसल में गिर गई। इससे गेहूं की फसल में आग लग गई और उसने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। शाम को अचानक आग लगने की जानकारी मिलते ही दोनों गांव के किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े। मामले की जानकारी पुलिस के साथ दमकल विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ियों के मौके पर पहुंचने से पहले किसानों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तकरीबन डेढ़ घंटे तक आग की लपटों ने बिहारीपुर निवासी अवध कुमार तिवारी की 5 बीघा, कंचौसी बाजार निवासी भोला मिश्रा की 5 बीघा, गिरजा शंकर त्रिवेदी की 5 बीघा एवं रिंकू यादव की 1 बीघा सहित लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल ने आग की लपटों को शांत किया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसओ दिबियापुर मुकेश बाबू चौहान एवं कंचौसी चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बात की। अग्निकांड की जानकारी मिलने के बाद लेखपाल नागेश चतुर्वेदी राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जली हुई फसल के बारे में जानकारी जुटाई है। सोमवार की शाम साढ़े चार बजे खेतों में लगी आग के दौरान अधिकांश किसान अपने घरों में थे। खेत में आग लगने की जानकारी मिलते ही किसान और उनके परिवार के सदस्यों ने खेतों की ओर दौड़ लगाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों के अभाव के चलते उन्हें काफी देर तक सफलता नहीं मिल पाई। किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इस संबन्ध में लेखपाल नागेश चतुर्वेदी ने बताया आगजनी से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दी जाएगी।

# पंप की मोटर फुंकने से जलापूर्ति बाधित

संवाददाता फफूंद,औरैया


अधिशाषी अभियंता विद्युत नेहा सिंह को पत्र सौंपते चेयरमैन मोहम्मद अनवर।

**अमृत विचार।** कस्बे में हो रही विद्युत आपूर्ति में हाई और लो वोल्टेज होने से नगर पंचायत के एक नलकूप का समर और अन्य उपकरण फुंक गए। जिससे कुछ मोहल्लों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक नगर पंचायत कर्मियों द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी आपूर्ति हुई। वोल्टेज में आए दिन की दिक्कत को लेकर चैयरमैन मोहम्मद अनवर ने अधिशाषी अधिकारी को पत्र सौंपकर विद्युत आपूर्ति सही करने की मांग की।

गर्मी की शुरुआत होते ही कस्बा लो वोल्टेज की समस्या से जूझने लगा है,शनिवार को मोतीपुर इलाके में अचानक बहुत हाई वोल्टेज आया जिससे कस्बे में पेयजल आपूर्ति करने वाले पंप नम्बर 2 की समर जल गई साथ ही वहां लगे अन्य उपकरण भी जल गए और आठ से अधिक मोहल्लों की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। शाम को पानी नही मिलने पर लोग परेशान हो उठे और उन्होंने चैयरमैन को फोन कर पूरी स्थिति बताई,पेयजल आपूर्ति को लेकर चैयरमैन ने कड़ा रुख अपनाते हुए हर मोहल्ले में टैंकरों से पानी पहुंचाने के लिए कर्मियों को निर्देश दिए। रात और दिन भर टैंकर से पानी सप्लाई किया गया लेकिन फिर भी ऊंचाई वाले मोहल्लों में लोगों को परेशानी हुई। वोल्टेज की समस्या से पेयजल आपूर्ति में हो रही दिक्कत को लेकर सोमवार को चैयरमैन अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह से मिले और उन्हे पत्र सौंपकर बताया कि कस्बा कम और ज्यादा वोल्टेज की समस्या से जूझ रहा है। बताया की नगर पंचायत रोजाना दिन में दो बार सुबह साढ़े पांच से साढ़े छः और शाम चार से पांच बजे तक पेयजल की आपूर्ति करती है। कई मोहल्ले ऊंचाई पर होने के कारण बिना मोटर चलाए लोग पानी नही भर पाते है। इस समय विद्युत न काटी जाए जिससे लोगों को निर्बाध पानी मिल सके।अधिशाषी अभियंता ने विद्युत आपूर्ति जल्द सही कराने का आश्वासन दिया।

# खुलासा : सिर में चोट लगने से हुई थी मनोज की मौत

- पत्नी की तहरीर पर एक नामजद समेत तीन पर हत्या की रिपोर्ट
- रविवार को सड़क किनारे पड़ा मिला था मनोज का शव

संवाददाता अयाना,औरैया


अंतिम संस्कार में मौजूद ग्रामीण व पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सड़क किनारे पड़े मिले शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट आने से मौत होने की पुष्टि हुई। मामले में पत्नी ने रुपयों के लेनदेन को लेकर एक नामजद समेत तीन लोगों पर हत्या कर शव फेंकने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रविवार देर शाम को पोस्टमार्टम के बाद राजमिस्त्री मनोज दोहरे निवासी अयाना का शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। पत्नी प्रीति, पिता करन सिंह, मां राजेश्वरी का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में तनाव का माहौल देखते हुए घटना स्थल पर पुलिस तैनात रही। सोमवार दोपहर को पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया। बता दें कि रविवार सुबह भासौन मार्ग पर गेहूं की फसल की कटाई करने गईं महिलाओं ने बाइक समेत उसके शव को सड़क किनारे खड्ड में पड़ा देखा था। पत्नी प्रीति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सिताब का अड्डा निवासी शिवपूजन के साथ पति का लेनदेन था। शनिवार शाम सात बजे शिवपूजन व उसके दो अज्ञात साथी पति को घर से ले गए थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसके घर जानकारी की तो उसने पति के वहां न होने की जानकारी दी। सुबह पति का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। आरोप लगाया कि शिवपूजन व उसके साथियों ने पति की हत्या कर हादसे का रूप देने का प्रयास किया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# करंट लगने से गई युवक की जान

- बीती रात पंखे का तार लगाते समय लगा करंट, अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**फफूंद,औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात घर में पंखे का तार लगाते समय करंट लगने से हालत गंभीर हो गई परिजन तत्काल उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


विजय।

क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी विजय कुशवाहा 26 वर्ष पुत्र घनश्याम कुशवाहा रविवार की बीती रात घर में पंखे का तार लगाते समय उसे करंट लग गया जिससे वह अचेत होकर गिर गया। परिजनों ने जब उसे इस हालत में देखा तो उसे चिचौली जिला असपताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


रोते बिलखते परिजन।

एक वर्ष पूर्व उसकी अंजलि से शादी हुई थी । उसका का एक बेटा अयांस है। पत्नी व मृतक की मां रामाकांति बेसुध सी हो गई है। युवक की मृत्यु से घर मे कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# मालगाड़ी की चपेट में आए वृद्ध की हुई शिनाख्त

**अछल्दा,औरैया।** थाना क्षेत्र के बलदेव की मड़इया के सामने से गुजरी डीएफसी रेलवे लाइन पर रविवार को एक बुजुर्ग मालगाड़ी की चपेट में आ गया था, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

रविवार सुबह लगभग 9 बजे डीएफसी लाइन पर एक वृद्ध मालगाड़ी के चपेट मे आ गया था। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा खोजबीन करने के बाद मृतक वृद्ध की शिनाख्त जाफर अली के रूप में पहचान हुई थी। मृतक वृद्ध के घटना के सम्बंध में पुलिस द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई, तो परिजन भी पहुंच जाए थे। विदित हो कि घटना के बाद लोकोपायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी को रोक दिया मालगाड़ी का इंजन चेक कर लगभग 10 मिनट बाद मालगाड़ी को रवाना किया और घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी।

# चित्रकूट के कण-कण में बसते हैं श्रीराम

- श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर औरैया मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सेहुद धाम के रामालय परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पुनीत मिश्रा ने प्रभु श्रीराम और केवट संवाद की कथा सुनाई।

केवट द्वारा नदी पार होने के बाद प्रभु श्रीराम महात्मा भारद्वाज के आश्रम पर पहुंचते हैं और उनसे कहते हैं कि मुझे चौदह वर्ष का वनवास हुआ है अतः आप मुझे उचित स्थान बताओ जहां पर मैं वनवास का समय व्यतीत कर सकूं।

तदोपरांत ऋषि भारद्वाज द्वारा पवित्र पावन धाम चित्रकूट के बारे में बताया जाता है। आगे की कथा में प्रभु राम का चित्रकूट के लिए प्रस्थान और वहां पर वनवास का बहुतायत समय बिताने का विस्तार से वर्णन किया। वन गमन के समय प्रभु श्रीराम ने माता सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ अपने चौदह वर्ष के समय में बारह वर्ष तक का समय चित्रकूट धाम में ही व्यतीत किया था। दूसरी ओर तीर्थयात्री यहां मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की धूल में तल्लीन होकर अभिभूत होते हैं। कामदगिरि चित्रकूट धाम का पवित्र स्थान है।

# ट्रक में घुसी कार, आठ घायल

संवाददाता फफूंद,औरैया


दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर सोमवार की सुबह आगे चल रहे ट्रक में एक तेज रफ्तार कार घुस गई, जिसमें सवार आठ लोग घायल हो गए।

सोमवार की सुबह समय करीब चार बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। जिसमें चालक शिवांशु कुमार पुत्र मनोज कुमार,मनोहर पुत्र छोटेलाल, विजयपाल पुत्र हरिराम सिंह, गोविंद पुत्र किशन लाल, रिंकू पुत्र हरबंस सिंह,अशोक पुत्र रामकिशोर, गंगाराम पुत्र छोटेलाल,विनोद पुत्र घनश्याम, समस्त निवासीगण बेटला थाना गढ़ी जिला संभल घायल हो गए हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर है अन्य लोगों के साधारण चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से चिचौली स्थित जिला अस्पताल भेजा तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी।

## सार-संक्षेप

### प्रभु श्रीकृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए मित्रता

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर के निकट ग्राम ऊमरी में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भगवताचार्य धनंजय मिश्रा ने परीक्षित चंद्रप्रभा त्रिपाठी बृजकिशोर त्रिपाठी को श्रीकृष्ण सुदामा प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। आचार्य ने कहा कि सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र की परेशानी समझे और बिना कहे उसकी मदद कर दे लेकिन आज के समय में स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध होता है तब तक मित्रता रहती है और स्वार्थ सिद्ध हो जाने पर मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर अपने मित्र प्रभु श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी जाते हैं। महल के द्वार पर पहुंच जाते हैं तो प्रहरियों को प्रभु श्रीकृष्ण का अपने को मित्र बताते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी यह कहकर उनका उपवास उड़ाते हैं कि दरिद्र व्यक्ति प्रभु श्रीकृष्ण का मित्र कैसे हो सकता है। बाद में एक प्रहरी महल में जाकर प्रभु श्रीकृष्ण को बताता है कि एक दरिद्र व्यक्ति आपसे मिलने आया है और वह अपना नाम सुदामा बता रहा है यह सुनते ही प्रभु श्री कृष्ण नंगे पांव दौड़ पड़े और सुदामा को अपने गले लगा लिया। भगवताचार्य ने कहा कि असली मित्र की पहचान मित्र पर कष्ट आने के समय होती है। इस अवसर पर कार्यक्रम मे रजनीकांत तिवारी,बड़े छोटे तिवारी, सत्यप्रकाश देवकांत मनोज अमित आशीष, बाजपेई,स्वतंत्र, सुदेश,मनू पांडे आदि प्रमुख लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।


कथा सुनते भागवत प्रेमी।


रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 'धरती बचाओ जीवन बचाओ' का दिया संदेश

**औरैया।** गेल डीएवी मॉडल स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस 2024 की थीम है- गृह बनाम प्लास्टिक। जिसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य दोनों पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में सार्वजनिक जागरुकता फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कक्षा एक के विद्यार्थी पृथ्वी दिवस पर लाकेट, कक्षा दो के विद्यार्थी मुकुट तथा कक्षा तीन के विद्यार्थी मुखौटा बनाकर लाए थे। कक्षा चार व पांच के विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन तथा पोस्टर बनाकर धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य धरती के हो रहे दोहन को रोकना और वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस दिन को मनाने की शुरुआत अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में की थी। पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। पृथ्वी दिवस के मौके पर अपने परिवार, रिश्तेदार, दोस्तों और करीबियों को प्रकृति को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पर्यावरण शिक्षा दें। इसके उपरांत प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापक तथा विद्यार्थियों सहित पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में गेल विहार परिसर में एक रैली निकाली गई।


जनसभा स्थल का निरीक्षण करते भाजपा पदाधिकारी व अधिकारी।

### 27 अप्रैल को होगी जनसभा, आएंगे सीएम

**औरैया।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 27 अप्रैल को जनता महाविद्यालय अजीतमल में इटावा लोकसभा प्रत्याशी प्रो डॉ रामशंकर कठेरिया के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बीती रात्रि इटावा लोकसभा प्रत्याशी प्रो डॉ रामशंकर कठेरिया ने लोकसभा संयोजक एवं अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय एवं भाजपा पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ के साथ जनता महाविद्यालय में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवधेश सिंह राजावत पिंकी ,रामानुग्रह सिंह सेंगर,लव तिवारी मौजूद रहे। वही भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री की जनसभा की तैयारिया शुरू कर दी है।

### भक्तों ने महावीर जी को झुलाया पालना

**औरैया।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रविवार शाम दिबियापुर में स्थित जैन मंदिर में 48 दीपों से भक्तंबर पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जाइंट्स ऑफ राइजिंग क्वीन की अध्यक्ष सपना गुप्ता ,यूनिट डायरेक्टर अपर्णा सिंह पाल ,फेडरेशन ऑफिसर रितु चन्देरिया ,वाइस प्रेसिडेंट नीता जैन , जॉइंट डीओऑफ़ नंदनी सेंगर ,डीईओआफ़ रेनू जैन , संजू जैन ,मोनिका गुप्ता आदि पदाधिकारी ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और महावीर जी को पालना झुलाया,जैन समाज के लोगों द्वारा महावीर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया व भजन संध्या का आयोजन किया गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

**मेधा अलंकरण** | विवेकानंद इंटर कालेज सहार का रहा उत्कृष्ट परिणाम , शिक्षकों ने मेधावियों को किया सम्मानित

# दसवीं में साक्षी और इंटर में सानिया को मिले सर्वाधिक अंक

कार्यालय संवाददाता, औरैया


सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहार स्थित अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय स्वामी विवेकानन्द इंटर कालेज के 94 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने हाईस्कूल में और 91 प्रतिशत ने इंटर में सफलता हासिल की। प्रधानाचार्य किशोर कुमार ने बताया कि हाईस्कूल में पंजीकृत 154 परीक्षार्थियों में से 151 ने परीक्षा दी और 142 उत्तीर्ण हुए जबकि इंटर में पंजीकृत 196 में से 191 ने परीक्षा दी जिसमं 173 उत्तीर्ण हुए। इनमें से 139 ने प्रथम और 34 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

भौतिकी प्रवक्ता रामेन्द्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि हाईस्कूल में साक्षी ने सर्वाधिक 520 अंक प्राप्त किए जबकि देवेश ने 501, आदित्य चौहान ने 500, विवेक राजपूत ने 496 यश शाक्य ने 492, जिया सैनी ने 485, प्रेरणा ने 482, आख्या ने 479, अंकिता यादव ने 466 और प्रद्युम्न ने 440 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार इंटर वैज्ञानिक वर्ग में सानिया बानो ने सर्वाधिक 458 अंक प्राप्त किए जबकि एकलव्य ने 455, श्रुति गौतम ने 439, सिमरन बानो ने 433, पारुल ने 431, सौरभ 428, वर्षा राठौर ने 426, हर्ष शाक्य ने 422, दीप्ति ने 422, पायल ने 418 और तान्या ने 418 अंक प्राप्त किए। इण्टर कला वर्ग में अंकुश बाबू ने 426, सुशील ने 347, शिवांगी ने 332, प्रज्ञा ने 323, दिशा ने 317, निशा 316, शालिनी ने 314, निशा यादव ने 312, लाली ने 312 और राम जी ने 307 अंक हासिल किए। इण्टर व्यावसायिक वर्ग में सबाना बानो ने 723, सत्यवीर ने 711, हिमांशु ने 694, नितिन ने 672 और नितिन पाल ने 631 अंक प्राप्त किए। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अक्षय पाण्डेय समेत सभी शिक्षकों ने छात्रों को मिठाई खिलाई और माला पहनाकर सम्मानित किया।



इंटर की जिला टॉप टेन सूची में आए छात्र आशीष को सम्मानित करते प्रधान व अन्य।

### आशीष ने बढ़ाया कोठीपुर गांव का मान

**फफूंद, औरैया।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोठीपुर निवासी श्री राधा कृष्ण इंटर कॉलेज के इंटर के छात्र आशीष कुशवाहा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 94 .4% अंक पाकर जिले की टॉप 10 सूची में स्थान पाया है। उनकी उपलब्धि पर पंचायत भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम प्रधान ने फूल माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सोमवार को कोठीपुर के पंचायत भवन में आयोजित सम्मान समारोह में इंटर के छात्र आशीष कुशवाहा को सम्मानित करते हुए ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने कहा की ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को पढ़ाई के लिए ग्राम पंचायत की ओर से सारी सुविधाएं दी जायेंगी । आशीष ने बताया कि सीमित साधनों में उसने कड़ी मेहनत की वह इंजीनियर बनकर देश और गांव की सेवा करना चाहता है। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव शिव प्रसाद वर्मा रहे।

# क्रॉसिंग बंद न होने से खड़ी रहीं ट्रेनें

संवाददाता कंचौसी,औरैया


स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** औरैया लहारापुर रोड स्थित कंचौसी पूर्वी रेलवे क्रासिंग पर वाहन सवारों द्वारा जल्दबाजी में निकलने के वजह से क्रासिंग बंद नहीं हो सकी, जिससे नई दिल्ली से बनारस जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस 10 मिनट तक खड़ी रही और पटना से नई दिल्ली जा रही नई दिल्ली पटना एक्सप्रेस 20 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही और पीछे आ रही 2 मालगाड़ियों को आउटर पर रोका गया। पुलिस के पहुंचने पर गेट बंद हुआ और ट्रेन गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। सोमवर की सुबह 9.30 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को निकालने के लिए गेट बंद किया जा रहा था तभी वाहन सवार बीच में घुस गए और आवागमन चलता रहा। जब क्रासिंग बंद नहीं हो पाई तो ड्यूटी पर तैनात स्टेशन अधीक्षक ने वन्दे भारत को रेलवे स्टेशन पर और नई दिल्ली पटना एक्सप्रेस को आउटर पर ही रोक दिया।

आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंचे और गेट बंद कराया। तब ट्रेन आगे बढ़ पाई। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण ना होने से रेलवे क्रासिंग पर आये दिन जाम लगता है और राहगीर जाम में घंटों परेशान होते हैं। स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस क्रासिंग पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रेनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है।

### जाम के चलते सात मिनट रुकी रही वंदे भारत

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सहालग के चलते 13-बी क्रॉसिंग पर जाम लगने की वजह से क्रॉसिंग बन्द नहीं होने से होम सिग्नल पर खड़ी हुई वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सात मिनट तक रुकी रही। स्टेशन मास्टर ने आनन-फानन में आरपीएफ को सूचना दी आरपीएफ ने कड़ी मशक्कत के बाद क्रासिंग बन्द कराई तब ट्रेन निकल सकी। सोमवार की शाम 6 :12 बजे दिल्ली से कानपुर जा रही वन्दे भारत ट्रेन को क्रॉसिंग पर जाम लगने से होम सिग्नल पर रोका गया । 13-बी क्रोसिंग पर सहालग के चलते कस्बे में जाम लगने से अछल्दा-बिधूना मार्ग पर लम्बा जाम लग गया। जिससे एक्सप्रेस ट्रेन को 7 मिनट तक रुकना पड़ा क्रासिंग बन्द होने के बाद ट्रेन को गंतव्य को रवाना किया गया ।

# संभल के दंगल में क्या खिलेगा कमल!

**रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद जैसी सीटों से सटे हुए संभल लोकसभा क्षेत्र को सपा का गढ़ माना जाता है। यहां से सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनके भाई प्रोफेसर रामगोपाल यादव चुनाव लड़कर सांसद बने थे।**



मनोज त्रिपाठी

करीब 19 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर 48 फीसदी मुस्लिम और 10 फीसदी यादव वोटों के चलते सपा चार बार चुनाव जीत चुकी है। दो बार बसपा का भी हाथी भी कामयाब रहा है। हालांकि 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां सारे जातीय समीकरण ध्वस्त करते हुए भगवा लहरा दिया था। पहले की तरह इस बार भी सपा की सारी उम्मीदें यहां मुस्लिम-यादव समीकरण पर ही टिकी हैं जबकि भाजपा रालोद से गठबंधन की ताकत के बीच मोदी-योगी के नाम और काम के सहारे तथा जातीय सेंधमारी करके कमल खिलाने में लगी है। हालांकि सपा की वोटों की रणनीति में इस बार जानकारों के मुताबिक बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी स्पीड ब्रेकर बनता नजर आ रहा है। संभल लोकसभा सीट से सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन 27 फरवरी को उनका निधन हो जाने के बाद अखिलेश यादव ने उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। सैनी 2019 का चुनाव 1.74 लाख मतों से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क से हार गए थे। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली इस सीट पर सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। बसपा संभल सीट दो बार जीत चुकी है। 1996 में उसके टिकट पर डीपी यादव और 2009 में शफीकुर्रहमान बर्क जीते थे।

### चार दशक से कांग्रेस को जीत का इंतजार

- संभल लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई थी। पहला चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर लोकदल प्रत्याशी ने जीता। इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस को विजय मिली। इसके बाद से संभल सीट पर कांग्रेस को जीत का इंतजार है। यादव परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर 1989 से 2004 तक लगातार छह चुनावों में यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे। 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट पर श्रीपाल यादव चुनाव जीते। वर्ष 1998 और 1999 में यह सीट हाई प्रोफाइल बन गई जब मुलायम सिंह यादव ने यहां से चुनाव जीता था। 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव चुनाव जीते थे।
- साल 2009 में सपा ने यहां से इकबाल महमूद को टिकट दिया था। उस समय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क सपा में थे और मुरादाबाद सीट से सांसद थे। उनकी और इकबाल महमूद के परिवार में लंबे समय से राजनीतिक अदावत थी। इसी कारण नाराज शफीकुर्रहमान बर्क बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और इकबाल महमूद को हराकर सांसद बने थे। इससे सबक लेकर 2014 में सपा ने डॉ. बर्क को ही प्रत्याशी बनाया। लेकिन मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में डॉ. बर्क ने आरोप लगाया था कि इकबाल महमूद के समर्थकों ने उनका विरोध किया। साल 2019 में भी दोनों खेमों में बगावत सामने आई, लेकिन सपा-बसपा का गठबंधन होने के कारण डॉ. बर्क को बड़े अंतर से जीत मिली।

### 2014 का परिणाम

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सत्यपाल सिंह सैनी | 3,60,242 | 34.08% |
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 3,55,068 | 33.59% |
| बसपा | अकील उर रहमान खान | 2,52,640 | 23.90% |
| आरपीडी | डीपी यादव | 36,134 | 3.42% |
| कांग्रेस | प्रमोद कृष्णम | 16,034 | 1.52% |



### 2019 का जनादेश

सपा 55.6%

भाजपा 40.8%

कांग्रेस 1.1%

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 658,006 |
| भाजपा | परमेश्वर लाल सैनी | 4,83,180 |
| कांग्रेस | मेजर जगत पाल सिंह | 12,105 |

**सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद मैदान में उतरे उनके पौत्र विधायक जियाउर्रहमान की राह में बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी बन रहा स्पीड ब्रेकर**

**1989** से 2004 तक हुए छह चुनावों में यहां यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे

- पिछले चार दशक से इस लोकसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करने को तरस रही है कांग्रेस
- बहुजन समाज पार्टी 1996 व 2009 में संभल सीट पर फहरा चुकी विजय पताका

**1998** और 99 में मुलायम सिंह यादव और 2004 में भाई रामगोपाल जीत थे चुनाव

### आधी आबादी के पास भी किस्मत की चाबी

संभल सीट पर महिला मतदाता महत्वपूर्ण हैं। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला वोटरों की संख्या 8,82,282 है। चंदौसी विधानसभा में सबसे ज्यादा 1,83,072 महिला मतदाता किसी एक प्रत्याशी की तरफ झुकने पर परिणाम बदलने की ताकत रखती हैं। भाजपा के लिए राहत की बात है कि इस सीट से उसकी विधायक गुलाब देवी प्रदेश में मंत्री हैं।

**19** लाख के आसपास मतदाता हैं इस सीट पर

**48%** इस लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता

**11%** प्रतिशत माने जाते हैं यादव बिरादरी के वोटर

**20%** आंकड़ा माना जाता है यहां दलित वोटर का

### पांच विधानसभा सीटों में चार पर सपा काबिज, एक भाजपा के पास

- संभल लोकसभा सीट में जो पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, उनमें कुंदरकी, बिलारी, असमोली व संभल सीट पर सपा का कब्जा है जबकि चंदौसी सीट भाजपा के पास है। चंदौसी से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी विधायक हैं।




### युवा और बुजुर्ग सांसद का रिकार्ड संभल लोकसभा क्षेत्र के ही नाम पर

- वर्ष 1980 में संभल लोकसभा सीट से सबसे युवा सांसद कांग्रेस के टिकट पर विजेंद्र पाल सिंह यादव बने थे। इसके बाद सबसे बुजुर्ग सांसद सपा के टिकट पर वर्ष 2019 में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क बने और सांसद रहते हुए ही 94 साल की उम्र में उनका बीमारी से निधन हुआ।

### भाजपा ने सपा से सीट छीनने के लिए जीत का समीकरण बनाया

- भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर सैनी को सैनी बिरादरी के डेढ़ लाख वोट एकमुश्त मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी उनके लिए सैनी बिरादरी मतों को गोलबंद कर गए हैं। सैनी मतों के बाद परमेश्वर की कोशिश तीन लाख से अधिक दलित मतदाताओं में सेंधमारी की है। माना जा रहा है, यदि दलित मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट किया और मुस्लिम वोट बंट गए तो भाजपा के लिए अपने परंपरागत मतों के साथ मोदी के नाम और काम के सहारे जीत की राह खुल सकती है।



# कम मतदान से चौकन्ना दलों ने किया अब नए सिरे से माइक्रो मैनेजमेंट

**दूसरे चरण की तैयारी**

चुनाव डेस्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कम मतदान की घबराहट भाजपा, सपा और बसपा को चैन नहीं लेने दे रही है, तो राजनीतिक विश्लेषक भी किसी सर्वमान्य नतीजे पर पहुंचने में नाकाम नजर आ रहे हैं। फिलहाल दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रमुख दल ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कराने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस ने नए सिरे से अपनी चुनावी टीम को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों को नए सिरे से ज्यादा वोटिंग के संदेश पहुंचाए जा रहे हैं।

**दिग्गजों के बूथों पर भी नहीं पड़े बंपर वोट, अब माइक्रो मैनेजमेंट**

राजनीतिक दलों ने पहले चरण के मतदान का हिसाब-किताब लगाने पर पाया है कि ज्यादातर दिग्गजों, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और यहां तक कि संगठन के बड़े पदाधिकारी भी अपने अपने बूथों पर बंपर वोटिंग कराने में नाकाम साबित हुए हैं। इसी कारण सभी दलों की चुनाव संचालन समिति और थिंक टैंक ने रणनीति में बदलाव करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देना शुरू कर दिया है।

**जोश बनाए रखने के लिए बताया जा रहा दूसरे का नुकसानः** पहले चरण में मजबूत पकड़ होने का दावा करने वाली भाजपा और सपा का कम मतदान से मायूसी हाथ लगने के साथ संभावित परिणाम को लेकर गणित गड़बड़ा गया है। हालांकि हर दल अपना जोश बरकरार रखने के लिए आरोप-प्रत्यारोप के तहत कम मतदान से दूसरे का नुकसान बता रहा है। विपक्ष जहां इसे भाजपा के लिए खतरे की घंटी बता रहा है तो भाजपा नेता जनता द्वारा विपक्ष की चुनौती नाकारा जाना बता रहे हैं। हालांकि राजनीतिक जानकार कम मतदान को सभी दलों के लिए अच्छा संकेत नहीं बता रहे हैं। एक आंकड़ा यह भी आया है कि 1977 से लेकर अब तक चार चुनाव में वोटिंग कम हुई तो सरकारें बदल गईं। सिर्फ एक बार वोटिंग कम होने पर भी सरकार नहीं बदली थी।

**1977** से अब तक चार चुनावों में मतदान कम होने पर बदल गई सरकार पर एक बार नहीं हुआ सरकार को कोई खतरा

इस बीच चुनाव आयोग ने भी जिला प्रशासनों को मतदान बढ़ाने के उपाय तेज करने को कहा है। भाजपा ने अपने मिशन 80 को देखते हुए बूथ पर सक्रियता बढ़ाने को कहा है। पन्ना प्रमुखों को हर बूथ पर मजबूती से तैनात रहने को कहा गया है। अब हर बूथ से वोटर निकलने का नया लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को हर जिले में नए सिरे से जिम्मा दिया जा रहा है।

# बसपा के लिए लालगंज सीट बचाने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** लालगंज संसदीय सीट इस पर बसपा के लिए नाक का सवाल है। 2019 में इस सीट पर कब्जा जमाने वाली भाजपा ने इस बार नए चेहरे को मैदान में उतारा है। जबकि पार्टी की सांसद सीमा आजाद ने टिकट न मिलने की वजह से ही भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा ने यहां से 2014 की मोदी लहर में जीतीं नीलम सोनकर पर फिर से विश्वास जताया है। जबकि सपा से पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज तो बसपा से डॉ. इंदू चौधरी मैदान में हैं।

वैसे तो लालगंज सुरक्षित सीट पर कभी बसपा तो कभी सपा का कब्जा रहा, लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो भाजपा की नीलम सोनकर ने यहां अच्छे- खासे मतों से जीत दर्ज की। भाजपा ने इसीलिए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें मैदान में उतारा पर पार्टी की अंतरकलह और सपा- बसपा के गठजोड़ की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। नीलम को इस सीट पर सीमा आजाद ने हराया। इस बार सीमा आजाद को उम्मीद थी कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें दोबारा मैदान में उतारेंगी पर ऐसा नहीं हो सका। पार्टी ने उनका टिकट काटकर डॉ. इंदू चौधरी को अपना चेहरा बना दिया। सीमा ने पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इसे बसपा के लिए बड़ा झटका माना गया। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। सीट सपा के खाते में है। पार्टी ने यहां से दो बार सांसद रह चुके दरोगा सरोज पर फिर से विश्वास जताया है।

अगर यहां हुए संसदीय चुनावों में जीत की बात करें तो चार बार बसपा, तीन बार कांग्रेस, जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दो- दो बार, भाजपा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को एक- एक बार जीत मिली। जनता दल ने भी दो बार यहां से परचम लहराया।




- **बसपा सांसद भाजपा के खेमे में जा चुकी हैं**
- **पूर्व सांसद पर भाजपा ने लगाया है इस बार दांव**

### पांचों विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- लालगंज संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। सभी सीटें आजमगढ़ जिले में ही पड़ती हैं। विधानसभा सीटों में अतरौलिया, निजामाबाद, फूलपुर- पवई, दीदारगंज और लालगंज सीटें शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है।

# चार सीटों पर कांग्रेस की दांव पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इस चरण में आठ सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। कांग्रेस सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर इसी चरण में मैदान में है। गठबंधन के तहत सपा बाकी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर मैदान में हैं। कांग्रेस ने गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली के रूप में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतार रखा है। मथुरा की सामान्य सीट पर कांग्रेस ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगाया है, तो बुलंदशहर में शिवलाल वाल्मीकि को उतारा है। अब पार्टी चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रही है।



- मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर सपा के साथ गठबंधन में पार्टी लड़ रही चुनाव

इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद पार्टी ने गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। वहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में कांग्रेस बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता ही नहीं खुला है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रही थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी चुनौती देने की कोशिश करती नजर आ रही है।

### 'सीता' का रोड शो



मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में टीवी सीरियल रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखालिया और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने रोड शो किया।

**कन्नौज लोकसभा सीट** | सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की चुनौती दरकिनार कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला

# सपाइयों को लगा झटका, भाजपा को आसान दिख रहा रास्ता

इरा अवस्थी, कन्नौज





- परिवार के प्रतिनिधि के तौर पर बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद तेज प्रताप पर सपा ने लगाया दांव
- कभी सपा का गढ़ रहे कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की चार विस सीटों पर भाजपा ने जमा रखा है कब्जा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लेकर सपा कार्यकर्ताओं को जोरदार झटका दिया है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा निरंतर दी जा रही चुनौती को दरकिनार करते हुए सपा अध्यक्ष ने खुद को देश भर में प्रचार के लिए खाली रखने का फैसला लिया है। अखिलेश यादव के इस फैसले से सपा खेमे में मायूसी है। माना जा रहा है कि इस निर्णय ने भाजपा की राह इस सीट पर आसान कर दी है।

अभी तक प्रत्याशी की घोषणा न होने तथा अखिलेश द्वारा बार-बार कन्नौज से फिर से चुनाव लड़ने की संकेत देने से सपा कार्यकर्ता इस बार जीत का ताना-बाना बुनने में जुटे थे। माना जा रहा था कि 2019 के चुनाव में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश यादव इस बार कन्नौज के मैदान में ताल अवश्य ठोंकेंगे। इस भरोसे के दम पर ही सपाई खेमे में नामांकन से लेकर प्रचार तक की रणनीति बनाई जा रही थी। हालांकि विधानसभा चुनाव 2022 में सपा के हाथ से कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ और रसूलाबाद विधानसभा चली गईं थीं। केवल बिधूना सीट पर ही 'साइकिल' दम दिखा सकी थी। कन्नौज विधान सभा क्षेत्र जिसे सपा के लिए अभेद्य माना जाता था, उसे भी नौकरी से इस्तीफा देकर आए आईपीएस अधिकारी भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण ने छीन लिया था। हालांकि जीत का अंतर जिले की तीनों विधानसभाओं में खासा कम रहा था। लंबे समय से कन्नौज सपा का गढ़ रहा है, लेकिन 2019 से यह वर्चस्व खत्म हो गया। ऐसे में यह चुनाव कन्नौज में सपा के अस्तित्व की लड़ाई का माना जा रहा है। सपाई भाजपा की चुनौती से मुकाबले के लिए अखिलेश को अजेय प्रत्याशी मान रहे थे। राजनीतिक पंडित भी मान रहे थे कि सांसद व भाजपा प्रत्याशी से नाराज जनता चौंकाने वाला फैसला ले सकती है। लेकिन तेज प्रताप यादव के रूप में नये चेहरे की घोषणा से गणित गड़बड़ाता दिख रहा है। सपा के ही एक वरिष्ठ नेता की माने तो यह निर्णय पार्टी के भविष्य को लेकर आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। उनका कहना है कि भाजपा से नाराज लोधी वोट तेजी से सपा की तरफ रुख कर रहा था। इस फैसले से इस वोट को भी झटका लगना तय है। उन्होंने यहां तक कहा कि पार्टी का यह फैसला कहीं न कहीं भाजपा के लिए राह आसान करने वाला है। हालांकि बताया यह जा रहा है कि मौजूदा समय में अखिलेश नेता प्रतिपक्ष हैं तथा पीडीए के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए खुद को खाली रखना चाहते हैं। इसलिए पार्टी के व्यापक हित और विधानसभा में अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है।

### 20 साल से परिदृश्य से गायब है कांग्रेस

- इस बार तो कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और पीडीए के बैनर पर चुनाव लड़ा जा रहा है। कन्नौज की सीट सपा के खाते में है तो कांग्रेसी साइकिल को ही मजबूती प्रदान करेंगे। लेकिन इस बार भी ईवीएम में 'हाथ' का निशान नहीं दिखने से कांग्रेसी निराश हैं। आखिरी बार कांग्रेस के चुनाव निशान पर 2004 में विनय शुक्ला ने चुनाव लड़ा था। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से 20 साल से कन्नौज में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से प्रत्याशी मैदान में ही नहीं आया।

## एक नजर

### स्वास्थ्य योजनाओं के लिए दिया 29 अरब का अंशदान

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को संचालित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा करीब 29 अरब 19 करोड़ का अंशदान जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार के उप सचिव वेद प्रकाश राय ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए परिवार कल्याण विभाग को स्वीकृत राजस्व व्यय भेज दिया है। प्रदेश में बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के इलाज के साथ ही जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत मिलने वाली पोषण धनराशि आदि तमाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाएं सरकारी अस्पतालों में संचालित होती हैं। इन योजनाओं के संचालन में केन्द्र के साथ ही अंशदान प्रदेश सरकार भी देती है।

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में सोमवार को 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया गया। मथुरा के वृंदावन थाने के वांछित अपराधी मोहित निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने लूटे गए चांदी के आभूषणों, चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं हरदोई के अतरौली थाना पुलिस ने दबिश के दौरान नवी, श्यामा, जाबिर, बलवीर, इरफान, संजीत और राहुल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पांच अवैध तमंचे भी बरामद किये गये हैं। इसके अलावा मैनपुरी के थाना किशनी पुलिस ने 22 अवैध तमंचे बरामद करते हुए पूरन और अजय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नौ कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

# सपा विधायक अभय सिंह के पिता और पत्नी भाजपा में शामिल

## अभय ने राज्यसभा चुनाव में किया था भाजपा के पक्ष में मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ पूर्व सांसद व पूर्व विधायक समेत अन्य दलों के कई नेताओं को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलाई पार्टी की सदस्यता**

**अमृत विचार :** पश्चिम उप्र में भाजपा को लेकर राजपूतों में पसरी नाराजगी के बीच सोमवार को कई बड़े क्षत्रिय नेताओं ने पार्टी का दामन थामा। इसमें सबसे खास गोसाईगंज से सपा के बागी विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और पत्नी सरिता सिंह का भाजपा में शामिल होना रहा। याद हो, बीते दिनों ही सपा विधायक अभय सिंह ने पार्टी लाइन से अलग जाकर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक के अलावा अन्य दलों के कई नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। सभी को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलवायी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित और प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे भी मौजूद रहे।

**तमाम जिलों के अलग-अलग संगठनों से बने सदस्य**

वहीं, सपा से जिला सचिव रमाकांत यादव (अयोध्या), सपा से भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमेन संजय सिंह राजू (अयोध्या), सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मराज कोरी (अयोध्या), बसपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजमणि वर्मा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सरोज कुमार शुक्ला (लखनऊ), अधिवक्ता सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष सर्वेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ (आगरा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र ने भी ली सदस्यता

सोमवार को भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभी नेताओं में पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव) शामिल रहे।

### कई दलों के पूर्व प्रत्याशी और पदाधिकारी भी शामिल

इसके अलावा सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी (बहराइच), ब्लॉक प्रमुख प्रेम चन्देल (उन्नाव), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार (संतकबीरनगर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंवर चन्द्र वकील (आगरा), सर्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल राठौर (फिरोजाबाद), आम आदमी पार्टी से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता (जौनपुर), अखिल विश्व भोजपुरी समाज विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय (वाराणसी), सपा से युवजन सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव (देवरिया), बसपा से पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी शरद श्रीवास्तव (फर्रूखाबाद), सपा से जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव (अयोध्या), सपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य शम्भूनाथ सिंह (अयोध्या) ने भी भाजपा की सदस्यता ली है।



भाजपा कार्यालय में विभिन्न दलों से आए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# सपा से संगीता राजवंशी समेत 24 ने किया नामांकन

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 13 सीटों के लिए 25 तक दाखिल होंगे नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए दो प्रत्याशियों ने भरा पर्चा**

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 45 प्रत्याशी नामांकन पत्र भर चुके हैं। इसके साथ ही, ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन के लिए दो प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी से अवधेश कुमार वर्मा व राष्ट्रीय महान गणतंत्र पार्टी से रामपाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन किया। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में शाहजहांपुर में तीन, खीरी में दो, धौरहरा में एक, सीतापुर में एक, मिश्रिख में तीन, उन्नाव में चार, कन्नौज में दो, कानपुर में तीन, अकबरपुर में तीन व बहराइच में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से राजेश, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया से सुरेश कुमार, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से किरण ने नामांकन पत्र भरा। खीरी सीट के लिए दो प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी से उत्कर्ष वर्मा व बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा ने नामांकन किया। धौरहरा सीट के लिए लोकजन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार ने नामांकन पत्र भरा। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए प्रजा शक्ति पार्टी समदर्शी से राम कुमार मिश्रा ने नामांकन पत्र भरा।

मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से संगीता राजवंशी, नारी नर रक्षक पार्टी से वंदना वर्मा व निर्दलीय प्रत्याशी में अवधेश ने नामांकन पत्र भरा।

उन्नाव सीट के लिए ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से अभि छेदी लाल यादव, जन राष्ट्रवादी संगठन से महेन्द्र कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में मुन्नी लाल व शिव प्रकाश सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

### कन्नौज सीट पर बसपा से इमरान जफर बने प्रत्याशी

कन्नौज सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से इमरान बिन जफर व गरीब आदमी पार्टी से श्रीकृष्ण ने नामांकन पत्र भरा। कानपुर सीट के लिए प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से संजय सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार ने नामांकन पत्र भरा। अकबरपुर सीट के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चन्द्रेश सिंह, भारत रक्षक पार्टी (इंटीग्रेटेड) से प्रदीप, निर्दलीय प्रत्याशी में प्रेमशीला ने नामांकन पत्र भरा। बहराइच सीट के लिए भारतीय आवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र ने नामांकन पत्र भरा।

# तीसरे चरण में 100 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ बरेली की पूर्व महापौर निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन समेत चार ने नामांकन लिया वापस**

**▸▸ 10 सीटों के लिए सात मई को होगा मतदान**

**अमृत विचार :** तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली की पूर्व महापौर निर्दलीय प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन समेत चार ने नामांकन वापस ले लिया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र संभल में एक, फतेहपुर सीकरी में एक, बदायूं में एक व बरेली में एक प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। उन्होंने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे। इसमें एक प्रत्याशी तूबा ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आगरा (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर सीकरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये थे, जिसमें एक प्रत्याशी राकेश कुमार ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एटा क्षेत्र के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बदायूं क्षेत्र के लिए 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें एक प्रत्याशी किशोर कुमार पाल ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आंवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली क्षेत्र के लिए 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। इसमें एक निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रकार 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

# लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाने की दिशा में हो रहा काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत भाजपा नेताओं ने राजनाथ के समर्थन में कीं नुक्कड़ सभाएं**

**अमृत विचार:** दिल्ली-मुंबई की तर्ज पर लखनऊ में दर्जनों फ्लाईओवर बनकर तैयार हो गए हैं। कई फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं। लखनऊ को विश्व स्तरीय शहर बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

उक्त बात उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा में भोला खेड़ा और गीतापल्ली वार्ड में नुक्कड़ सभा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का लखनऊ आज मूर्त रूप ले रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इसको मूर्त रूप देने में जुटे हैं। उन्होंने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। दूसरी ओर लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने मशकगंज के मल्लाही टोला अंबेडकर पार्क में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने द्वारिकापुरी कॉलोनी फैजुल्लागंज और अलीगंज सेक्टर क्यू में, मनीष शुक्ला ने लालकुआं भेड़ी मंडी चौराहा पर नुक्कड़ सभाएं कीं।

# नामांकन के लिए बनाए गए कक्ष, सीसीटीवी से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दोनों लोकसभा सीटों और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में तीन कक्ष बनाए गए हैं। सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार और संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेंद्र अग्रवाल ने 26 अप्रैल से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया को लेकर कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कमरा नंबर-19 जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में लखनऊ लोकसभा, कमरा नंबर-2 एडीएम ट्रांसगोमती न्यायालय कक्ष में मोहनलालगंज लोकसभा और कमरा नंबर-21 सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय के कक्ष में पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन का नामांकन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कक्ष के अंदर और बाहर कुर्सियों की संख्या को बढ़ाया जाए। साथ ही दो प्रतीक्षा रूम भी बनाए जाएं ताकि नामांकन कराने आए अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावकों को बैठाया जा सके।

### मेरठ व अलीगढ़ में मायावती आज करेंगी चुनावी सभाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती 23 अप्रैल मंगलवार को मेरठ व अलीगढ़ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। पहली सभा मेरठ में अल्लीपुर में होगी और दूसरी अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज में होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने सोमवार को बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार जारी है। विभिन्न सीटों पर प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख की चुनावी सभाएं पूर्व निर्धारित हैं। उक्त क्रम में ही मेरठ में प्रत्याशी देववृत्त त्यागी व अलीगढ़ में हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय के समर्थन में सभाएं प्रस्तावित हैं।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद पर हमला

## दो दर्जन हमलावरों ने मंत्री के चेहरे और नाक पर किया प्रहार, सुरक्षा कर्मियों ने बचाया

संवाददाता, संतकबीरनगर

**▸▸ नौ नामजद और दर्जनों अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, चार को भेजा जेल**

**अमृत विचार :** बीती रात कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कठार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर इसी गांव के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों दबंगों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने कैबिनेट मंत्री के चेहरे और नाक पर प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया।

सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां कैबिनेट मंत्री कुछ देर के लिए बेहोश भी हो गए थे। उन्होंने अस्पताल परिसर में ही मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ थोड़ी देर धरना भी दिया। मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर कठार राधेश्याम यादव, जय प्रकाश यादव उर्फ कवि, दुर्विजय यादव, पीएसी में कार्यरत सिपाही अभिषेक यादव, सुरेंद्र यादव, गजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, दुर्ग विजय यादव निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर कठार समेत तमाम अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।



घायल मंत्री डॉ. संजय निषाद।

### सपा के गुंडों ने किया हमला : डॉ. निषाद

**अमृत विचार :** हमले के बाद सोमवार की दोपहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने घटना के पीछे समाजवादी पार्टी का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रविवार की रात वे मगहर के पास स्थित ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी एक कार्यकर्ता के घर लड़की की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। लोगों के अनुरोध पर जयमाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थोड़ी देर बैठकर प्रतीक्षा करने लगा। इसी दौरान सुनियोजित तरीके से सपा से जुड़े ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव अपने दो दर्जन साथियों के साथ पहुंचे और सांसद प्रवीण निषाद की कार्यशैली को लेकर नाराजगी करने लगे। मैंने उन्हें रोकते हुए कहा कि एक दो दिनों में सांसद आप के बीच जरुर आएंगे। उनकी शिकायत उन्हीं से करना। इसी बात को लेकर उक्त लोग बेहद उग्र हो गए और समाजवादी पार्टी का नारा लगाते हुए मेरे ऊपर हमला बोल दिया। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि समाजवादी पार्टी अब समाप्त वादी पार्टी बनती जा रही है। अपनी अराजकता के चलते ही अखिलेश यादव और उनकी पार्टी का वजूद समाप्त होने की कगार पर है।

## वर्ग पहेली-48

**बाएं से दाएं**

2. एक प्रकार की बहुवर्षीय
4. 1. देहयष्टि, मानव शरीर 2. संख्या
5. 1. सेना, फ़ौज 2. युद्ध का मोर्चा, युद्ध का क्षेत्र
7. 1. इंद्र का हाथी, ऐरावत 2. उच्चैःश्रवा।
8. अयोध्या का प्राचीन नाम, उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के किनारे स्थित एक हिंदू तीर्थ स्थान, अयोध्या।
9. 1. मनहूस होने की अवस्था या भाव, मनहूसी, मनहूसियत 2. उदासीनता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जिससे पुराना परिचय हो, बहुत गहरी जान-पहचानवाला 2. जाना-पहचाना हुआ।
3. 1. चलन, रीति, रस्म, प्रथा 2. द्विरागमन, गौना।
6. 1. गांव का मुखिया 2. सरदार, महतो।
7. 1. यहूदियों का बादशाह 2. यहूदियों के राजा दाऊद का बेटा 3. यहूदियों का तीसरा बादशाह जिसने यरूशलम नगर का निर्माण कराया और वह पैगंबर माना जाता है 4. पश्चिमी पाकिस्तान में अवस्थित एक पर्वत।



### वर्ग पहेली -47 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | 2 प | ■ | 3 कु | ■ | 4 खी | ■ |
| ■ | र | ■ | 5 सु | म | र | नी |
| 6 रो | क | था | म | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ना | ■ | 7 चा | 8 ल | बा | ज़ी |
| 9 न | ■ | 10 चौ | प | दा | ■ | ■ |
| जू | ■ | ■ | ■ | ई | ■ | ■ |
| 11 म | ख़ | लू | क | ■ | 12 खो | या |

## सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |

### सुडोकू -126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 05.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 22.32 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आयेगा। घर और कार्यक्षेत्र में खुशियों का माहौल रहने वाला है। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। बड़े-बुजुर्ग आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृष** — आज मनमौजी स्वभाव के लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। लोगों की आर्थिक मदद के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे आज चुका दें। व्यस्तता के बावजूद घर को पर्याप्त समय देंगे।

**मिथुन** — आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। विशिष्ट और रचनात्मक प्रकृति की विधाओं में आप रुचि लेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में आपका मान बढ़ेगा। आज संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं।

**कर्क** — आज आप अपने काम के बजाय दूसरों पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, इससे आपकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। माता की सलाह लेना हितकर होगा।

**सिंह** — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। भाग्य पूरी तरह से आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपकी मदद करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन बहुत ही खुशहाल रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**कन्या** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। धन की कमी दूर होगी। कुटुम्ब जनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। घर में बच्चों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** — आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। विरोधी आपके सामने काफी कमजोर होते प्रतीत हो रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका पूरा दिन कल्पनाओं में बर्बाद हो सकता है। काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। अपने जल्दबाजी वाले स्वभाव पर नियंत्रण लाएं। वरना व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है।

**धनु** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सटीक सिद्ध होंगे। किसी महत्वपूर्ण योजना को बनाने के लिए आज का दिन बेहद शुभ है। गृह कलह से छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ सुकून भरा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी।

**मकर** — आज प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस होगी। परिवार में सब आपकी प्रशन्सा करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ** — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कई दिनों से काम का तनाव आज दूर होगा। आप लोगों को अपने अनुकूल करने में सफल रहेंगे। लेकिन किसी भी स्थिति में अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। आज आपको नई जानकारियां मिलेंगी।

**मीन** — आज का दिन बिल्कुल भी सही नहीं है। लोग आपको सही सलाह भी नहीं दे रहे हैं। इसीलिए इस समय शान्त होकर परिस्थितियों का स्वतः मूल्याङ्कन करना चाहिए। परिवार के विवाह योग्य सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता होगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- गंगा तेरे देश में — सुबह : 08.15
- शादी में जरूर आना — शाम : 06.16

&pictures
- हाथी मेरा साथी — सुबह : 08.17
- बंगाल टाइगर — शाम : 05.23

Sony Pix
- पैसिफ़िक रिम — सुबह : 08.20
- द डार्क नाईट राइसेस — रात : 06.41

Zee Cinema
- ये तो कमाल हो गया — सुबह : 09.00
- मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी — रात : 08.40

Colors Cineplex
- टार्जन — सुबह : 10.34
- और प्यार हो गया — रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :08.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति के सीने से लग के बोली
सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगा के ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति- हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी- बताओ ना जानू...
पति- मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ,
मैं रोक थोड़ी रहा हूं! फिर पति देव की हुई जोरदार कुटाई...

कोयल ने कौवे से पूछा - तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला - बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?



भाजपा ने 17 में से नौ लोकसभा सीटों पर टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा, कांग्रेस ने भी कई सीटों पर टीआरएस के नेताओं पर दांव लगाया

# कांग्रेस- भाजपा की सीधी टक्कर में ठिकाने लगी टीआरएस

चुनाव डेस्क

अलग राज्य की मांग को लेकर चले लंबे आंदोलन के बाद देश के 29वें राज्य के रूप में तेलंगाना का गठन हुआ और यह राज्य दो जून, 2014 को अस्तित्व में आया। इस बार 18वीं लोकसभा के लिए तेलंगाना में चुनाव चौथे चरण में होगा। राज्य की 17 सीटों के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति ( टीआरएस ) जिसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो चुका है, का आधार और प्रभाव विधानसभा चुनाव में हार के एक धक्के से इतनी जल्दी सिमटने लगेगा, किसी ने भी नहीं सोचा था, लेकिन तेलंगाना की हकीकत यही है। पार्टी को सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार झटकों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में उसके सांसद, विधायक और नेता भाजपा या कांग्रेस में चले गए हैं। इसके चलते लोकसभा चुनाव में राज्य की अधिकतर सीटों पर मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा की लड़ाई बदल गया है। इन हालात में टीआरएस प्रमुख केसीआर की कोशिश चुनावी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाकर अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटों पर रास्ता बनाने तक सीमित नजर आ रहा है।

**2019 तेलंगाना में दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| टीआरएस | 09 | 7696848 | 41.4 |
| भाजपा | 04 | 3626173 | 19.6 |
| कांग्रेस | 03 | 5496686 | 29.7 |
| एआईएमआईएम | 01 | 517471 | 2.8 |

### दल- बदलुओं के सहारे भाजपा की बैटिंग

■ तेलंगाना में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे आधे से अधिक भाजपा उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि टीआरएस से जुड़ी है। प्रदेश की कुल 17 में से नौ सीटों पर भाजपा ने टीआरएस से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया है। इनमें से अधिकतर बीते तीन माह के भीतर ही टीआरएस को छोड़कर भाजपा में आए हैं, और भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में आठ सीटें पाने वाली भाजपा को राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करने के लिए टीआरएस के कंधे का इस्तेमाल करना आसान तरीका नजर आ रहा है। यही वजह है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व दल-बदल के खेल में आगे बढ़कर बैटिंग करने में यकीन कर रहा है। टीआरएस के नेताओं को टिकट देकर भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस की चुनौती से निपटने के लिए अपनी नई जमीन तैयार कर रही है। टीआरएस नेताओं को शामिल करने में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस भी पीछे नहीं है। टीआरएस के कई सांसदों और विधायकों को कांग्रेस ने हाल ही में अपने पाले में किया है। पार्टी नेताओं ने भागने के वजह से टीआरएस यहां कमजोर सी हो गई है। हालांकि पार्टी नेता लगातार यहां प्रचार कर माहौल बनाने में जुटे हैं।




**2014 में प्रमुख दलों का वोट शेयर**

| | | |
|---|---|---|
| टीआरएस | 11 | 34.9 प्रतिशत |
| भाजपा | 01 | 10.5 प्रतिशत |
| कांग्रेस | 02 | 24.7 प्रतिशत |
| टीडीपी | 01 | 12.3 प्रतिशत |

### 2019 में टीआरएस के खाते में आईं थीं नौ लोकसभा सीटें

■ टीआरएस ने 2019 के चुनाव में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के पांच सांसदों ने हाल ही में पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा या कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसमें टीआरएस के लिए सबसे बड़ा झटका चेवेल्ला से उसके सांसद रंजीत रेड्डी का दलबदल था। वह अब इसी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार बन चुके हैं। इसी तरह हैदराबाद की खैरताबाद विधानसभा सीट से टीआरएस विधायक दानम नागेंद्र भी अब कांग्रेस से टिकट पाकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। विधायक दानम नागेंद्र को कांग्रेस ने सिकंदराबाद लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के सामने उतार दिया है। उधर, विकाराबाद जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी दलबदल करने के बाद मल्काजगिरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। टीआरएस के पेद्दापल्ली से मौजूदा सांसद वेंकटेश भी कांग्रेस में चले गए हैं। वारंगल के सांसद पसुनुरी दयाकर भी लोकसभा के टिकट से इनकार किए जाने के बाद टीआरएस छोड़ चुके हैं।

### 17 दिन सड़क पर रहेंगे केसीआर, हर सीट पर करेंगे रोड शो

■ कांग्रेस और भाजपा द्वारा टीआरएस में की गई तोड़फोड़ से केसीआर के सामने दोतरफा चुनौती खड़ी हो गई है। छह माह पहले तक राज्य में टीआरएस अजेय भूमिका में थी। केसीआर को अपने ऊपर इतना भरोसा था कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ज्यादा राष्ट्रीय राजनीति पर फोकस कर रखा था। इंडिया गठबंधन से अलग एक नया गठबंधन खड़ा करने की संभावनाओं पर काम करने के साथ राज्य से बाहर राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए नई भूमिका तलाश रहे थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में जमीन क्या खिसकी उनके तमाम साथी, सांसद और विधायक ही साथ छोड़ गए। केसीआर को इस सदमे से उबरने और पार्टी को संभालने में थोड़ा वक्त लगा, लेकिन माना जा रहा है कि अब वह लोकसभा चुनाव को अपने और पार्टी के अस्तित्व से जुड़ी चुनौती मानकर नए सिरे से तैयारी करने में जुटे हैं। केसीआर ने सड़क पर निकल कर लोगों के बीच जाने का पैसला किया है। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत केसीआर ने 24 अप्रैल से अगले 17 दिनों तक राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर रोड शो करने का फैसला लिया है। केसीआर का रोड शो 24 अप्रैल को मिर्यालगुडा में शुरू होकर 10 मई को सिद्दिपेट जिला मुख्यालय पर समाप्त होगा।

## हैदराबाद सीट पर 40 साल से ओवैसी परिवार काबिज






हैदराबाद लोकसभा सीट पर पिछले 40 सालों से ओवैसी परिवार का दबदबा है। इसे उनकी परंपरागत सीट माना जाता है। इसकी एक वजह करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 11 लाख से अधिक होना है। हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी पिछले चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। उनके पिता सलाहुद्दीन ओवैसी ने इस सीट पर आधा दर्जन बार जीत हासिल की थी। इस बार एक बार फिर हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी मैदान में हैं। उनके खिलाफ भाजपा ने तेजतर्रार और हिंदुत्व की प्रबल समर्थक माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है, जो ओवैसी को कड़ी टक्कर दे रही हैं। माधवी लता सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि उनके भाई अकबरुद्दीन के साथ कांग्रेस पर भी हमलावर हैं। वह पसमांदा मुस्लिम महिलाओं के बीच काम करती रही हैं। सोशल वर्कर हैं और एक हास्पिटल चलाती हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम महिलाएं गरीबी और डर में जी रही हैं। वो 10 बच्चों को जन्म दे रही है। लेकिन ऐसे बच्चों का क्या फायदा। जब उन्हें अच्छे से पढ़ा नहीं पा रहे, ठीक खाना और सेहत नहीं दे पा रहे हो। टीआरएस ने ओवैसी और माधवी लता के मुकाबले में गद्दाम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के उम्मीदवार भगवंत राव को 2 लाख 82 हजार 186 वोटों से हराया था। ओवैसी को 5 लाख 17 हजार 471 वोट मिले थे, जबकि भगवंत राव ने 2 लाख 35 हजार 285 वोट पाए थे। टीआरएस उम्मीदवार पुस्ते श्रीकंड को 63 हजार 239 और कांग्रेस के फिरोज खान को 49 हजार 944 वोट हासिल हुए थे। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत 7 विधानसभा सीटें आती हैं. इसमें से 6 विधानसभा सीटों पर एआईएमआईएम का कब्जा है. जबकि एक सीट गोशमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टी राजा सिंह विधायक हैं।

### 5.41 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए मृत्यु, पलायन और फर्जी निकला कारण

■ चुनाव आयोग ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। 15 विधानसभा क्षेत्रों के इन मतदाताओं के नाम इसलिए हटाए गए हैं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर की मौत हो गई है, या वह दूसरी जगह चले गए हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में फर्जी वोटरों के नाम भी हटाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में छह लाख से अधिक फर्जी वोट होने का दावा करते हुए शिकायत की थी। उनका आरोप था कि असदुद्दीन ओवैसी फर्जी वोटों से चुनाव जीतते हैं।

### हाथ से तीर के इशारे पर रिपोर्ट दर्ज, ओवैसी ने इबातदगाहों की सुरक्षा को बनाया मुद्दा

■ हैदराबाद में इस बार ओवैसी और भाजपा के बीच तीखा वार-पलटवार चल रहा है। माधवी लता के एक वीडियो पर खूब सियासत तेज हो रही है। इसमें माधवी लता एक जुलूस के दौरान हाथ से काल्पनिक तीर छोड़ने का इशारा कर रही हैं। आरोप है कि उनका इशारा एक धर्म स्थल की तरफ है। इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। माधवी लता की कड़ी चुनौती में फंसे असुदद्दीन ओवैसी ने ध्रुवीकरणके लिए इस मुद्दे को लपक कर धर्म और वोट से जोड़ दिया है। अभी तक वह अपने भाषणों में जहां मुख्तार अंसारी की मौत से लेकर सीएए और एनआरसी के मुद्दे उठा रहे थे, अब इबातदगाहों की सुरक्षा को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है।



## दिल्ली में दो प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में रार

**ब्यूरो, नई दिल्ली।**
अमृत विचार। दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच हुए सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस के दो उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में अंतरकलह अब चरम पर पहुंच गई है। कन्हैया कुमार और उदित राज की उम्मीदवारी के विरोध में पार्टी कार्यालय के बाहर उस समय जमकर नारेबाजी हुई जब अंदर प्रेस वार्ता चल रही थी।

कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का टिकट काटकर जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद उदित राज को मैदान में उतारा है। इन दोनों उम्मीदवारों के विरोध को सुलझाने के लिए दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के घर में बैठक बुलाई गई थी। वहां पर भी पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक जय किशन व सुरेंद्र कुमार आदि ने जमकर हंगामा किया था।



दिल्ली के नेताओं का आरोप है कि उदित राज एवं कन्हैया कुमार दिल्ली के नहीं है। जबकि स्थानीय नेताओं की मांग यहां पर ज्यादा है। इसलिए यह दोनों उम्मीदवार बदले जाएं। दोनों उम्मीदवारों को लेकर चल रहे बवाल पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाई थी। जैसे ही इसकी जानकारी विरोध कर रहे दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं को लगी, उन्होंने नारेबाजी की।

पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से चांदनी चौक में पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल को टिकट दिया गया है। ठीक उसी प्रकार उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और उत्तर पश्चिम दिल्ली से स्थानीय नेताओं को टिकट दिया जाए।



**मांगा समर्थन**

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को जम्मू में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में लोगों को बताया और कहा कि इस बार चार सौ पार का जो नारा है वह मतदाताओं के दम पर पूरा होगा। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद घाटी में आए परिवर्तन और विकास पर भी चर्चा की। जम्मू- कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। विरोधी दलों की नीतियों को देश विरोधी बताया।

## 'अब मथुरा की बारी' से साध रहे यादव बिरादरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप की कमान तो संभाल ही रखी है, इसके साथ ही यूपी और बिहार में यादव बाहुल्य लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार में जा रहे हैं।

लेकिन इस प्रचार में एक बात हर जगह देखी जा रही है, मुख्यमंत्री मोहन यादव लगभग हर जगह यादव बिरादरी की अस्मिता का सवाल उठाने के साथ 'अब मथुरा की बारी है' का नारा जरुर दे रहे हैं। यादव बहुल सीटों पर रणनीतिक रूप से भाजपा की तरफ से मोहन यादव को यादव मतदाताओं को कमल निशान की तरफ मोड़ने के लिए उतारा गया है।

इसके लिए मोहन यादव के यादव बहुल क्षेत्रों में दौरे और सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी में आकर मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और ब्रज क्षेत्र के साथ-साथ देश-विदेश के कृष्ण भक्तों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कृष्ण जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण की मांग की थी और इसे यादव समाज के सम्मान के साथ जोड़ा था। मध्य प्रदेश के छतरपुर में तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पार्टी अब मथुरा की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा को वोट देना पड़ेगा।



## मजदूरों के घोषणापत्र में मोदी को हटाने की भरी गई हुंकार

**शिमला।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुए अधिवेशन में लोकसभा चुनाव में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान मजबूत करने के लिए मजदूरों का घोषणा पत्र जारी किया गया।

अधिवेशन में मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने का आह्वान किया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल से मोदी सरकार लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्ष और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। अग्निवीर योजना लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले करने में लगी है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दों पर देश का विभाजन करने की नापाक कोशिश की जा रही है।



- सीटू ने सोलन के अधिवेशन में दस साल के कामकाज को कोसा
- अग्निवीर योजना और महंगाई पर सरकार को घेरने की कोशिश

## कांग्रेस खाता खोलने तो भाजपा जीत का अंतर बढ़ाने में जुटी

**भोपाल। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में पहले चरण की छह सीटों पर मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान दूसरे चरण की छह सीटों पर बढ़ गया है। दूसरे चरण में खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन सीटों पर 75 पुरुष, चार महिलाएं और एक थर्ड जेंडर समेत 80 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना में हैं। दमोह, खजुराहो और रीवा में 14-14 और होशंगाबाद में 12 तथा टीकमगढ़ में सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है।**



### टीकमगढ़ : जातीय गोलबंदी व बाहरी के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री को घेरने की कोशिश

■ भाजपा से सात बार के सांसद केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के सामने कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में पंकज अहिरवार को उतारा है। उनकी इलाके में ज्यादा पहचान नहीं है। इसे देखते हुए कांग्रेस यहां स्थानीय बनाम बाहरी को मुद्दा बना रही है। भाजपा सांसद के खिलाफ थोड़ी नाराजगी की बात कही जा रही है, लेकिन मोदी के नाम पर लोग भाजपा के समर्थन में हैं। इस सीट पर अहिरवार मतदाताओं की संख्या करीब पांच लाख है। कांग्रेस की कोशिश इन्हें लामबंद करने की है।



### होशंगाबाद: भाजपा के मजबूत गढ़ में कांग्रेस कर रही सेंध लगाने का प्रयास

■ इस लोकसभा सीट पर भाजपा के दर्शन सिंह का सामना कांग्रेस के दो बार के विधायक संजय शर्मा कर रहे हैं। वह पहले भाजपा में रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने प्रभाव से चुनाव अभियान चला रहे हैं, लेकिन यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ है। मोदी के चेहरे का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है। इस क्षेत्र से प्रहलाद पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल तीन मंत्री आते हैं। भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है।



### खजुराहो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को वॉक ओवर, गठबंधन से प्रत्याशी नहीं

■ इस सीट पर 1989 से भाजपा का दबदबा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एक बार फिर मैदान में हैं। कांग्रेस ने यादव वोटों की बहुलता देखते हुए यह सीट गठबंधन के सहयोगी दल सपा को दी थी, लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद हो जाने से अब इंडी गठबंधन को फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति को समर्थन देना पड़ा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को वॉक ओवर मिल गया है। जानकार यहां चुनाव एकतरफा मान रहे हैं।



### सतना : रोचक त्रिकोणीय मुकाबला बढ़ा रहा भाजपा सांसद की मुश्किल

■ यहां मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा सांसद गणेश सिंह के सामने कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को उतारा है। बसपा से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने गणेश सिंह को हराया था। अब फिर दोनों आमने-सामने हैं। बसपा प्रत्याशी कैडर और ब्राह्मण वोटों के सहारे हैं। कुर्मी वोट गणेश सिंह और कुशवाहा वोट सिद्धार्थ में बंट सकते हैं, जिनकी हिस्सेदारी लगभग बराबर है। ऐसे में 22 फीसदी ब्राह्मण वोट निर्णायक होंगे।

### दमोह: लोधी बनाम लोधी की रोचक लड़ाई

यहां दो पूर्व विधायकों के बीच जंग है। भाजपा ने हाल ही में कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राहुल लोधी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी को मुकाबले में उतारा है। इस सीट पर लोधी वोटर निर्णायक माना जाता है। ऐसे में लोधी बनाम लोधी की टक्कर दिलचस्प हो गई है।



विधानसभा चुनाव मंन भाजपा ने जिले में बढ़िया प्रदर्शन किया था। भाजपा मोदी का चेहरे और गारंटी पर वोट मांग रही है। पार्टी के जयंत मलैया और प्रहलाद पटेल गुट एकजुट होकर बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा उछाल रहे हैं, जवाब में कांग्रेस बिकाऊ के मुकाबले टिकाऊ का नारा देकर चुनाव लड़ रही है।

### रीवा: कांटे की टक्कर में ब्राह्मण वोटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मचा है घमासान

यहां जनार्दन मिश्रा भाजपा के टिकट पर तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने विधायक अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को मुकाबले में उतारा है। जानकार दोनों के बीच कांटे की टक्कर मान रहे हैं। इस सीट पर जीत के लिए भाजपा ने पूरा अभियान मोदी के चेहरे पर केंद्रित कर रखा है, जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उठा रही है। यहां ब्राह्मण वोटों पर घमासान मचा है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,648.62 | 22,336.40 |
| तेजी | 560.29 | 189.40 |
| प्रतिशत में | 0.77 | 0.86 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी** : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर** : शिवालिक--985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55900-56100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |
| सोना रवा | 75,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,700 |
| चांदी (999) | 83,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74300 |
| सिल्वर (पक्की) | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,400 |
| चांदी आभूषण | 83,300 |

## कानपुर मंडी

गेहूँ दड़ा 2300-2400, आर.आर.21 2450-2500, गेहूँफारम 2550-2600, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़दहरा 11000 -11800,उड़दकाला 6000 -8000, मूँग 8500 -8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 5050-5150, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500- 13000, उड़द धोवा 10700-13250, मूँग दाल 9500 -10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01. 8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02. 6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, लाही 4900-5000, अलसी4500 -4600

# सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

### एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।



सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

#### भू-राजनीतिक तनाव कम होने से बदला बाजार का रुख

एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया के तनाव में कुछ राहत मिलने से भारतीय बाजार ने पिछले शुक्रवार के सुधारात्मक रुख को जारी रखा। मझोली और छोटी कंपनियों के प्रति नए सिरे से रुझान बढ़ने से पुनरुद्धार सभी क्षेत्रों में देखा गया। कच्चे तेल की कीमतों में कुछ राहत दिखी है लेकिन अभी भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरकर 86.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

**नई दिल्ली।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

# सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा**

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

# आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश



कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

## टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एंड डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।

# भारत के लिए 7% की वृद्धि दर को बनाए रख पाना संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **विनिर्माण व बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से आर्थिक वृद्धि दर 8% रहने की संभावना**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने की संभावना है।

भिडे ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक परिवेश है। वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा।



## एक नजर

### उत्तरी दिल्ली में गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि मलिक 2017 में हुई लूट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में शामिल था। हमने जांच के लिए छह टीम गठित की हैं। तरुण के पुलिस रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर कार्रवाई की। एजेंसी 2022 में दर्ज किए गए मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में संदिग्ध लोग द रेसिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा है। लश्कर और टीआरएफ दो प्रतिबंधित संगठन हैं और ये संगठन कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार उकसाने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संगठन युवाओं को बहला-फुसला कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार करते हैं और ये संगठन ट्विटर, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय हैं।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से गड़िया (18) की मौत हो गई। पटेलपारा मुतवेंडी गांव का रहने वाला गड़िया 20 अप्रैल को मुतवेंडी गांव से तीन किमी दूर किसी काम से गया था कि तभी वह नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।

### पंजाब पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की के साथ अंतर्राज्यीय हथियार कार्टेल चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 मैगजीन बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि आरोपी मलकीत सिंह उर्फ नवाब गोपी घनशामपुरिया और हैरी चट्ठा गिरोह का सहयोगी और सदस्य है। नवाब के खिलाफ पहले से ही लगभग 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और गिरोह से अब तक लगभग 100 अवैध हथियार बरामद किये गये हैं।

# बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए 2016 की भर्ती परीक्षा रद

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया से हुई नियुक्तियों को अमान्य करार दिया

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई नियुक्तियों को रद करते हुए सोमवार को इसे अमान्य करार दे दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि 25,753 नियुक्ति पत्र जारी हुए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को रद कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद



- **24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा और 25,753 नियुक्ति पत्र किए गए थे जारी**

उसके परिसर के बाहर इंतजार कर रहे सैकड़ों आकांक्षी खुशी में रो पड़े। उनमें से एक ने कहा कि हम इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सड़कों पर किए संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं तथा अपीलों पर सुनवाई की। सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने एसएलएसटी-2016 में बैठे लेकिन नौकरी न पाने वाले अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था।

#### पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता के इस्तीफे की मांग की



**तामलुक।** हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। गंगोपाध्याय ने कहा कि राज्य प्रशासन में घोटाला करने वाले पूरे समूह को फांसी दे देनी चाहिए।

#### उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे: ममता बनर्जी



**रायगंज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं नियुक्तियों को रद करने के हाईकोर्ट के आदेश को अवैध करार देते हुए कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में चुनावी रैली में भाजपा पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया।

# धुएं से लोगों को सांस लेने में हो रही है दिक्कत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले जहरीले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की। भीषण आग लगने के कुछ घंटों बाद भी सोमवार को धुएं का गुबार उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं।

#### लैंडफिल में आग

**पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी**

दिल्ली सरकार ने आग की वजहों और गर्मियों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजना पर पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट देने का सोमवार को निर्देश दिया। राय द्वारा जारी आदेश में पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

**घटना की जांच होगी: आतिशी**

आतिशी ने कहा कि लैंडफिल साइट में लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने साइट का दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा करेंगी। दमकल की गाड़ियां रात भर घटनास्थल रहीं और आग पर काबू पा लिया है।

**पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**

घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मणिपुर के 11 केंद्रों पर पुनर्मतदान में हुए 37.54 प्रतिशत मतदान

**इंफाल, एजेंसी**

- **शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति के कारण इन केंद्रों पर मतदान हुआ था प्रभावित**
- **आयोग ने 19 अप्रैल को मतदान अमान्य घोषित कर पुन: कराने का दिया था निर्देश**

इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पूर्वाह्न 11 बजे तक हुए पुनर्मतदान में 37.54 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर कराए गए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद आयोग के निर्देश के बाद नये सिरे से इन केंद्रों पर मतदान कराने का निर्णय लिया गया।

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि सभी 11 केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए सुबह से ही कतार में खड़े हुए हैं। शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति से इन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रभावित हुआ था। सोमवार को अब तक किसी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा होने की सूचना नहीं मिली है। वहीं इन केंद्रों पर पुनर्मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ।

संघर्ष ग्रस्त मणिपुर में कुछ मतदान केंद्रों पर गोलीबारी, तोड़-फोड़, ईवीएम को नष्ट करने और बूथ पर कब्जा करने के आरोपों की घटनाएं सामने आईं थी। शुक्रवार को इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। वहीं इन घटनाओं के निर्वाचन आयोग ने इन केंद्रों पर दोबारा से मतदान कराने का निर्देश राज्य निर्वाचन अधिकारी को दिया था।

#### अरुणाचल में आठ केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश

**ईटानगर।** निर्वाचन आयोग ने अरुणााचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुन: मतदान कराने का आदेश दिया है जहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराये लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आयी थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने कहा कि आयोग के रविवार के आदेश में इन आठ केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित किया और 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया।

## झारखंड के प. सिंहभूम में 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले प. सिंहभूम जिले में प्रशासन ने 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया है। माओवाद प्रभावित सिंहभूम जिले में 13 मई को मतदान होगा। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि चुनाव से पहले सघन अभियान शुरू कर 2162 किग्रा चूरापोस्त (मादक पदार्थ) जब्त किया है। एसपी आशुतोष शेखर के साथ चौधरी ने मादक पदार्थ एवं अवैध धन के प्रसार पर रोक लगाने के लिए अभियान की अगुवाई की। वाम चरमपंथ से प्रभावित जिलों में पिछले साल 46 माओवादी घटनाओं में 22 लोगों की जान गयी थी।

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नेहा हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**धारवाड़ (कर्नाटक), एजेंसी**

कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू मृतक छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए अपने ही समुदाय के आरोपी फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया।

हिरेमथ के परिवार के साथ एकजुटता दिखाने और इस नृशंस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा हिरेमथ को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में मुस्लिम छात्रों ने भी बैनर और तख्तियां लेकर शहर में एक मार्च निकाला, जिन पर लिखा था, एक मनुष्य की हत्या मानवता की हत्या के बराबर है और छात्राओं का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। चूंकि भाजपा भी नेहा हत्याकांड के खिलाफ अपने राज्यव्यापी विरोध के तहत शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए इस दौरान आरक्षित पुलिस बलों की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

**बेलगावी, एजेंसी**

- **कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें**

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

#### कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।

# अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड हमें रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

# भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

**लंदन।** भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

# पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

*सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।*



- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

## जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

## इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

## एक नजर



### मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

**मंगलुरु।** कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी-देवता खुश हो जाते हैं।

### श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

### चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में तीन जर्मन गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने और सेना की ओर से संभावित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी की जानकारी भेजने के संदेह में सोमवार को तीन जर्मन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अभियोजकों ने बताया कि तीन जर्मन नागरिकों पर जून 2022 से कुछ समय पहले से चीनी खुफिया विभाग के लिए काम करने का आरोप है। उन पर जर्मन निर्यात कानूनों का उल्लंघन करने का भी संदेह है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि कि जर्मनी गोपनीयता कानूनों की वजह से संदिग्धों में से एक की पहचान केवल थॉमस आर के रूप में की गई है जो कथित तौर पर चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी का एजेंट था।

### वकीलों का आरोप- डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दौरान तोड़ा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन इससे पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के ट्रंप के खिलाफ कोर्ट में गुप्त धन से संबंधित मामले में सुनवाई हो रही है। ट्रंप पर इस तरह का पहला आपराधिक मुकदमा चल रहा है। सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू कोलांगलो ने बताया कि ये पूरी तरह से साजिश और धोखेबाजी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार करने के लिए एक आपराधिक योजना बनाई।

# सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी: राजनाथ

## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।



सोमवार को सियाचिन के बेस कैंप में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सैनिक।

### माइनस 40 डिग्री में रह रहे सैनिक

13 अप्रैल को बैसाखी के दिन पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेशन शुरू हुआ। इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती पाक सेना नहीं, बल्कि वहां का माइनस 40 डिग्री तापमान था। यहां ऑक्सीजन की कमी और बर्फीली हवाएं जान लेने पर उतारू थीं, लेकिन सेना के जवानों की हिम्मत के आगे वो भी नहीं टिक सकीं।

### ऐसे सियाचिन को किया गया सुरक्षित

इसके बाद भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे-जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया गया।

# सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है।



इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।

# आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईरान-पाक सहमत



पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ मौजूद पीएम शहबाज शरीफ।

इस्लामाबाद, एजेंसी

- इजराइल से तनाव के बीच ईरान आपसी व्यापार बढ़ाएगा

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख के रूप में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पड़ोसियों ने कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जैसे को तैसा हवाई हमले किए जाने के महीनों बाद आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

राज्य संचालित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को पीएम शहबाज और ईरानी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार बढ़ाने पर चर्चा की।

संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान के बीच वर्तमान व्यापार संतोषजनक नहीं है, पहले कदम के रूप में हमने इसे बढ़ाकर 10 अरब डॉलर करने का निश्चय किया है। शहबाज ने कहा कि विवाद की चुनौतियों के बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच संधि को मजबूत करना होगा। शहबाज ने रायसी को राजनीतिक बुद्धिमत्ता और विवेक का महासागर बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में ईरान आगे बढ़ेगा।

## रथ खींचने की मची होड़



**मदुरै :** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर-महादेव, कदंबवन सुंदर - महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

# उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, 10 सीटें जीती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए थे, जिनमें सबसे ज्यादा नवाज को सीट मिलीं हैं।

# मिथुन, उषा समेत 67 हस्तियां सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है।

आज के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

# पाकिस्तानी संसद में घुसा जूता चोर, 20 जोड़ी गायब

इस्लामाबाद, एजेंसी



आर्थिक संकट से परेशान पाकिस्तान में लोग मूलभूत चीजों के लिए जूझ रहे हैं। देश गरीबी में इतना डूब चुका है कि चोर भी जूते चुराने तक मजबूर हो चुके हैं और भी किसी मामूली जगह से नहीं बल्कि पाकिस्तान के संसद में ही डाका डाल रहे हैं। जहां पाकिस्तान के नेता, सांसद और पत्रकार बिना जूते के नजर आए। इस चोरी के बाद स्पीकर को इस मामले में दखल देना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान संसद की पवित्रता एक असामान्य घटना से भंग हो गई क्योंकि चोर सुरक्षा को पार करने में कामयाब रहे। इस घटना के बाद वहां मौजूद अधिकारी और पत्रकार हैरान रह गए जब वह नंगे पैर घर जाने के लिए मजबूर हुए। यह घटना संसद भवन के भीतर एक मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के दौरान सामने आई, जहां नेशनल असेंबली के सदस्य, पत्रकार और संसदीय कर्मचारी सहित श्रद्धालु एकत्र हुए थे। मस्जिद के दरवाजे से 20 जोड़ी से अधिक जूते लेकर फरार हो गए। नेशनल असेंबली स्पीकर ने तुरंत मामले की गहन जांच के आदेश के 4 दिन बाद भी चोर फरार है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पीकर के निर्देशों के अनुपालन में, संयुक्त सचिव प्रशासन और सार्जेंट एट आर्म्स को घटना की जांच करने का काम सौंपा गया है।

**विज्ञान** हर वर्ष की तरह 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी उल्कावृष्टि

# लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके मंगलवार रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है। हालाकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा।

बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं।

चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं। अधिकांश उल्कापात किसी गुजरते धूमकेतु के मलबे के कारण होते हैं। लिरिड्स उल्कापात धूमकेतु थैचर के छोड़े गए मलवे के कारण होती है।



नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (फाइल फोटो)

### एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है। नगरीय क्षेत्रों में प्रकाश प्रदूषण के कारण एस्ट्रोटूरिज्म की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

इस्लामाबाद, एजेंसी

- विकास कार्यों के लिए चीनी कंपनियों के मालिकों से करेंगे मुलाकात

तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद 74 वर्षीय शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। पार्टी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीफ की यात्रा निजी है और यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा। सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंजाब प्रांत के विकास कार्यों से संबंधित बैठकें भी करेंगे और चीनी कंपनियों के मालिकों से भी मुलाकात करेंगे।



पीएमएल-एन नेता को नवंबर 2019 में एक उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर विदेश जाने की अनुमति दी थी, क्योंकि उनकी मेडिकल रिपोर्ट से पता चला था कि उन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है। वह चार साल के आत्म-निर्वासन में रहने के बाद पिछले साल अक्टूबर में लंदन से पाकिस्तान लौटे थे।